राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 वामिका गब्बी के हाथ लगी ऋषभ...



डिंपल यादव का भाजपा पर हमला, कहा ... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 14 अगस्त 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 158, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### लेह में भूकंप के तेज झटके, 5.5 रही तीव्रता,10 किलोमीटर की गहराई पर था केंद्र

**लेह (आरएनएस)।** लेह में गुरुवार सुबह 6:05 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.5 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र जमीन से सिर्फ 10 किलोमीटर नीचे था और इसका केंद्र बिंदु 36.881 डिग्री नॉर्थ, 74.402 डिग्री ईस्ट पर दर्ज किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने 'एक्स' पोस्ट के जरिए बताया कि फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान




की कोई खबर नहीं है। उथला भूकंप होने के कारण झटके काफी तेज महसूस किए गए। उथला भूकंप वह भूकंप है जिसका उद्गम केंद्र पृथ्वी की सतह से 0 से 70 किलोमीटर की गहराई के भीतर होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार भूकंप पृथ्वी की सतह से लेकर 700 किलोमीटर तक की गहराई में आ सकते हैं। यूएसजीएस के आंकड़ों के मुताबिक इस पूरी रेंज को तीन हिस्सों में बांटा गया है, जिमसें उथला, मध्यम और गहरा भूकंप शामिल हैं। उथले भूकंप आमतौर पर ज्यादा खतरनाक माने जाते हैं। इसकी वजह यह है कि इनमें भूकंपीय तरंगों को सतह तक पहुंचने में कम दूरी तय करनी पड़ती है। इससे जमीन ज्यादा जोर से कांपती है और इमारतों को नुकसान पहुंचने और जानमाल की हानि की आशंका बढ़ जाती है।

इससे पहले 5 अगस्त 2026 को दोपहर 3:36 बजे अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले में भी भूकंप आया था। इसकी तीव्रता 5.4 मापी गई थी। उस भूकंप का केंद्र 29.008 डिग्री नॉर्थ, 94.739 डिग्री ईस्ट पर था और गहराई 17 किलोमीटर थी। मुख्य झटके से 5 मिनट पहले 3.6 तीव्रता का एक फोरशॉक भी आया था। मुख्य भूकंप के दो घंटे के भीतर केंद्र के उत्तर में 5.1 तीव्रता का एक बड़ा आफ्टरशॉक और कई छोटे झटके भी दर्ज किए गए थे। उस भूकंप का केंद्र डिब्रूगढ़ (असम से लगभग 171 किमी उत्तर, चांगलांग, अरुणाचल प्रदेश से 233 किमी उत्तर-पश्चिम, ईटानगर से 241 किमी उत्तर-पूर्व, जोरहाट, असम से 256 किमी उत्तर और मोकोकचुंग, नागालैंड से 299 किमी उत्तर में था। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन के निदेर्शों का पालन करें।

### दंगा मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने सभी 13 आरोपियों को किया बरी, पुलिस की जांच पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वर्ष 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए भीषण दंगों से जुड़े एक अहम मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। अदालत ने सबूतों के भारी अभाव और पुलिस की जांच प्रक्रिया में कई खामियों को आधार बनाते हुए सभी 13 आरोपियों को बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह की अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों को ठोस सबूतों के साथ साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है।

साजिश साबित करने में नाकाम रही पुलिस

इस मामले में अभियोजन पक्ष का मुख्य आरोप था कि दिल्ली दंगों के दौरान हिंदुओं को निशाना बनाने के लिए एक सोची-समझी साजिश रची गई थी। हालांकि, अदालत ने कहा कि पुलिस यह साबित ही नहीं कर पाई कि यह कथित साजिश कब, कहां और कैसे रची गई और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका थी। अदालत ने मोहम्मद जावेद और शाहजाद खान की निशानदेही पर यमुना नदी से तलवार और भाला बरामद होने के दावे को भी नाकाफी माना। कोर्ट ने टिप्पणी की कि केवल हथियारों की बरामदगी से किसी साजिश का अस्तित्व साबित नहीं होता, खासकर तब जब पुलिस उन हथियारों का सीधा संबंध घटना में हुए इस्तेमाल से न जोड़ पाई हो।

**भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया में भी मिलीं खामियां**

ठोस सबूतों की कमी के साथ-साथ पुलिस की कानूनी प्रक्रिया में भी भारी लापरवाही सामने आई। मामले में आठ आरोपियों को उद्घोषित अपराधी (भगोड़ा) घोषित किया गया था, लेकिन अदालत ने पाया कि पुलिस ने कानून के तहत जरूरी तीन चरणों की प्रक्रिया का सही तरीके से पालन ही नहीं किया। न तो आरोपियों के घर पर उद्घोषणा पढ़कर सुनाई गई और न ही उसे चस्पा करने के पर्याप्त साक्ष्य अदालत में पेश किए गए। इसके अलावा, घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज भी इतनी धुंधली थी कि उसमें किसी भी आरोपी की स्पष्ट पहचान नहीं हो सकी और गवाहों के बयानों में भी काफी विरोधाभास देखने को मिला।

# लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, हंगामे के बीच मानसून सत्र में कई अहम बिल हुए पास

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद का मानसून सत्र इस बार हंगामे की भेंट चढ़ गया। गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही मानसून सत्र का समापन हुआ।

गुरुवार को सुबह 11 बजे राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के साथ लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई। राष्ट्रगीत के सभी छह पद बजाए गए। इस दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सदन में मौजूद रहे। राष्ट्रगीत के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इस बार स्पीकर ओम बिरला ने



सत्र के दौरान लोकसभा के कामकाज और उत्पादकता का ब्यौरा देने वाला पारंपरिक समापन भाषण भी नहीं पढ़ा।

गौरतलब है कि इस बार पूरे सत्र में राम मंदिर के चढ़ावे में कथित तौर पर गबन और नीट पेपर लीक के मुद्दे पर हंगामा जारी रहा। विपक्ष ने नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई का भी विरोध किया। साथ ही, विपक्ष ने सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी नहीं होने पर सवाल उठाए और छात्रों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई पर सरकार का जवाब मांगा। उधर, लोकसभा में विपक्ष के लगातार हंगामे के बीच सरकार कई अहम बिल पास कराने में सफल हुई। कुछ बिल विपक्ष के सदस्यों की ओर से चर्चा में हिस्सा नहीं होने पर बिना किसी बहस के लोकसभा से पास हुए।

मानसून सत्र में लोकसभा से पारित होने वाले विधेयकों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, केरल राज्य का नाम आधिकारिक रूप से बदलकर 'केरलम' करने वाले केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, कराधान और अन्य विधियां (संशोधन) विधेयक शामिल रहे।वहीं, लोकसभा ने बुधवार को विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक (एफसीआरए), 2026 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) भेजने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया।

## कैश कांड में जस्टिस यशवंत वर्मा दोषी करार, शीतकालीन सत्र में आ सकता है महाभियोग प्रस्ताव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित एक संसदीय समिति ने पूर्व



दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से नकदी मिलने के मामले में उन्हें जिम्मेदार ठहराया है। समिति ने निष्कर्ष निकाला कि पूर्व दिल्ली हाईकोर्ट के जज आवास में मिले पैसों की मौजूदगी का संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहे।

बुधवार को संसद में पेश की गई समिति की रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली के 30, तुगलक क्रिसेंट स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास के एक स्टोररूम में 500 रुपए के नोटों की बड़ी मात्रा बरामद हुई थी, जिनके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकी। यह मामला तब सामने आया था, जब 14 मार्च 2025 की रात उनके आवास पर आग लगी थी। आग बुझाने पहुंचे दमकलकर्मियों को स्टोररूम में बड़ी मात्रा में आंशिक रूप से जले हुए नकदी के बंडल मिले थे।

# लाल किला ब्लास्ट के पीछे अलकायदा का हाथ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास नवंबर 2025 में हुए भीषण बम धमाके को लेकर एक बेहद सनसनीखेज खुलासा हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की निगरानी संस्था की ताजा रिपोर्ट में इस जानलेवा आतंकी हमले के लिए खूंखार आतंकी संगठन 'अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' को जिम्मेदार ठहराया गया है। यूएन की इस रिपोर्ट

**यूएन की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा; 11 बेगुनाह लोगों की हुई थी मौत**

से भारत में चल रही लाल किला ब्लास्ट की जांच को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी पुष्टि मिली है और यह साफ हो गया है कि इस हमले के तार सीमा पार बैठे बड़े आतंकी आकाओं से जुड़े हुए थे।

छोटी-छोटी आतंकी इकाइयों में बंटा एक्यूआईएस संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में बताया है कि आतंकी संगठन एक्यूआईएस अब अपनी



रणनीति बदल रहा है। यह अब एक बिखरे हुए गुट की जगह पूरी तरह से एक विकेंद्रीकृत नेटवर्क बन चुका है, जो भारतीय उपमहाद्वीप में छोटी-छोटी आतंकी इकाइयों (स्लीपर सेल्स) के जरिए छिपकर काम कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी गहरी चिंता जताई गई है कि इस संगठन के आतंकी अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में फर्जी अफगानी पहचान-पत्रों की आड़ में सुरक्षित पनाह लिए हुए हैं और बांग्लादेश में भी तेजी से अपने ऑपरेशन्स का विस्तार कर रहे हैं।

**बायोलॉजिकल हथियार और क्रिप्टो करेंसी पर आतंकियों की नजर**

यूएन ने अपनी इस हालिया रिपोर्ट में पूरी दुनिया के लिए एक खौफनाक चेतावनी भी जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे वैश्विक आतंकी समूह अब केमिकल और बायोलॉजिकल हथियार हासिल करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं, जो भविष्य में भारी तबाही का कारण बन सकता है। इसके अलावा, आतंकी संगठन हवाला से आगे बढ़कर अब अपनी फंडिंग के लिए डिजिटल करेंसी (क्रिप्टो करेंसी) का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की निगरानी टीम ने कड़ा सुझाव दिया है कि जिन क्रिप्टोकरेंसी एड्रेस का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों की फंडिंग के लिए हो रहा है, उन पर भी कड़े यूएन प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए।

## शौर्य चक्र विजेता की विधवा ने पेंशन के लिए 26 साल किया संघर्ष, सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद मिला इंसाफ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकारी सिस्टम की लेटलतीफी और संवेदनहीनता कभी-कभी उन परिवारों को भी नहीं बख्शती, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया हो। इसका एक ताजा और दिल दहला देने वाला उदाहरण शौर्य चक्र विजेता शहीद मोहन सिंह की विधवा का 26 साल लंबा संघर्ष है। देश के लिए जान कुर्बान करने वाले पति की 'स्पेशल फैमिली पेंशन' पाने के लिए एक पत्नी को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ीं। आखिरकार, 26 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद जब सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया, तब जाकर शहीद की विधवा को उनका हक मिल सका।

**देश की खातिर दे दी थी जान, मिला था शौर्य चक्र**

जनरल रिजर्व इंजीनियरिंग फोर्स में ओवरसियर के पद पर तैनात मोहन सिंह सीमा पर एक बेहद अहम सड़क निर्माण कार्य के इंचार्ज थे। 10 जुलाई 2000 को जब वह अपनी टीम के साथ काम कर रहे थे, तभी अचानक पहाड़ी से भारी



मलबे के साथ एक बड़ा पत्थर नीचे गिरने लगा। खतरे को भांपते हुए मोहन सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित वहां से हटा दिया, लेकिन वह खुद उस मलबे की चपेट में आ गए और वीरगति को प्राप्त हुए। उनके इस अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान के लिए केंद्र सरकार ने साल 2001 में उन्हें मरणोपरांत प्रतिष्ठित 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया था।

## अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला, कहा- महिलाओं के हक का 96 प्रतिशत पैसा डकार गई सरकार, अब चुनाव से पहले 20 हजार का जुमला

**लखनऊ (आरएनएस )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए धनबल का सहारा लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास चुनाव जीतने के लिए पैसे के अलावा कुछ नहीं बचा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जिस पैसे को चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल करना चाहती है, उसे उत्तर प्रदेश की धार्मिक और जागरूक महिलाएं स्वीकार नहीं करेंगी। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाएं सवाल कर रही हैं कि जिन राज्यों में महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की घोषणा कर भाजपा ने चुनाव जीते, वहां अब एक तरफ पैसा देने में आनाकानी की जा रही है और दूसरी तरफ महिलाओं से पैसा वापस मांगा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो महिलाएं पैसा वापस नहीं कर पा रही हैं, उनके खिलाफ थाने-कचहरी, पुलिस और मुकदमों की कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आज महिलाओं को हर साल 50 हजार रुपये देने की बात कर रही है, लेकिन यदि यह योजना



लागू करनी थी तो पिछले दस वर्षों में भी महिलाओं को यह राशि दी जा सकती थी। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की महिलाओं के हक और अधिकार के हजारों करोड़ रुपये अपने प्रचार पर खर्च कर दिए।

## सरकारी सेवाएं होंगी और आसान, नीति आयोग और 'भाषिणी' ने मिलाया हाथ, अब आपकी अपनी भाषा में मिलेगी हर जानकारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार मल्टीलिंगुअल और वॉयस-फर्स्ट एआई तकनीक पर काम कर रही है ताकि शासन और सार्वजनिक सेवाएं ज्यादा समावेशी और आसान बन सकें।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, इस लक्ष्य के लिए डिजिटल इंडिया 'भाषिणी' डिवीजन डीआईबीडी और नीति आयोग ने भाषिणी फॉर सेवा/संचालन पहल के तहत एक घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस साझेदारी का मकसद 'भाषिणी' के मल्टीलिंगुअल एआई इकोसिस्टम का इस्तेमाल करके शासन को ज्यादा समावेशी और सुलभ बनाना है। इसके लिए नीति आयोग के डिजिटल प्लेटफॉर्म और सेवाओं में एआई आधारित भाषा तकनीकों को जोड़ा जाएगा।

सरकारी बयान में कहा गया, यह साझेदारी नागरिकों को उनकी पसंदीदा भारतीय भाषाओं में सरकारी जानकारी और सेवाओं तक पहुंच दिलाएगी। इससे सरकार और नागरिकों के बीच संवाद मजबूत होगा और सार्वजनिक सेवा वितरण में बहुभाषी संचालन को बढ़ावा मिलेगा। इस साझेदारी के तहत 'भाषिणी' के




भाषा अनुवाद एपीआई और रेफरेंस एप्लीकेशन के जरिए नीति आयोग की सेवाओं तक बहुभाषी पहुंच आसान होगी। इसके साथ ही अनुवाद मॉडल के विकास और लगातार सुधार में मदद मिलेगी। भाषा तकनीकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म, डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम और संचार वर्कफ्लो में भी जोड़ा जाएगा।

इस इको सिस्टम का एक अहम हिस्सा 'स्मृति' है। इसका पूरा नाम सिस्टम फॉर मीटिंग रिकॉर्डिंग, इनफॉर्मेशन एंड ट्रांसक्रिप्शन इंटरफेस है। इसे 'भाषिणी' के साथ मिलकर विकसित किया गया है। 'स्मृति' बैठक के मिनट्स को अपने आप तैयार करेगा और उनका बहुभाषी अनुवाद भी करेगा। इससे सरकारी कामकाज की दक्षता बढ़ेगी और अंतिम व्यक्ति तक शासन ज्यादा समावेशी बनेगा।

यह सहयोग नीति आयोग के 'नीति तारा' यानी टूलकिट फॉर एनालिसिस, रिव्यू एंड एक्शन पर भी आधारित है। 'नीति तारा' डेटा को जमीनी स्तर पर कार्रवाई में बदल रहा है। अब तक देशभर में 200 से ज्यादा क्षमता निर्माण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

**जताया दुःख** | यह हादसा चिराग नगर के अशोक नगर इलाके में गौसिया चाल में सुबह करीब 3:48 बजे हुआ

# मुंबई में भारी बारिश से रिहायशी इलाके में भूस्खलन से 7 लोगों की मौत, सीएम फडणवीस ने जताया दुख

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के घाटकोपर में लगातार भारी बारिश के बाद बुधवार को एक रिहायशी इलाके में जबरदस्त भूस्खलन हुआ, जिसमें तीन बच्चों समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

यह हादसा चिराग नगर के अशोक नगर इलाके में गौसिया चाल में सुबह करीब 3:48 बजे हुआ। यह हादसा उस समय हुआ, जब लोग अपने घरों में आराम से सो रहे थे। तभी पास की पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया, जिससे कीचड़, बड़े पत्थर और मलबा दो-तीन कतार वाले घरों पर गिर गया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट में कहा कि घाटकोपर के साकीनाका गौसिया चाल इलाके में भूस्खलन से हुए हादसे की खबर बेहद दुखद है। पता चला है कि इस हादसे में कुछ लोगों की जान चली गई है, और हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं। रात भर लगातार भारी बारिश के कारण पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया, जिससे घरों पर भूस्खलन हुआ और कुछ लोग मलबे के नीचे दब गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उन्हें जरूरी इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम अधिकारियों ने पुष्टि की कि सात पीड़ितों को घाटकोपर के नगर निगम द्वारा संचालित राजावाड़ी अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था। मरने वालों की पहचान मोहम्मद समीर अंसारी (14), साहिल हुसैन अब्दुल काजी (19), अबान आरिफ शेख (2), मनत



आरिफ शेख (4), मर्जिना आरिफ शेख (27), विकेत रमेश यादव (27) और एक अज्ञात वयस्क के तौर पर हुई है। चार घायल लोगों सोहेल अंसारी (18), मोहम्मद अंसारी (14), नईमुद्दीन इकबाल खान (28) और साजिद अंसारी (16) को बचाकर कुर्ला के भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ अधिकारियों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। मुंबई फायर ब्रिगेड, नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ), मुंबई पुलिस और बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) के वार्ड स्टाफ की टीमों ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया।

चिराग नगर की बनावट की वजह से बचाव कर्मियों को काम करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गौसिया चाल तक जाने वाले रास्ते बहुत संकरे हैं, जहां से एक बार में सिर्फ एक ही व्यक्ति गुजर सकता है। इस वजह से भारी मशीनरी मलबे वाली जगह तक नहीं पहुंच पाई। बचाव कर्मियों को कंक्रीट के स्लैब और मलबे को हटाने के लिए हाथों से इस्तेमाल होने वाले औजारों और उपकरणों पर निर्भर रहना पड़ा। मुंबई की मेयर रितु तावडे ने राहत कार्यों का जायजा लेने और प्रभावित परिवारों से बातचीत करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। मेयर ने तत्काल वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा की, जिसमें प्रत्येक मृतक के परिजनों को 4,00,000 रुपए की अनुग्रह राशि और प्रत्येक घायल व्यक्ति के चिकित्सा उपचार के लिए 50,000 रुपए की वित्तीय सहायता शामिल है। मुंबई महानगर क्षेत्र में भारी बारिश जारी रहने के कारण नगर निगम ने आसपास के पहाड़ी इलाकों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# काला आम से डी.ए.वी. विद्यालय तक निकली भव्य तिरंगा यात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद बुलन्दशहर में गुरुवार को काला आम चौराहा से डी.ए.वी. विद्यालय तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। यात्रा में शामिल लोगों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रध्वज के सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

काला आम चौराहे से शुरू हुई तिरंगा यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई डी.ए.वी. विद्यालय पहुंची। पूरे मार्ग में लोगों ने यात्रा का





कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। यात्रा में उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग के माननीय राज्य मंत्री श्री सुरेन्द्र दिलेर की विशेष उपस्थिति रही। तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकताओं के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहराते नजर आए। देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा और लोगों में राष्ट्रप्रेम का उत्साह दिखाई दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायकगण, पार्टी के वरिष्ठ उत्साहपूर्वक स्वागत किया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने तथा हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यकताओं ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक करना और देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने का संदेश देना है।

# नवनिर्वाचित छात्र परिषद को सौंपा दायित्व,दिलाई शपथ

## आर के पब्लिक स्कूल में हुआ अलंकरण समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** आर के पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27के लिए छात्र परिषद का गठन किया गया।? नव-निर्वाचित छात्र परिषद सदस्यों को हैड गर्ल याशिका शर्मा ने कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय चेयरमैन शाहिद अली एवं प्रधानाचार्य नगेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।नव निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज और सैशे पहना कर सम्मानित किया गया। हैड गर्ल याशिका शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को अनुशासन बद्ध रहकर ईमानदारी नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भाव के साथ अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। हैड बाय अयान खान ने सभी सदस्यों की ओर से अपने दायित्वों को भली प्रकार पूरा करने का भरोसा दिलाया।

अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने आगंतुक अतिथियों को मोह लिया। मार्च पास्ट मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। प्रधानाचार्य नगेंद्र सिंह ने सभी प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि सच्चा नेतृत्व सेवा अनुशासन ईमानदारी और जिम्मेदारी की भावना से ही विकसित होता है। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# कैंपस कॉलिंग कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और जेंडर संवेदनशीलता पर जागरूकता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** नेशनल कमीशन फॉर विमेन (NCW) की ओर से डी.ए.वी. कॉलेज, बुलंदशहर में कैंपस कॉलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को महिलाओं की सुरक्षा, जेंडर संवेदनशीलता, साइबर सुरक्षा तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण संबंधी POSH एक्ट के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। विद्यार्थियों को नेशनल कमीशन फॉर विमेन की कार्यप्रणाली, विभिन्न पहलों तथा सहायता एवं शिकायत निवारण के लिए उपलब्ध माध्यमों की जानकारी भी दी गई। नेशनल कमीशन फॉर विमेन की चेयरपर्सन श्रीमती विजया के. रहाटकर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक और जेंडर-सेंसिटिव शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और संवेदनशीलता की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के तहत संस्थान, विद्यार्थियों और नेशनल कमीशन फॉर विमेन के बीच संपर्क सेतु के रूप में कार्य करने के लिए पांच कैंपस एंबेसडरों को सम्मानित किया गया। ये कैंपस एंबेसडर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर निरंतर जागरूकता एवं संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम का समापन जेंडर सेंसिटाइजेशन प्लेज के साथ हुआ। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सम्मान, समानता और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई।

# विज्डम वर्ल्ड स्कूल शिकारपुर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हुए रंगारंग कार्यक्रम व छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** क्षेत्र के विज्डम वर्ल्ड स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक संजय जैन, निदेशक नमन जैन एवं प्रधानाचार्य राजकुमार तेवतिया के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।





कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने ह्ययह देश है वीर जवानों काह्न, आर्मी डांस, नैशनल सोंग, ह्यसंदेसे आते हैंह्न, ह्यरंग दे बसंतीह्न, ह्यसुनो गौर से दुनिया वालोंह्न, ह्यदेश रंगीलाह्न, ह्यहम राही हैंह्न, ह्यगूँज रहा है हिंदुस्तानह्न, ह्यतिरंगाह्न तथा ह्यइट हैपंस ओनली इन इंडियाह्न जैसी देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया। दांडी मार्च एवं फ्रीडम स्ट्रगल पर आधारित प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और वीरता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों में रुद्र, टियांश, अद्विक, जेसिका, तान्या, दैविक, लेखांशी, अक्षिता, अंगद, करण, निर्भय, कृष्णा, मान्या, आरव चौधरी, दुष्यंत, शिवांश शर्मा, यथार्थ, काव्या, देवांश, विराट, दीप्ति, युग, वाणी, रूही, ख्याति आदि विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों, जोश एवं आत्मविश्वास ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।कार्यक्रम के अंतर्गत परशुराम चौक से अनाज मंडी तक भव्य रैली का भी आयोजन किया गया। रैली में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों एवं संदेशों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता, स्वतंत्रता एवं देशप्रेम का संदेश दिया। तिरंगे के साथ निकली इस रैली ने क्षेत्रवासियों में भी देशभक्ति की भावना का संचार किया। पूरा विद्यालय परिसर एवं आसपास का वातावरण ह्यभारत माता की जयह्न और ह्यवंदे मातरम्ह्न के जयघोष से गूंज उठा। समारोह ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, एकता एवं देश के प्रति कर्तव्य की भावना को और अधिक मजबूत किया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।

# तिरंगे की शान में निकली छात्राओं की यात्रा, एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में श्री कृष्णा जाजू कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने गुरुवार को देशभक्ति के रंग में सराबोर तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा को उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ती छात्राओं ने नगरवासियों में राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बजरिया, चौराहा, धर्मपुर रोड, महादेव चौराहा और घंटाघर होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। मार्ग में छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। तिरंगे के साथ निकली यात्रा



ने नगर के प्रमुख मार्गों को देशभक्ति के माहौल से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विपिन माहेश्वरी, अध्यक्ष संजीव राठी, प्रधानाचार्या डॉ. नीरज कुमारी, प्रधान लिपिक विलेश चौधरी, प्रवक्ता कमलेश कुमारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस के महत्व, राष्ट्रध्वज के सम्मान और देश के प्रति जिम्मेदारियों का संदेश दिया। यात्रा के दौरान छात्राओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। विद्यालय की ओर से आयोजित यह आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का माध्यम बना।

# नगर के बाजारों में महापुरुषों की ड्रेस व तिरंगो की भरमार, 10 से लेकर एक हजार रुपए तिरंगे की कीमत, खरीदारी शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के आते ही बाजार तिरंगे से पट गए हैं। बाजार में दुकानों पर तिरंगा पट्टी बैच के आदि की विभिन्न वैरायटी पहुंच गई है। जिन्हें खरीदने बच्चे युवा में बुजुर्ग

**सजे बाजार, तिरंगे की बिक्री शुरू स्वतंत्रता दिवस आते ही जागने लगा देश भक्ति का जज्बा**

बाजार में दुकानों पर पहुंच रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस को लेकर नगर के बाजार पूरी तरह से सज गएहै । नगर से लेकर देहात तक में लोग तिरंगे झंडे की खरीदारी कर रहे हैं, खास तौर से स्कूली बच्चों में तिरंगे झंडे को लेकर काफी



उत्साह देखने को मिल रहा है।

बाजारों में तिरंगा झंडा के अलावा तीन रंगों में हेयर बैंड, बैच, बिल्ला और कई तरह के सामानों के साथ इस बार चुन्नी औरलहंगाआकषर्क का केंद्र है। बाजारों में लड़कियों के लिए तिरंगा रंग में लहंगा है तो लड़कों के लिए शर्ट बिक रही हैं। राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए स्कूली छात्र-छात्राएं तिरंगा के साथ अन्य सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। आपको बता दें कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। दोनों ही त्योहारो पर राष्ट्रीय अध्यक्ष फहराया जाता है। 15 अगस्त शनिवार को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। गत वर्ष की तरह इस साल भी हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा की तर्ज पर बाजार में तिरंगा झंडा उपलब्ध है। लोग बढ़ चढ़कर तिरंगा रंग में बने सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। छात्र स्कूल में होने वाले प्रोग्राम के लिए अलग-अलग तरह के सामान खरीद रहे हैं। वहीं छोटे बच्चे, छोटे-छोटे तिरंगा और बैज खरीद रहे हैं। इस समय बाजार में फैशन के अनुसार तिरंगा से बना सामान बिक रहा है।


# छात्रावास से भगत सिंह चौक तक बदहाल मार्ग, बारिश में कीचड़ और जलभराव से बढ़ा हादसों का खतरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर को मेरठ-बदायूं हाईवे से जोड़ने वाले छात्रावास से भगत सिंह चौक तक करीब 120 मीटर लंबे संपर्क मार्ग की

**कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर हो चुके घायल, हजारों छात्र-राहगीर परेशान**

हालत बेहद खराब हो गई है। बारिश के बाद मार्ग पर जगह-जगह कीचड़ और जलभराव होने से राहगीरों तथा वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग में बने गहरे गड्ढे बारिश के पानी में दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे का खतरा बढ़ गया है।



स्थानीय लोगों के अनुसार कई दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। यह मार्ग चौधरी चरण सिंह छात्रावास, मंदिर, तहसील सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों, डिग्री कॉलेज और लॉ कॉलेज को जोड़ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। रानीवाला, खखूड़ा, बरौली, सरगांव, जगदीशपुर और मीरापुर समेत दर्जनों गांवों के लोग भी नगर में आने-जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों को मार्ग की बदहाल स्थिति की जानकारी होने के बावजूद अब तक समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। टीवीएस शोरूम से भगत सिंह चौक तक का हिस्सा भी लंबे समय से खराब पड़ा है।

उद्योग व्यापार मंडल भारत के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग ने नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी से मार्ग की स्थिति को देखते हुए संबंधित ठेकेदार के माध्यम से जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। नगरवासियों ने भी संबंधित अधिकारियों से मार्ग की मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु कराने की मांग की है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

# शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा लखावटी ब्लाक में 75000 बच्चों को दवा का लक्ष्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस शुक्रवार 14अगस्त को मनाया जाएगा। ब्लाक लखावटी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी द्वारा पिचहतर हजार बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी के मैडिकल आफिसर डॉ तहसीन रजा ने बताया कि एक वर्ष से उन्नीस वर्ष तक के बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस लक्ष्य को सभी स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से हर हाल में पूरा किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत सभी सरकारी गैर-सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में एलबेंडाजोल की गोली बच्चों को निशुल्क खिलाई जायेगी।

# भतीजे की मदद करना भारी पड़ गया ताऊ को भतीजे ने ताऊ के बेटे को फंसाया पाक्सो के फर्जी मुकदमे में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद(बुलंदशहर)।** एक ग्रामीण ने अपने भतीजे की बीमार पत्नी के इलाज के लिए दो लाख रुपए की मदद की। लेकिन रुपए

**पीड़ित ताऊ ने लगाई मुख्यमंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की गुहार**

वापसी ना करने की गर्ज में कलयुगी भतीजे ने मददगार ताऊ के लड़के के खिलाफ पाक्सो एक्ट में फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ित ताऊ ने मुख्यमंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराकर फर्जी मुकदमे को खत्म



कराने की गुहार लगाई है।

कमालपुर थाना नरसैना निवासी रामपाल सिंह पुत्र तेजवीर सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत भेजकर अवगत कराया है कि उसने एक वर्ष पूर्व अपने सगे भाई खान चंद के पुत्र राजीव की पत्नी बबली की गंभीर बीमारी के इलाज हेतु दो लाख रुपए दिए। लेकिन उसकी पत्नी इलाज के दौरान चल बसी। उधार दिए गए दो लाख रुपए को वापस ना करने की गरज में उसकी भाभी बिमला ने अपनी पोती के साथ अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए उसके बेटे संजय के खिलाफ पाक्सो एक्ट में झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ित ताऊ ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच पड़ताल कराकर उन्हें झूठे मनघड़ंत मुकदमे से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## उल्लास

## हरियाली तीज को लेकर सजने लगे बाजार, सजी चूड़ी वे साड़ियों की दुकाने

# व्रत रखकर मां पार्वती और भोलेनाथ से सुहाग की कुशलता की कामना करती हैं महिलाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** 15 अगस्त को हरियाली तीज का पर्व उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया

- **महिलाओं ने शुरू की खरीदारी, सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर देख रही भीड़**
- **15 अगस्त को मनाया जाएगा तीज पर्व**
- **बाजारों में मेहंदी के मनमोहक डिजाइन भा रही हरी ,लाल, चूड़ियां ब्रॉस के कंगन**

जाएगा। पर्व को लेकर बाजारों में भी तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। दुकानों पर रंग बिरंगी चूड़ियां वे श्रृंगार के समान के साथ-साथ साड़ियों की दुकानों को भी सजाया गया है। महिलाओं ने भी खरीदारी शुरू कर दी है। कॉस्मेटिक की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही। इस त्यौहार पर महिलाएं एवं युवतियां झूला झूल कर नाच गाना गाकर हर्षोल्लास से मनाते हैं। नगर से लेकर देहात तक के बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ है। हरियाली तीज सजने सवरने का त्यौहार है और इस त्यौहार की मान्यता के चलते महिलाओं में खासा उत्साह रहता है। तीज को लेकर बाजार में लाल हरी चूड़ियां खूब नजर आ रही हैं। हरियाली तीज पर्व 15 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व में 2 दिन का समय शेष बचा है तो महिलाओं ने पर्व को



लेकर खरीदारी शुरू कर दी है। नए वेस्टन के अलावा महिलाएं सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं भी खरीदर रही है। बाजारों में सबसे ज्यादा मेहंदी की बिक्री हो रही है। महिलाएं हाथ पर आकषर्क डिजाइन में मेहंदी रचाने के लिए खरीदारी कर रही हैं। रंग बिरंगी चूड़ियों की भी बिक्री बाजारों में बढी है। हरियाली तीज सौभाग्य का वरदान पाने के लिए किया जाता है। श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाए जाने वाले इस चीज के लिए महिलाओं के बीच में उत्साह दिखाई दिया। मान्यता है की पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर तीज के दिन उन्हें पत्नी स्वीकार किया था, जिसके चलते महिलाएं व्रत रखकर मां पार्वती और भोलेनाथ से सुहाग की कुशलता के लिए कामना करती। खरीदारी करने वालों को बाजार गुलजार किया जा रहा है इसकी पूजा करने के लिए सुहागिनों ने बाजारों से पूजा सामग्री खरीदी। महिलाएं श्रृंगार का सामान खरीदती दिखाई दी। जिसके चलते बाजारों में चल बढ़ गई। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस भी मुस्तैद है।

# जमीयत उलेमा तहसील गढ़मुक्तेश्वर की बैठक में लिए गए अहम फैसले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** गढ़ क्षेत्र के मदरसा सफतुल उलूम, बागड़पुर में गुरुवार को जमीयत उलेमा तहसील गढ़मुक्तेश्वर के अरकान-ए-मुन्तज़िमा व मदऊवीन-ए-खुसूसी की बैठक आयोजित हुई। बैठक का आगाज कारी मुहम्मद कमाल की तिलावत और कारी मुहम्मद उस्मान की नात-ए-पाक से हुआ। बैठक में तंजीमी, दावती, इस्लाही व फलाही गतिविधियों की समीक्षा कर कई अहम फैसले लिए गए।

बैठक में अल्लाह बख़्शपुर, बदरखा, दोताई, सरवरनी, सैना, रतूपुरा, हिम्मतपुर, बाढ़ली और सरावनी यूनिटों की कारगुजारी पेश की गई। जिम्मेदारों ने अपनी-अपनी यूनिट की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में महिलाओं के इज्तिमाआत, दर्स-ए-कुरआन और तंजीमी बैठकों का सिलसिला नियमित रूप से जारी रखने का फैसला किया गया।आसाम के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मौलाना मुहम्मद अय्यूब ने सभी यूनिटों के जिम्मेदारों से अपनी क्षमता के अनुसार राहत एकत्र कर 16 अगस्त तक तहसील जमीयत में जमा कराने की अपील की। कारी शफीक अहमद ने बताया कि तहसील की सद्भावना कमेटी का गठन हो चुका है और जल्द ही बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# 15 अगस्त को महानगर में निकाली जायेगी पंचम अधिवक्ता तिरंगा कार रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद** । बार एसोसिएशन, गाजियाबाद के अधिवक्ताओं द्वारा पूर्व की भांति पंचम अधिवक्ता तिरंगा कार रैली का आयोजन 15 अगस्त, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से कचहरी गेट से किया जा रहा है। रैली का शुभारंभ करने के लिए अधिवक्ता बार अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी, सचिव वरुण त्यागी तथा वरिष्ठ अधिवक्तागण गौतम त्यागी, विकास वशिष्ठ, विष्णु कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर त्यागी, किरण शर्मा आदि द्वारा गाजियाबाद के माननीय जनपद न्यायाधीश, पुलिस कमिश्नर व जिलाधिकारी को आमंत्रण पत्र व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया गया है, जो उनके द्वारा सहर्ष स्वीकार कर लिया गया है । अधिवक्ता विष्णु कुमार गुप्ता- मानवाधिकार कार्यकर्ता ने बताया कि पूर्व से उक्त अधिकारीगण रैली का शुभारंभ करते आये हैं । भारतवर्ष की स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के गौरवशाली अवसर पर वीर शहीदों की याद में उक्त रैली कचहरी गेट से शुरू होकर हापुड़ चुंगी चौराहा से पुराना बस अड्डा फ्लाईओवर से होते हुए ठाकुरद्वारा मंदिर तिराहा, घंटाघर, चौधरी मोड़ से अंबेडकर रोड, कालका गढ़ी चौक, पुराना बस अड्डा, जीडीए के सामने मुख्य मार्ग हापुड़-दिल्ली रोड से होते हुए बाल्मीकि पार्क के बराबर से शहीद स्थल नवयुग मार्केट पर सम्पन्न होगी, जहां समस्त अधिवक्तागण शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे ।

# 18 अगस्त तक समाधान नहीं हुआ तो 24 अगस्त को यमुना प्राधिकरण पर होगी महापंचायत: पवन खटाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा**। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेतृत्व में गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में विशाल बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। सैकड़ों किसान बाइकों पर तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट से शुरू होकर परी चौक होते हुए यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यमुना प्राधिकरण) कार्यालय पहुंची, जहां किसानों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

भाकियू के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता पवन खटाना के नेतृत्व में निकली यात्रा के दौरान किसानों ने राष्ट्रध्वज के सम्मान में वंदे मातरम् के नारे लगाए। यमुना प्राधिकरण कार्यालय पहुंचने पर किसानों ने प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक शाही को गौतमबुद्ध नगर के किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन सौंपने के बाद पवन खटाना ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ज्ञापन में उठाई गई सभी समस्याओं का समाधान 18 अगस्त 2026 तक कर दिया जाता है तो किसान प्राधिकरण अधिकारियों का धन्यवाद करेंगे। यदि निर्धारित समय तक समाधान नहीं हुआ तो 24 अगस्त 2026 को यमुना प्राधिकरण पर विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी। भाकियू के जिला मीडिया प्रभारी सुनील प्रधान ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से सरकार को यह संदेश दिया गया है कि किसान अपनी मांगों को शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से उठाना चाहते हैं। किसानों ने सरकार से तत्काल सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर का भुगतान, आबादी, लीजबैक एवं शिफ्टिंग के लंबित मामलों का निस्तारण, 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड की नीति लागू करने, प्रभावित युवाओं को रोजगार, परिवारों के पुनर्वास, एमएसपी की कानूनी गारंटी तथा किसानों की कर्जमाफी सहित विभिन्न मांगें उठाईं।

इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष रॉबिन नागर, मीडिया प्रभारी सुनील प्रधान, अजीत अधाना, अनित कसाना, सुरेंद्र नागर, मटरू नागर, लाला यादव, राकेश खाजपुर, प्रकाश फौजी, अमित डेढ़ा, जगत प्रधान, ललित चौहान, बेली भाटी, बेगराज प्रधान, भगत सिंह प्रधान, विनोद पंडित, योगेश भाटी, संदीप खटाना, अमित जैलदार, शोभित गुर्जर, सुंदर खटाना, सचिन कसाना, धर्मपाल स्वामी, लाला चौधरी, योगेश रनहैरा, मनीष, बिरजू, संजू नागर, एडवोकेट संदीप चपराना, पवन नागर, प्रदीप नागर, बिल्लू योगी, नंबरदार प्रिंस गैराठी, गुल हसन, भरत, नवनीत खटाना, मोनू शर्मा, मंडी श्याम नागर, अजीत गैराठी, रोहतास चपराना, जगदीश, इंद्रजीत गैराठी, प्रेम चंदीला, चिराग बैसला, राजमल, ऋषि पंडित, सुभाष सलारपुर, भिखारी प्रधान, इंद्रेश चेची सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

भाकियू नेताओं ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को गांव-गांव तक ले जाकर और तेज किया जाएगा।

# हाउस टैक्स विरोधी आंदोलन में बड़ा मोड़, 15 अगस्त को 12 व्यापारियों के आत्मदाह की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- धरना आठवें दिन भी जारी, आयोजक राजकिशोर गुप्ता ने प्रशासन को दी कड़ी चेतावनी
- युवा दिवस पर युवा व्यापारियों से आंदोलन में आगे आने और नेतृत्व संभालने का आह्वान
- स्वतंत्रता दिवस से पहले मांगों पर निर्णय लेने की प्रशासन से अपील

**गाजियाबाद**। नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई वृद्धि के विरोध में नवयुग मार्केट में हाउस टैक्स विरोधी संघर्ष समिति के नेतृत्व में चल रहा व्यापारियों का धरना गुरुवार को आठवें दिन भी जारी रहा। लगातार आठ दिनों से आंदोलन चलने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने पर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

15 अगस्त को 12 व्यापारियों के आत्मदाह की चेतावनी से आंदोलन में आया बड़ा मोड़



धरना स्थल पर आंदोलन के आयोजक राजकिशोर गुप्ता ने प्रशासन को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि व्यापारियों की हाउस टैक्स संबंधी मांगों को स्वीकार नहीं किया गया और बढ़े हुए हाउस टैक्स के संबंध में शीघ्र राहत नहीं दी गई, तो 15 अगस्त को 12 व्यापारी आत्मदाह जैसा अत्यंत कठोर कदम उठाने की घोषणा पर अडिग हैं।

उन्होंने कहा कि व्यापारी पिछले कई दिनों से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को प्रशासन और नगर निगम के सामने रख रहे हैं। लगातार धरना, ज्ञापन और वार्ता के प्रयासों के बावजूद यदि समाधान नहीं निकलता है तो परिस्थितियां बेहद गंभीर हो जाएंगी।

समिति ने प्रशासन से अपील की कि इस चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए 15 अगस्त से पहले तत्काल हस्तक्षेप कर व्यापारियों की मांगों पर ठोस निर्णय लिया जाए और किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**युवा दिवस पर युवा व्यापारियों से आगे आने का आह्वान**

आज युवा दिवस के अवसर पर धरना स्थल से युवा व्यापारियों को आंदोलन में सक्रिय रूप से आगे आने और नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने का आह्वान किया गया।

व्यापारियों ने कहा कि आज की Gen Z युवा पीढ़ी अपनी बात खुलकर रखने, अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने और नेतृत्व करने के लिए जानी जाती है। इसलिए हाउस टैक्स जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर युवा व्यापारियों को भी आगे आकर अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए।

समिति ने कहा कि यह आंदोलन केवल कुछ व्यापारियों का आंदोलन नहीं है, बल्कि शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों से जुड़ा विषय है। आने वाले दिनों में युवा व्यापारियों की भागीदारी बढ़ाकर आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

**अधिकारियों को संदेश–अब युवा शक्ति भी आंदोलनरत होगी**

धरना स्थल से नगर निगम और प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया गया कि अब आंदोलन में युवा व्यापारियों की भागीदारी भी बढ़ेगी।

व्यापारियों ने कहा कि अब युवा शक्ति भी आंदोलनरत होगी और अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेगी।युवा व्यापारियों से विभिन्न बाजारों में संपर्क करने, व्यापारियों को जागरूक करने और आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाने की अपील की गई।

**स्वतंत्रता दिवस से पहले निर्णय ले प्रशासन**

व्यापारियों ने कहा कि 15 अगस्त देश की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रतीक है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर से पहले प्रशासन को हाउस टैक्स के मुद्दे पर सकारात्मक और ठोस निर्णय लेना चाहिए।

समिति ने कहा कि 15 अगस्त से पहले यदि व्यापारियों की मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को अगले चरण में ले जाने की तैयारी पूरी कर ली जाएगी। विभिन्न बाजारों से संपर्क कर बाजार बंद कराने सहित आगे की रणनीति पर सामूहिक निर्णय लिया जाएगा।

**2024 की दरों पर टैक्स लगाने की मांग दोहराई**

हाउस टैक्स विरोधी संघर्ष समिति ने अपनी प्रमुख मांग दोहराते हुए कहा कि बढ़ी हुई दरों की समीक्षा कर वर्ष 2024 में लागू दरों के आधार पर हाउस टैक्स निर्धारित किया जाए।

# पड़ोसी पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)**। अचानक तबीयत बिगड़ने पर चिकित्सकीय जांच के दौरान 15 वर्षीय किशोरी के दो माह की गर्भवती होने का पता चला तो परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। पूछताछ में किशोरी ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर करीब एक वर्ष से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। उसका कहना है कि आरोपी की धमकी के कारण वह घटना की जानकारी परिजनों को नहीं दे सकी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मामला निवाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। किशोरी कक्षा आठ की छात्रा है। परिजनों के अनुसार करीब चार दिन पहले उसकी अचानक तबीयत खराब हुई थी। उसे चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां जांच के दौरान गर्भवती होने की जानकारी मिली। इसके बाद परिजनों ने उससे जानकारी ली तो उसने पड़ोसी 30 वर्षीय सचिन कुमार पर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया। पीड़िता के अनुसार आरोपी पिछले एक वर्ष से उसके साथ दुष्कर्म करता आ रहा था। आरोप है कि वह घटना किसी को बताने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। जिसके चलते वह भयभीत रही और परिजनों को कुछ नहीं बता सकी।

मामले की जानकारी मिलने के बाद परिजन किशोरी को लेकर निवाड़ी थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी सचिन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और उसका बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पप्पू पहलवान के नेतृत्व में शालिमार गार्डन में गूंजा भारत माता की जय का जयघोष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**निकली भव्य तिरंगा यात्रा, सैकड़ों स्कूली बच्चों व क्षेत्रवासियों ने लिया हिस्सा**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। देशभर में चल रहे हर घर तिरंगा 2026 अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शालिमार गार्डन क्षेत्र में भाजपा नेता एवं पूर्व महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

9 से 17 अगस्त तक चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभर में तिरंगा यात्राओं, राष्ट्रभक्ति कार्यक्रमों एवं विभिन्न जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह अभियान विशेष रूप से राष्ट्रीय गीत ह्यवंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के भाव से भी जुड़ा है। इसी राष्ट्रव्यापी अभियान की कड़ी में शालिमार गार्डन में निकली तिरंगा यात्रा ने क्षेत्र में देशभक्ति का उत्साह और उमंग भर दी।तिरंगा यात्रा में सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं, भाजपा कार्यकताओं एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। डी ए वी पब्लिक स्कूल, स्प्रिंगफील्ड पब्लिक स्कूल, एशियन पब्लिक स्कूल ,सेंट एंड्रयूज पब्लिक स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल ,दशमेश पब्लिक स्कूल, दिल्ली ग्लोबल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में भाग लिया। देशभक्ति के नारों और हाथों में लहराते तिरंगे के साथ आगे बढ़ते बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।पूरे यात्रा मार्ग पर ह्यभारत माता की जयह्ण, वंदे मातरम और जय हिंद के जयघोष से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा।



बड़ी संख्या में बच्चों और नागरिकों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति समाज का हर वर्ग पूरी तरह प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह केवल तीन रंगों से बना ध्वज नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों की भावनाओं, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और देश के गौरव का प्रतीक है। ह्यहर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य तिरंगे को केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय के मन और घर तक राष्ट्रभक्ति की भावना को पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि आज तिरंगा यात्रा में जिस प्रकार बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया, वह अत्यंत गौरव का विषय है। देश का भविष्य हमारे बच्चे हैं और यदि बचपन से ही उनमें राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं अपने देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत होगी, तो निश्चित रूप से भारत एक और अधिक सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बनेगा।

# रोजवेल पब्लिक स्कूल, विजयनगर में स्कूली बच्चों को तिरंगा झंडा वितरण किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। बच्चों में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का उत्साह देखने को मिला। नन्हे बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा,,तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। बच्चों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना हम सभी का दायित्व है। आज के ये नन्हे देशभक्त ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। आइए, हर घर तिरंगा फहराकर देश के प्रति अपना सम्मान और समर्पण प्रकट करें। इस अवसर स्कूल के संस्थापक सरदार योगेंद्र सिंह, सरदार बलप्रीत सिंह, विजयनगर मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा शाहिद अनेक पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।





# रश्मि चौधरी के संयोजन में गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में होगा भव्य तीज उत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**महिलाओं के लिए खास लाइफस्टाइल एग्जीबिशन, झूला, मेहंदी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजन की रहेगी धूम**

**गाजियाबाद**। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में हरियाली तीज के अवसर पर रविवार, 16 अगस्त 2026 को भव्य गुलमोहर तीज उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में आयोजित होगा।कार्यक्रम की आयोजक रश्मि चौधरी ने बताया कि तीज महिलाओं के उमंग, उत्साह और आपसी मेल-मिलाप का पर्व है। इसी भावना के साथ महिलाओं के लिए विशेष तीज उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परंपरा के साथ मनोरंजन और खरीदारी का भी संगम देखने को मिलेगा।



उत्सव में महिलाओं के लिए लाइफस्टाइल एग्जीबिशन, विभिन्न स्टॉल, मेहंदी, पारंपरिक झूला, गेम्स और आकर्षक उपहार जैसी गतिविधियां रहेंगी। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। सोसाइटी की पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हुए उन्हें एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे परिवार और सहेलियों के साथ तीज के पर्व का आनंद उठा सकें।

उन्होंने गुलमोहर एन्क्लेव की महिलाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गुलमोहर तीज उत्स को यादगार बनाएं और तीज की खुशियों में शामिल हों।

# दिनेश गोयल एमएलसी द्वारा आयोजित चार दिवसीय भंडारे एवं सेवा का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। बागपत पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित आर के जी पुरा महादेव मंदिर समिति एवं समस्त स्टाफ, अधिकारीगण तथा समाज के सम्मानित सामाजिक व्यक्तियों का भी सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद







धर्मशाला में 8 से 11 अगस्त तक चले चार दिवसीय भंडारे एवं सेवा का विधिवत समापन हुआ। विधायक दिनेश कुमार गोयल ने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त स्टाफ, हलवाई भाइयों, भोजन परोसने वाले सेवाभावी साथियों, सफाई कर्मचारियों, नगर पंचायत दोघट के कर्मचारीगण, आर के जी स्टाफ एवं परिवारजनों का आभार व्यक्त किया।उन्होंने बागपत जिलाधिकारी अस्मिता लाल जी, पुलिस अधीक्षक, सूरज कुमार राय जी, जिला प्रशासन, किया।समापन अवसर पर हलवाई, सफाई कर्मचारी एवं भोजन परोसने वाले सेवाभावी साथियों का पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग एवं समर्पण से कांवड़ियों और शिवभक्तों की सेवा का यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


**मांग** खाना खिलाने से बढ़ रहा पशुओं का जमावड़ा, गौरव बंसल ने जिलाधिकारी और नगर निगम से की कार्रवाई की मांग

# गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के गेट के बाहर आवारा पशुओं का आतंक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद**। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के गेट के बाहर आवारा गायों और बैलों का जमावड़ा लगातार परेशानी और खतरे का कारण बनता जा रहा है। गेट के आसपास बाहर के लोगों के साथ-साथ सोसायटी के कुछ लोगों द्वारा भी पशुओं को खाना खिलाए जाने के कारण बड़ी संख्या में पशु यहां भोजन की उम्मीद में घूमते रहते हैं। इससे सोसायटी में आने-जाने वाले निवासियों, बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।





सोसायटी के बुजुर्ग निवासी दिनेश सिंह ने इस मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गेट के बाहर पशुओं को खाना खिलाने के कारण वे भोजन की उम्मीद में उसी स्थान के आसपास मंडराते रहते हैं। जब उन्हें खाना नहीं मिलता तो कई बार वे चिड़चिड़े और आक्रामक हो जाते हैं तथा सामने आने वाले व्यक्ति पर हमला तक कर सकते हैं।

दिनेश सिंह ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं स्वयं इसका भुगतभोगी हूं। मुझ पर बैल हमला कर चुका है। एक सम्मानित महिला पर भी पशु द्वारा हमला हो चुका है। इसलिए सभी लोग सावधानी बरतें और गेट के आसपास पशुओं को खाना खिलाने से बचें।

उन्होंने कहा कि गेट के बाहर पशुओं को खाना खिलाने से रोकने अथवा ऐसा नहीं करने की अपील करने पर कई बार संबंधित लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। उनका कहना है कि पशुओं के प्रति संवेदनशीलता जरूरी है, लेकिन सोसायटी के मुख्य गेट और सार्वजनिक रास्ते को पशुओं को खाना खिलाने का स्थान बना देने से लोगों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। वहीं, गौरव बंसल ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी एवं नगर निगम को पत्र भेजकर गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के गेट के बाहर घूम रहे आवारा गायों और बैलों को हटाने की मांग की है। उन्होंने अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

गौरव बंसल ने कहा कि सोसायटी के गेट के बाहर बड़ी संख्या में पशुओं का खड़ा रहना किसी भी समय गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को इन पशुओं से खतरा बना रहता है। उन्होंने मांग की कि आवारा पशुओं को सुरक्षित तरीके से हटाने के साथ ऐसी व्यवस्था भी की जाए, जिससे वे दोबारा सोसायटी के प्रवेश द्वार के आसपास जमा न हों। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं को खाना खिलाने से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों एवं स्थानीय प्रशासन के नियमों का पालन किया जाना चाहिए। पशुओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए भी उन्हें सोसायटी के मुख्य गेट और आवागमन वाले स्थान पर भोजन कराने से बचना चाहिए। गौरव बंसल ने सभी निवासियों और बाहर से आने वाले लोगों से अपील की कि गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के गेट के आसपास गाय, बैल अथवा अन्य आवारा पशुओं को खाना न खिलाएं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी न केवल पशुओं बल्कि सोसायटी के निवासियों की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है।

इस समस्या को लेकर सामने आई तस्वीरों में भी सोसायटी के गेट के आसपास बड़ी संख्या में गाय और बैल सड़क पर खड़े दिखाई दे रहे हैं, जिससे रास्ते से गुजरने वाले लोगों और वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# चेकिंग के दौरान बिजली चोरी पकड़ी, मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** विद्युत चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रवर्तन दल अलीगढ़ की टीम ने 12 अगस्त 2026 को चेकिंग अभियान चलाया।

अधिकारियों के निर्देश पर की गई कार्रवाई के दौरान एक उपभोक्ता को मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

के अनुसार, आदित्य पुत्र प्रदीप कुमार, निवासी बौनेर हाईवे तिराहा, गैलेक?सी होटल, थाना महुआखेड़ा, जनपद अलीगढ़ के परिसर में लगे विद्युत मीटर को बाईपास कर बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच में पाया गया कि मीटर को आने वाली इनकमिंग केबल को मीटर बॉक्स के अंदर सीधे आउटगोइंग केबल से जोड़कर मीटर को बाईपास किया गया था।

जांच के दौरान विद्युत चोरी का भार 6317 वाट (लगभग 07 किलोवाट) पाया गया। मामले में विद्युत चोरी निरोधक थाना अलीगढ़ में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

कार्रवाई करने वाली टीम में प्रवर्तन दल प्रभारी अजय सिंह, अवर अभियंता रवि कुमार, उपनिरीक्षक मुनेश कुमार, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, हेड कांस्टेबल श्याम सिंह तथा कांस्टेबल प्रमोद कुमार शामिल रहे।

# तिरंगा कंसर्ट-2026: डीएस डिग्री कॉलेज में हुआ भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें और जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में धर्म समाज डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम में तिरंगा कंसर्ट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। उन्होने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं जनपद वासियों एवं ऑडिटोरियम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को आगामी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

मंत्री जी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व प्रत्येक घर में इस तरह से मनाना चाहिए जिस तरह से अन्य पर्वों जैसे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, दीपावली, होली के त्यौहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की भूमि पर जन्म लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सबसे बड़ा त्यौहार ह्नह्नस्वतंत्रता दिवसह्नह्न होना चाहिए। स्वतंत्र भारत के लिए हमारे देश के बहुत से वीर जवानों ने




अपने प्राणों की आहुति दी है। भारत को विश्व में सोने की चिड़िया के रूप में जाना जाता है बहुत जल्दी भारत को विश्व गुरु के रूप में जाना जाएगा इसके लिए हम सभी को कठिन परिश्रम और कार्य करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को दिए गये अच्छी शिक्षा अच्छे संस्कार देश की उन्नति के लिए सहायक होंगे। अच्छी शिक्षा के माध्यम से हमारे युवा रोजगार व्यवसाय का विश्व में अलग जगह बनाएंगे, यही हमारी अमर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर ऑडिटोरियम में उपस्थित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों श्रीमती रजनी तौमर, धर्मवीर सिंह, कर्मवीर सिंह, सुरेन्द्र वार्ष्णेय, श्रीमती आभा वार्ष्णेय, पंकज धीरज, बसंत बंसल, सुरेन्द्र शर्मा, कामेश गौतम, सुरेश शर्मा का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, विधायक कोल अनिल पाराशर, मा0 विधायक छर्रा ठा0 रवेन्द्र पाल सिंह, एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष इंजी राजीव शर्मा, जिला महामंत्री शिवनारायण शर्मा, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, एसएसपी नीरज कुमार जादौन, सीडीओ योगेन्द्र कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पति की हत्या में पत्नी और प्रेमी को उम्रकैद, 35-35 हजार रुपए का जुर्माना, प्रेमी से कहकर पति को मरवाई थी गोली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** पति की हत्या के मामले में अदालत ने गुरुवार को पत्नी और उसके प्रेमी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बरला क्षेत्र में करीब एक साल पहले हुई हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय तोष कुमार शर्मा की अदालत ने बीना और उसके प्रेमी मनोज को दोषी माना। दोनों को आजीवन कारावास के साथ 35-35 हजार रुपए जुमार्ने की सजा दी गई।

फैसले के बाद बीना के बेटे नितेश और बेटी रोशनी ने सजा को कम बताते हुए दोनों दोषियों के लिए फांसी की मांग की। उनका कहना था कि उनके पिता की हत्या की गई है, इसलिए दोषियों को मृत्युदंड मिलना चाहिए। अभियोजन पक्ष की अधिवक्ता जेपी राजपूत के मुताबिक,



बरला कस्बे के मोहल्ला कोठी निवासी विजय सिंह ने 10 जुलाई 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि विजय के भाई सुरेश की पत्नी बीना के मोहल्ले के ही मनोज से प्रेम संबंध थे। घटना वाले दिन विजय घर के बाहर बैठा था और बीना दरवाजे पर खड़ी थी।

इसी दौरान मनोज वहां पहुंचा। अभियोजन के अनुसार, बीना ने मनोज से सुरेश को गोली मारने और उसे जिंदा न छोड़ने के लिए कहा। इसके बाद मनोज ने तमंचे से सुरेश को गोली मार दी। सुरेश को गोली लगते ही उसका भाई विजय उसे बचाने के लिए दौड़ा। आरोप है कि मनोज ने विजय पर भी फायर किया, लेकिन गोली दीवार में जा लगी। घटना के बाद पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बीना और मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दादों क्षेत्र.के गांव भमोरी खुर्द में एक युवक का शव पेड़ पर मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** दादों थाना क्षेत्र के भमोरी खुर्द गांव में एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। शव की जानकारी उस समय हुई कि जब गुरुवार दोपहर एक महिला अपने खेत पर जा रही थी। उसने उसी समय यूकेलिप्टस के पेड़ पर लटका शव देखा, जिसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही दादों थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दादों थाना क्षेत्र के भमोरी खुर्द निवासी 18 पंकज यादवपंकज यादव पुत्र मुकुट सिंह सोमवार दोपहर घर से कस्बा दादों घूमने जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने



उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बुधवार को पंकज के भाई रोहित यादव ने दादों थाने में उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे परिवार की एक महिला खेत की ओर गई। उसकी नजर यूकेलिप्टस के पेड़ पर लटके पंकज के शव पर पड़ी। महिला ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पिता मुकुट सिंह ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। घटना की सूचना मिलते ही दादों थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव कई दिन पुराना होने के कारण उसमें दुर्गंध आने लगी थी। ग्रामीणों के अनुसार, पेड़ के आसपास घना बाजार होने के कारण तीन-चार दिन तक किसी की नजर शव पर नहीं पड़ सकी थी।

पंकज चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ग्रामीणों में यह चर्चा है कि किसी बात को लेकर पंकज का अपने छोटे भाई से विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस ने इस संबंध में किसी भी कारण की पुष्टि नहीं की है।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर कट की मांग ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** इगलास में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर कट-इंटरचेंज और सर्विस रोड की मांग को लेकर गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीण व युवाओं ने एसडीएम से मुलाकात की। उन्होंने अपनी मांगों के संबंध में एसडीएम को एक लिखित ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके क्षेत्र से होकर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा है। यह एक्सप्रेसवे इगलास-हाथरस मार्ग को पार करता है, लेकिन हरिरामपुर पर स्थानीय निवासियों के आवागमन के लिए कोई उचित कट या इंटरचेंज की व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि एक्सप्रेसवे पर कट-इंटरचेंज या सर्विस रोड की व्यवस्था नहीं की जाती है, तो क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान छात्र नेता आदेश चौधरी, एडवोकेट सुशील कुमार उदयपाल, विवेक कुमार, अमित चौधरी, धनीराम शर्मा, संजय कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण और युवा उपस्थित रहे।




# भूख हूँ, के विश्व कीर्तिमान पर साइना नेहवाल करेंगी डॉ. अवनीश राही को सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय साहित्यिक समारोह में अलीगढ़ के वरिष्ठ गीतकार, साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ. अवनीश राही को उनके गीतद्दमहाग्रंथ मैं भूख हूँ रू एकद्दयुगद्दकाव्यद्दसंहिता (रोटी से राष्ट्र तक की वेदना) के अभिनव साहित्यिक सृजन के लिए वैश्विक साहित्य नवाचार सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

डॉ. राही की यह कृति गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में विश्व कीर्तिमान के रूप में दर्ज है। मैं भूख हूँ को विश्व के प्रथम त्रिद्दआयामी गीतद्दमहाग्रंथ के रूप में पठनीय, श्रवणीय और दर्शनीय स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। रोटी से राष्ट्र तक की मानवीय संवेदना, सामाजिक सरोकार और राष्ट्रीय चेतना को




गीतात्मक अभिव्यक्ति देने वाली यह कृति पारंपरिक गीतद्दसाहित्य को एक अभिनव प्रस्तुति से जोड़ती है। 22 अगस्त 2026 को नई दिल्ली में काइट्सक्राफ्ट प्रोडक्शंस एलएलपी के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय साहित्यिक शब्दोत्सव के विशेष समारोह में यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। समारोह की मुख्य अतिथि पद्म भूषण साइना नेहवाल होंगी, जो डॉ. अवनीश राही को सम्मानद्दशील्ड, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान करेंगी। मैं भूख हूँ का केंद्रीय सरोकार भूख को केवल रोटी की आवश्यकता न मानकर मनुष्य, समाज और राष्ट्र से जुड़े व्यापक प्रश्न के रूप में देखने का है। इसी दृष्टि से यह कृति साहित्यिक संवेदना के साथ सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय विमर्श को भी स्वर देती है।

# नाग पंचमी पर्व सोमवार 17 अगस्त को, रवि, शुभ और शुक्ल योग में मनाया जाएगा नागपंचमी पर्व : स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** श्रावण मास के शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को हर वर्ष नाग पंचमी पर्व मनाया जाता है। नाग देवता की पूजा को समर्पित इस पर्व पर भगवान शिव के साथ शेषनाग, वासुकी, तक्षक, कर्कोटक तथा अन्य नागों का स्मरण किया जाता है। वहीं पितृ दोष एवं कालसर्प दोष की निवृत्ति हेतु अनुष्ठान भी इसी दिन सम्पन्न किया जाता है।

वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूणार्नंदपुरी जी महाराज ने बताया कि इस बार सावन शुक्ल पंचमी तिथि 16 अगस्त रविवार को सांय 04:51 से आरंभ होकर अगले सोमवार को सांय 5 बजे तक रहेगी। अतः उदयातिथि होने के कारण नागपंचमी पर्व 17 अगस्त सोमवार को ही मनाया जायेगा। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से पूजा करने पर परिवार की सुख-समृद्धि बनी रहती है, कालसर्प दोष के अशुभ प्रभाव कम होते हैं और जीवन में आने वाली बाधाओं से रक्षा होती है। नागपंचमी पर लगने वाले शुभ योगों के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस बार



नाग पंचमी पर सालों बाद सावन के तीसरे सोमवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है। सावन सोमवार व्रत और नाग पंचमी का एक साथ पड़ना भगवान शिव के साथ नाग देवता की पूजा और उनका आशीर्वाद पाने का बहुत प्रभावशाली शुभ योग माना जाता है।इसके साथ ही इस दिन शुभ और शुक्ल योग के साथ रवि योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र में रवि, शुभ और शुक्ल तीनों योग अत्यंत मंगलकारी और महत्वपूर्ण नित्य योग हैं,इन योग में किए गए शुभ और मांगलिक कार्यों के अच्छे फल प्राप्त होते हैं तथा किसी नए काम की शुरूआत के लिए अति उत्तम माने जाते हैं।नागपंचमी के महत्व एवं पौराणिक कथा के विषय में स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज ने बताया कि महाभारत युद्ध के बाद पांडवों ने अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित को राज्य सौंप दिया और खुद स्वर्ग की यात्रा पर निकल पड़े थे।

# सांसद सतीश गौतम का गोद लिया बसेरा गांव बदहाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** पिसावा के बसेरा गांव में शमशान घाट तक जाने वाला करीब 500 मीटर कच्चा रास्ता ग्रामीणों के

## शव को कीचड में होकर शमशान घाट, तक ले जाने को मजबूर ग्रामीण

लिए बड़ी समस्या बन गया है।

बरसात के मौसम में इस रास्ते पर जलभराव और कीचड़ हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए। शव लेकर इसी बदहाल मार्ग से गुजरना पड़ता है। जलभराव और कीचड़ के बीच से अंतिम संस्कार के लिए जाते लोगों का एक वीडियो भी



सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2015-16 में अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम ने बसेरा गांव को गोद लिया था। उस समय गांव के विकास की उम्मीदें जगी थीं। हालांकि, लगभग दस साल बीत जाने के बाद भी शमशान घाट तक पक्का मार्ग नहीं बन पाया है। इस स्थिति को लेकर ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के प्रति गहरा रोष है। गुरुवार को ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और अपनी नाराजगी व्यक्त की। किसान नेता रॉबिन चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से शमशान घाट तक पक्का मार्ग बनाने की मांग की। इस प्रदर्शन में प्रकाश सिंह, राजू सिंह केहर, ऋषिपाल सिंह, नरवीर सिंह, लक्ष्मण सिंह, राजकुमार सिंह, यशपाल सिंह और संजय सिंह सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**तिरंगा यात्रा** — राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा अलीगढ़

# पूरे जोश और उल्लास के साथ निकली तिरंगा यात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अलीगढ़ में गुरुवार को राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के सौजन्य से आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, पीआरडी जवानों, सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों और आमजन ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश एवं गर्व के साथ सहभागिता की। सड़कों पर लहराते तिरंगे और राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण देशप्रेम से सराबोर हो गया।

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने सुभाष चौक से तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। नौरंगीलाल इंटर कॉलेज के बैंड की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत धुनों के बीच तिरंगा यात्रा आगे बढ़ी तो पूरा वातावरण ह्यभारत माता की जयह्न और देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। यात्रा में सिविल डिफेंस, नौरंगीलाल इंटर कॉलेज, 125 यूपी एनसीसी बटालियन, एसएमबी इंटर कॉलेज, विजडम स्कूल, पीआरडी जवानों, श्री टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा सुभाष चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर पहुंची। यहां पीएसी बैंड द्वारा तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ यात्रा का समापन हुआ।



राष्ट्रगान के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नजर आया और उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं गौरव को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयुक्त अलीगढ़ मंडल संगीता सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, त्याग और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब यह संदेश दे रहा है कि अलीगढ़ का हर नागरिक राष्ट्रहित और देश की प्रगति के लिए पूरी निष्ठा के साथ प्रतिबद्ध है।

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि तिरंगा हमारे स्वाभिमान और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐसे आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने सभी नागरिकों से राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान देने का आह्वान किया। मा0 एमएलसी डॉ. मानवेंद्र सिंह ने कहा कि आजादी हमें अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली है। तिरंगा हमें हमेशा यह प्रेरणा देता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है और देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है।

जिला महामंत्री शिवनरायन शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा ने पूरे अलीगढ़ में राष्ट्रभक्ति का वातावरण बना दिया है। युवाओं और विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह दशार्ती है कि देश के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना नई पीढ़ी में पूरी मजबूती के साथ मौजूद है। जिला पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव द्वारा सभी अतिथियों को तिरंगा पट्टी, टोपी और झंडा वितरण कर स्वागत किया गया।

# आरटीआई के प्रावधानों का अध्ययन कर समयबद्ध सूचना उपलब्ध कराएं अधिकारी : राज्य सूचना आयुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मा0 राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश मोहम्मद नदीम की अध्यक्षता में गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सूचना आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि आरटीआई आवेदनों का समयबद्ध एवं अधिनियम के अनुरूप निस्तारण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्येक जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी की वैधानिक जिम्मेदारी है। मा0 राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आयोग के समक्ष लगातार बड़ी संख्या में शिकायतें एवं द्वितीय अपीलें पहुंच रही हैं, जबकि इनमें से बड़ी संख्या ऐसे मामलों की है, जिनमें संबंधित विभाग द्वारा समय से वांछित सूचना उपलब्ध करा दी जाती तो मामला आयोग तक पहुंचता ही नहीं। आयोग द्वारा किए गए डेटाबेस सर्वे में लगभग 70 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण इस आधार पर हुआ कि संबंधित आवेदक को सूचना उपलब्ध करा दी गई। इससे स्पष्ट है कि यदि जन सूचना अधिकारी निर्धारित समय में सूचना उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करें तो आयोग के समक्ष लंबित प्रकरणों की संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

# एआईएमआईएम के अध्यक्ष,सांसद असदुद्दीन ओवैसी गवाही देने पहुंचे कोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के थाना पिलखुवा क्षेत्र में तीन फरवरी 2022 को छिजारसी टोल प्लाजा के पास हुए फायरिंग मामले में गुरुवार को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी गवाही देने हापुड़ कोर्ट पहुंचकर अपने ब्यान दर्ज कराये।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में जनपद के पिलखुवा क्षेत्र के



छिजारसी टोल प्लाजा के पास असदुद्दीन ओवैसी के काफिले पर फायरिंग की घटना हुई थी,घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर, गौतमबुद्धनगर के दुरियाई बादलपुर निवासी सचिन और

- वर्ष 2022 में ओवैसी के काफिले पर हुआ फायरिंग की घटना हुई थी
- पुलिस ने घटना के दो आरोपियों को जेल भेजा था

सहारनपुर के सापला बेगमपुर, नकुड़ निवासी शुभम को गिरफ्तार किया था।

विवेचना के दौरान पूछताछ में मेरठ के मुंडाली क्षेत्र के राधना गांव निवासी आलीम का नाम भी सामने आया था,पुलिस के अनुसार,सचिन और शुभम ने फायरिंग में इस्तेमाल के लिए हथियार आलीम ने उपलब्ध कराई थी. इसके बाद आलीम को भी मामले में आरोपी बनाया गया था।

गवाही की कार्रवाई के दौरान कचहरी परिसर और आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखी गई। सांसद औवेसी ने कोर्ट में अपने बयान दर्ज करवाएं और मीडिया से बात किए बिना ही चले गए।

# नगरीय क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली






बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। जिसे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नगरीय क्षेत्र के बच्चों की तिरंगा रैली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर पालिका हापुड़ से शुरू होकर शहीद स्वर्गीय गिरधारी लाल,रामस्वरूप, गगन लाल जी के स्मृति स्थान तक निकाली गयी।

**-बीएसए ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी द्वारा बच्चों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने औरों को भी इसके लिए प्रेरित करने के संदेश दिए गए,उनके द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तथा देशभक्त की भावना समाज में भरने का संदेश भी दिया गया,सभी बच्चों के हाथों में तिरंगे झंडे लहरा रहे थे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में आज जनपद हापुड़ के समस्त विद्यालयों में बच्चों द्वारा रैलियां निकाली गई तथा पोस्टर प्रतियोगिता,मेहंदी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता में अन्य प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई कराई गई! कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नगर क्षेत्र हापुड़,लक्ष्मी कंपोजिट विद्यालय नगर क्षेत्र हापुड़,कैंब्रिया हॉल पब्लिक स्कूल,राजधानी पब्लिक स्कूल,यशस्वी पब्लिक स्कूल,भावना पब्लिक स्कूल, टयूलिप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर सर्वेश कुमार खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय/गढ़मुक्तेश्वर,योगेश कुमार गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी सिंभावली व हापुड़,पंकज चतुर्वेदी खंड शिक्षा अधिकारी धौलाना/ नगर क्षेत्र हापुड़ भी मौजूद रहे।

# शहर में भाकियू युवा विंग ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को संयुक्त मोर्चा के आह्वान और भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्र नेतृत्व के आदेशानुसार शहर में तिरंगा यात्रा भारतीय किसान

- महामहित राष्ट्रपति के नाम एडीएम न्यायिक को सौंपा ज्ञापन
- भाकियू ने तिरंगा यात्रा के दौरान दिखाई मानवता,एम्बुलेंस को दिया रास्ता

यूनियन युवा विंग के जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी धनौरा के नेतृत्व में निकाली गयी।

तिरंगा यात्रा को ततारपुर गोल चक्कर भाकियू महिला प्रदेश अध्यक्ष बबली त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके उपरांत तिरंगा यात्रा जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई। भाकियू पदाधिकारियों किसानों की समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एडीएम न्यायिक मोनिका सिंह को सौंपा।



देशभक्ति के गानों से सैकड़ों ट्रैक्टरों के बीच किसानों ने जमकर तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारे व जय जवान जय किसान के नारों को लगाते हुए तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के गानों पर झूमते हुए तिरंगा यात्रा को पूर्ण किया।

भाकियू पदाधिकारियों मानवता को दिखाते हुए तिरंगा यात्रा के दौरान रास्ते में फंसी एक एंबुलेंस को रास्ता देने का काम किया।

तिरंगा यात्रा में धर्मवीर त्यागी ,अयूब अली प्रधान ,हरीश त्यागी, नवीन त्यागी, शेरू चौधरी तहसील अध्यक्ष हापुड़, रुचिन त्यागी ब्लॉक अध्यक्ष हापुड़, प्रेमवीर सिंह गुरुजी, इमरान त्यागी, कल्वा अब्बासी, तुषार भुल्लर ब्लॉक अध्यक्ष सिंबावली, अनिल चौधरी , सूफी जी, समीर अली मुन्नू ठेकेदार, जीतू चौधरी, सतीश त्यागी, कमरसेन चौधरी, सचिन त्यागी, राशिद चौधरी,डॉ यूसुफ, ललित शर्मा,गौरव चौधरी, आकिंदर सिंह,जितेन्दर चौधरी,अजय मसंद, उज्जवल त्यागी,परवेश त्यागी, जन्म सिंह , तहसील अध्यक्ष गणमुखेश्वर, विपिन त्यागी, निशांत त्यागी, मुकेश त्यागी, विकास त्यागी, पवन त्यागी, सीटू त्यागी, रुस्तम, श्री ओम त्यागी, राजू त्यागी, हिमांशु त्यागी, जुगमेंद्र चौधरी, इबली हसन त्यागी ग्यासुद्दीन, अवधपाल त्यागी, यतेन्द्र चौधरी, बिरजू प्रधान मोनू त्यागी, प्रिंस त्यागी, सौरभ त्यागी, सचिन मसंद, तुषार चौधरी, तुषार चौधरी, ताराचंद शर्मा, अवशेष त्यागी, कृष्ण त्यागी सोनू त्यागी, नकुल शर्मा अरुन त्यागी, अनिल त्यागी, बबली त्यागी। धर्मेंद्र त्यागी। पीयूष त्यागी, मन्नू त्यागी, हेमंत जाटव पुष्कर जाटव दीपांशु वाल्मीकि, अमित जाटव, विक्की जाटव, करण वाल्मीकि,अनुराग त्यागी, बिजेंदर शर्मा शिवांक त्यागी डॉअनुज त्यागी,नासिर अली, मुकुल त्यागी, अंकित त्यागी, जतिन त्यागी, ललित त्यागी पंकज त्यागी, निशु,अमित चौधरी, संजय चौधरी, राजकुमार त्यागी, प्रदीप त्यागी उर्फ छोटे ,पिंटो त्यागी, महेश जाटव घनश्याम शर्मा मुनंदर त्यागी। बडढे त्यागी, गौरव मसंद मोनू गुर्जर रोहित सरदाना,अशोक त्यागी ,मतलूब ,गुलजार खान कामिल चौधरी, निखिल चौधरी, नरेंद्र चौधरी,शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

# पहले आओ,पहले पाओ योजना: 48 लोगों ने ईडब्लूएस, एलआईजी,एमआईजी फ्लैट खरीदने को किया आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने अल्प आय वर्ग,मध्य आर्य वर्ग व दुर्बल आय वर्ग के लोगों के लिए अपनी तीन आवासीय योजनाओं में 570 खाली फ्लैटों की बिक्री शुरू करने के लिए एक अगस्त से पहले आओ

**एचपीडीए ने 570 खाली फ्लैटों की बिक्री शुरू की, आगामी 31 अक्टूबर तक चलेगी योजना**

पहले पाओ योजना शुरू की है। जो आगामी 31 अक्टूबर तक चलेगी। गुरुवार तक फ्लैट खरीदने के लिए 48 लोगों ने आवेदन किया है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र ने बताया कि प्राधिकरण की आनंद विहार आवासीय योजना में अलकनंदा/कालिंदी अपार्टमेंट व प्रीत विहार द्वितीय योजना में ईडब्लूएस,एलआईजी व एमआईजी श्रेणी के 3,4 व 6 मंजिला फ्लैट यथा स्थिति में बेचे जाएंगे। उन्होंने कहा कि आवेदन 1 अगस्त से 31 अक्टूबर तक जनहित पोर्टल पर किए जा सकेंगे। सामान्य वर्ग को सम्पत्ति मूल्य का 10 प्रतिशत व






आरक्षित वर्ग को 5 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी।

उन्होंने बताया कि आवंटन के एक माह के अंदर सामान्य को 20 प्रतिशत व आरक्षित को 25 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी। ईडब्लूएस को शेष राशि 120 मासिक किस्तों में 7 प्रतिशत ब्याज पर और एलआईजी व एमआईजी को 8 त्रैमासिक किस्तों में 9.70 प्रतिशत ब्याज पर देनी होगी। 45 दिन में पूरा भुगतान करने पर 6 प्रतिशत की छूट मिलेगी। फ्री होल्ड के लिए 12 प्रतिशत व कॉर्नर के लिए 10 प्रतिशत शुल्क अतिरिक्त देय होगा।

उन्होंने बताया कि पहले आओ,पहले पाओ योजना में फ्लैट खरीदने के लिए लोगों ने आवेदन करने शुरू कर दिये है। उन्होंने लोगों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है। दो सप्ताह में 13 लोगों ने फ्लैट खरीदने के लिए आवेदन किया है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने छापामार कार्यवाही कर पनीर के दो नमूने भरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना के निर्देश पर चन्द्र शेखर मिश्र सहायक आयुक्त द्वितीय नेतृत्व में गठित सचल दल दो स्थानों पर छापामार कार्यवाही करते दो पनीर के नमूने भरकर

**जिले में मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान चलता रहेगा:चन्द्रशेखर**

प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गये।

गुरुवार को चन्द्र शेखर मिश्र सहायक आयुक्त द्वितीय नेतृत्व में गठित सचल दल पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी,विपिन कुमार सिंह,आर.पी. गुप्ता खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने ग्राम कस्तला कासमाबाद



स्थित सतीश उर्फ पूनम चौहान के पनीर निर्माण इकाई पर औचक छापा मारकर पनीर का एक नमूना, संग्रहित किया गया है। इसके अलावा पिलखुआ सब्जी मण्डी स्थित अनमोल पनीर भण्डार पर औचक छापा मारकर पनीर का एक नमूना,संग्रहित किया गया है। उन्होंने बताया कि भरे गये पनीर के नमूने जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहे है।

जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी,साथ ही उक्त अभियान निरन्तर चलता रहेगा।

# हर घर तिरंगा अभियान : शिवा प्राथमिक पाठशाला ने निकाली जागरूकता रैली,देशभक्ति का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर क्षेत्र में संचालित शिवा प्राथमिक पाठशाला द्वारा तिरंगा

**महिलाओं को आपात स्थिति में मदद के लिए 181, 1090 और 112 जैसे टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जरूरत पडने पर इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया**

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्र-छात्राओं, विद्यालय के शिक्षकों और महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली से हुई। रैली में तिरंगा लेकर चल रहे



बच्चों ने देशभक्ति के नारे लगाए और आमजन को अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, तिरंगा फहराने की सही विधि के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना और स्वतंत्रता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

विभाग की टीम ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों और विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओं को आपात स्थिति में मदद के लिए 181, 1090 और 112 जैसे टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जरूरत पडने पर इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सुमन अग्रवाल,वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर और केस वर्कर सोनिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

**बड़ा कदम** गुलावठी-मसूरी रोड औद्योगिक क्षेत्र धौलाना, हापुड़ में नया जियो टावर लगेगा

# ये सिर्फ नेटवर्क नहीं, उद्योगों का भविष्य है : आशु सिंघल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** लघु उद्योग भारती की गुलावठी मसूरी रोड औद्योगिक क्षेत्र इकाई ने धौलाना क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही मोबाइल नेटवर्क की समस्या को लेकर बड़ा कदम उठाया है।

लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में इकाई अध्यक्ष आशु सिंघल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने खड्ग जियो के आर एम से महत्वपूर्ण बैठक की। साथ ही जिला उद्योग आयुक्त महोदय से भी इस मुद्दे पर वार्ता की गई। अध्यक्ष आशु सिंघल ने कहा कि गुलावठी मसूरी रोड औद्योगिक क्षेत्र धौलाना में नेटवर्क न होने से उद्यमियों का काम पूरी तरह प्रभावित हो रहा था। ऑनलाइन पेमेंट फेल हो रहे थे, ऑर्डर बुक नहीं हो पा रहे थे और सरकारी पोर्टल तक एक्सेस नहीं मिल रहा था। ये सिर्फ नेटवर्क की समस्या नहीं है, ये सीधे-सीधे उद्योगों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। हमने ये बात खड्ग प्रबंधन और प्रशासन दोनों के सामने




मजबूती से रखी है।

महासचिव डंबर सिंह ने कहा की अगर समय पर कॉल और इंटरनेट नहीं मिलेगा तो हापुड़ का उद्यमी प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएगा। जियो ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में नया टावर लगाने का भरोसा दिया है। जिला उद्योग आयुक्त महोदय ने भी अगली बैठक में समाधान कराने का आश्वासन दिया है। लघु उद्योग भारती उद्यमियों के हित में निरंतर काम करती रहेगी।

**क्या मिला आश्वासन**

जिओ ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही गुलावठी मसूरी रोड औद्योगिक क्षेत्र धौलाना में नया मोबाइल टावर स्थापित कर नेटवर्क की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि टावर लगने तक अस्थायी रूप से सिग्नल बूस्टर की व्यवस्था भी की जाए, जिस पर खड्ग अधिकारियों ने विचार करने की बात कही।

बैठक में डंबर सिंह महासचिव गौरव दीवान मीडिया प्रभारी , नीरज सोलंकी सचिव मौजूद रहे।

लघु उद्योग भारती ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की इस जीत से लगभग 1500 इकाइयों को सीधा लाभ मिलेगा ।

# एचपीडीए का चला चाबुक : 800 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** गुरुवार को हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र के निर्देश पर प्राधिकरण के अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से

- एचपीडीए की कार्यवाही से अवैध निर्माण कर्ताओ में मचा हड़कंप
- जनमानस मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें:अमित

गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र में 8000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही कराई गयी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माण कर्ताओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।



हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि प्राधिकरण अधिकारियों ने गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र में मेरठ रोड पर तरुण भारद्वाज द्वारा 800 वर्ग मीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कराया गया।

उन्होंने अवैध निर्माणकर्ताओ व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

प्रभारी सचिव ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा गत अगस्त माह में अलग-अलग तिथियों में अभियान चलाकर अवैध निर्माण व प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण किया जायेगा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# लाभ उठाने की रणनीति नाकाम



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

जिस समय देश में 'विश्व गुरु, बनने की खुशफहमी का आलम था, असल में भारत सरकार अवसरों का लाभ उठाने की कारगर रणनीति बनाने में नाकाम रही। दो बड़े थिंक टैंक इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं। दो थिंक टैंक इस समान निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि 2018 के बाद वैश्विक समीकरणों में शुरू हुए तेज बदलाव से जो अवसर सामने आया, भारत उसका लाभ उठाने में विफल रहा। दरअसल, यह उस दौर की कथा है, जिसमें भारत के 'विश्व गुरुइ बनने की कहानियों पर करोड़ों देशवासी यकीन किए हुए थे। लेकिन जिस समय ऐसी खुशफहमी का आलम था, असल में भारत सरकार अवसरों का लाभ उठाने की कारगर रणनीति बनाने में नाकाम रही। न्यूयॉर्क स्थित थिंक टैंक रोडियम ग्रुप ने 'क्या भारत अंततः अपनी मैनुफैक्चरिंग महत्त्वाकांक्षाओं को हासिल कर सकेगाइ- शीर्षक से जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि 2018 में जब अमेरिका और चीन में व्यापार जंग शुरू हुई, तो यह आम धारणा बनी कि चूंकि कंपनियां अपना कारोबार चीन से निकालकर दूसरे देशों में ले जाएंगी, तो भारत को इसका सबसे ज्यादा फायदा होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वियतनाम और मेक्सिको ने इस मामले में कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। अमेरिका को चीन के निर्यात में आई गिरावट से खाली हुई जगह को उन्होंने प्रभावी ढंग से भरा। इससे इन देशों के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में ज्यादा मूल्य (वैल्यू) जुड़ा, जबकि भारत इस मामले में काफी पीछे रह गया है। रणनीतिक मामलों में ऐसे ही निष्कर्ष पर ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट पहुंचा है। उसके 'एशिया पावर इंडेक्सइ के मुताबिक भारत अपनी विशाल क्षमताओं और संसाधनों के बावजूद एशिया में प्रभावशाली शक्ति या क्षेत्रीय "एंकर" (स्थिरता प्रदान करने वाली प्रमुख ताकत) नहीं बन पा रहा है। इंस्टीट्यूट के मुताबिक भारत के पास जितनी क्षमता, जनसंख्या, और संसाधन हैं, उनकी तुलना में उसका वास्तविक क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव बहुत कम है। भारत का क्षेत्रीय रक्षा गठबंधनों और व्यापारिक साझेदारियों में प्रभाव अन्य प्रमुख शक्तियों की तुलना में सीमित है, जिससे यह अपनी क्षमता का पूरा लाभ नहीं उठा पाया है। चीन से पश्चिम की प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर भारत से हमदर्दी रखने वाली विदेशी संस्थाएं ऐसे निष्कर्ष पर पहुंचती हैं, तो उस पर भारतवासियों को ध्यान देना चाहिए। जब जवाबदेही का मुद्दा उठा है, इन नाकामियों के लिए कौन उत्तरदायी है, ये सवाल भी जरूर पूछा जाना चाहिए।

## आज का विचार




# जंतर मंतर-रांची: छात्र आंदोलन एक रूप अनेक




निर्मल रानी

देश इन दिनों लगभग राष्ट्रव्यापी छात्र आक्रोश व आंदोलन से रूबरू है। अभी कुछ दिन पहले ही ठएएळ पेपर लीक और राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई धांधली के खिलाफ 6 जून से शुरू होकर 25 जुलाई 2026 तक चला आंदोलन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद खत्म हुआ था। इसके बाद ही झारखंड में भी जेपीएससी (JPSC) और जेएसएससी (JSSC) परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरुद्ध 29 जुलाई से रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में छात्र आंदोलन की शुरूआत हुई। यहाँ भी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, धांधली और अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच आदि मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन और विधानसभा घेराव जैसे कार्यक्रम कर रहे हैं। परन्तु कुछ दिनों पूर्व हुये दिल्ली के जंतर-मंतर व वर्तमान समय रांची में चल रहे छात्र आंदोलन में जहां कुछ बातें समान हैं वहीं कई बातें विरोधाभासी भी हैं। उदाहरण के तौर पर दोनों ही आंदोलन पेपर लीक और राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई धांधली व अनियमितताओं के खिलाफ किये गए हैं। जंतर मंतर की ही तरह रांची में भी जहाँ आंदोलनस्थल पर अनेक स्वयंसेवी लंगर चला रहे हैं व आंदोलनकारी छात्रों के दूर दराज बैठे समर्थक फूड ऐप्स के जरिए सीधे आंदोलन स्थल पर भोजन ऑर्डर कर रहे हैं व छात्रों को मेडिकल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। यहाँ भी भोजन इतनी अधिक मात्रा में आ रहा है कि आंदोलनकारी छात्रों ने वीडियो जारी कर लोगों से कुछ दिन ऑर्डर रोकने की अपील की ताकि खाना बर्बाद न हो और बचे हुए भोजन को जरूरतमंदों में बांटा जा सके। इसके अलावा रांची के स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों द्वारा आंदोलन स्थल पर भोजन,समोसे, बिरयानी,नाश्ता और पानी आदि पहुंचाया जा रहा है। अनशन पर बैठे छात्र नेताओं की सेहत की देखभाल के लिए रांची के सदर अस्पताल में मेडिकल टीम नियमित रूप से आंदोलन स्थल पर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच (ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल) कर रही है। इसके अतिरिक्त झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने निर्देश जारी किया है कि आंदोलन के दौरान बीमार या चोटिल होने वाले छात्रों के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी, चाहे वे सरकारी अस्पताल में इलाज कराएं या निजी अस्पताल में। परन्तु इन दोनों अर्थात दिल्ली व रांची के आंदोलन में जो सबसे बड़ा विरोधाभास नजर आ रहा है वह है जंतर मंतर के छात्र आंदोलन का विरोध करने वालों का रांची के आंदोलन में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना। बड़ी हैरत की बात है कि जो वर्ग,जो संगठन और जिस विचारधारा से जुड़े लोग जंतर मंतर के आंदोलनकारियों को देशद्रोही, बदतमीज, गटर जनरेशन,गलियां बोलने व अपशब्द इस्तेमाल करने वालों का झुण्ड,विदेशी फंडिंग से चलने वाला आंदोलन बता रहे थे, दिल्ली के आंदोलन में जो लोग हिन्दू-मुस्लिम का दृष्टिकोण ढूंढ रहे थे,जिन्हें दिल्ली के आंदोलन कारी आवारा व चरित्रहीन नजर आ रहे थे वही लोग वही वर्ग और वही विचारधारा रांची के छात्र आंदोलन में कुछ इसतरह बढ़चढ़कर हिस्सा लेने को उतावली है गोया रांची का आंदोलन छात्र आंदोलन के बजाये देश का दूसरा 'स्वाधीनता संग्राम' हो? याद कीजिये कि जंतर मंतर आंदोलन के संदर्भ में ही एक हिंदुत्व विचारक और केरल भाजपा के बौद्धिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रमुख टीजी मोहनदास ने कहा था कि 'अगर स्थिति उनके नियंत्रण में होती, तो वे नई दिल्ली के आंदोलन स्थल के आसपास कर्फ़्यू लगाकर प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवा देते'। इस व्यक्ति ने प्रदर्शन में शामिल धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी विचारधारा वाली छात्राओं व महिलाओं के साथ रेप करवाने जैसी बेहद अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की थीं। साथ ही 'गोदी मीडिया ' के नाम से बदनाम सत्ता का पिछलग्गू मीडिया भी जो जंतर मंतर आंदोलन से या तो मुंह मोड़े हुआ था या इसी आंदोलन विरोधी वर्ग की तरह आंदोलन में केवल नकारात्मकता तलाश रहा था,जिसे संसद भवन के पास चल रहा इतना बड़ा छात्र आंदोलन नजर नहीं आ रहा था वही मीडिया रांची में डेरा जमाये हुये है और अपने तरीके से छात्र आंदोलन का नरेटिव सेट करने में लगा है। इस दोहरेपन का केवल एक ही कारण है कि दिल्ली में केंद्र व दिल्ली राज्य, दोनों ही जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं जबकि झारखण्ड में झारखंड मुक्ति मोर्चा , कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल, के गठबंधन यानी इण्डिया गठबंधन की सरकार है और झामुमो के हेमंत सोरेन इस सरकार के मुख्यमंत्री हैं। इसलिये इनका समर्थन छात्र आंदोलन को नहीं बल्कि यह झारखण्ड में इण्डिया गठबंधन की सरकार का विरोध कर रहे हैं। इस अवसरवादी विचारधारा का विरोध करने वालों का चेहरा रांची में उस समय भी बेनकाब हुआ जबकि जंतर मंतर के आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा और वहां अनशन पर बैठने वाली अखिल भारतीय छात्र संगठन अक्रअ की केंद्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा जब हजारों छात्रों के साथ विधानसभा के लिये मार्च निकाल रही थीं उस समय एक युवक ने नेहा पर स्याही फेंक कर छात्र आंदोलन को समर्थन देने की अपनी हकीकत को उजागर कर दिया। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों ने युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया और पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया। नेहा बोरा ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिनके पास तर्क या बहस की क्षमता नहीं होती, वे ऐसी हरकतों पर उतर आते हैं। उन्होंने इस हमले के पीछे भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों का हाथ होने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि नेहा बोरा व उनका संगठन अखिल भारतीय छात्र संगठन अक्रअ जंतर मंतर के आंदोलन में भी शामिल था और उसी उत्साह के साथ रांची में भी सक्रिय है। जबकि रांची में छात्र आंदोलन का मुख्य चेहरा बनने की इच्छा पालने वाले लोग जंतर मंतर में न केवल लापता थे बल्कि उसके विरोध में भी खड़े थे। कहा जा सकता है कि जंतर मंतर व रांची दोनों जगह छात्र आंदोलन व उनकी मांगें व समस्याएँ तो लगभग एक हैं परन्तु उनके अनेक रूप देखे जा रहे हैं।




## रूस-यूक्रेन युद्ध में उत्तर कोरिया की बढ़ती भागीदारी , रूस को भेजे हथियार सहित 50 हजार सैनिक



संजीव ठाकुर

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अब केवल दो देशों के बीच सीमित संघर्ष नहीं रह गया है। यह युद्ध जितना लंबा खिंचता जा रहा है, उतना ही उसका अंतरराष्ट्रीय चरित्र गहरा होता जा रहा है। अमेरिका और यूरोप की ओर से यूक्रेन को हथियार तथा सैन्य सहायता मिलने के बीच रूस को उत्तर कोरिया से मिल रही सैन्य सहायता ने विश्व राजनीति के समीकरणों को नई दिशा दी है। विशेष चिंता इस बात को लेकर है कि उत्तर कोरिया अपनी सैन्य भागीदारी को और बढ़ा सकता है और बड़ी संख्या में सैनिक रूस भेज सकता है। रूस और उत्तर कोरिया दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और यूक्रेन के विरुद्ध रूस के प्रधानमंत्री व्लादिमीर पुतिन परमाणु हथियार तैनात कर दिए हैं जिससे रूस यूक्रेन युद्ध का संकट और गहराने लगा है। हाल के दिनों में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस उत्तर कोरिया से बड़ी संख्या में सैनिकों की सहायता लेने की तैयारी कर रहा है। कुछ आकलनों में यह संख्या 30 से 50 हजार तक बताई गई है, सैनिकों तक की संभावित तैनाती की खबरों ने अंतरराष्ट्रीय चिंता बढ़ा दी है। हालांकि 50 हजार सैनिक भेजे जाने की संख्या को फिलहाल पुष्ट तथ्य के बजाय संभावित योजना या आकलन के रूप में देखना अधिक उचित होगा। रॉयटर्स के अनुसार अगस्त 2026 तक लगभग 14झ15 हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों की पहले की तैनाती की पुष्टि विभिन्न खुफिया आकलनों से हुई थी। युद्ध में उत्तर कोरिया का प्रवेश उत्तर कोरिया और रूस के संबंधों में निर्णायक परिवर्तन वर्ष 2024 में आया, जब दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी और पारस्परिक सहायता की संधि की। इसके बाद उत्तर कोरिया ने रूस को युद्ध सामग्री उपलब्ध करानी शुरू की और उसके सैनिक रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के विरुद्ध रूसी सैनिकों के साथ दिखाई दिए।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य



चौ. शौकत अली चेची

भारत के राष्ट्रीय ध्वज का वर्तमान स्वरूप 22 जुलाई 1947 को अपनाया गया था! जिसमें तीन रंग, केसरिया, सफेद, हरा, जो देश की एकता शांति और प्रगति का संदेश देता है! केसरिया साहस शक्ति बलिदान का प्रतीक सफेद सत्य शांति पवित्रता का प्रतीक हरा समृद्धि विश्वास हरियाली विकास का प्रतीक! नीला अशोक चक्र 24 तिलिया जो निरंतर प्रगति गतिशीलता धर्म न्याय के मार्ग का प्रतीक देश की आजादी के लिए हमारे सभी समुदाय के पूर्वजों ने बलिदान व अपने प्राणों की आहुति दी! गंभीर विषय यह भी है 1925 में बनी फ्रर का भारत की आजादी में कोई योगदान नहीं एवं नागपुर मुख्यालय पर 52 वर्ष तक तिरंगा नहीं फहराया संविधान का विरोध किया मनुस्मृति की प्रशंसा की दिसंबर 1949 में हिंदू कोड बिल के विरोध में दिल्ली रामलीला मैदान फ्रर कार्यकताओं ने अंबेडकर एवं नेहरू के पुतले जलाए?

इतिहास के पन्नों की कुछ भूली बिछड़ी पंक्तियों को ताजा करने की कोशिश कर रहा हूं।

26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है अंग्रेजों की गुलामी से 15 अगस्त 1947 में भारत देश को आजादी मिली थी ब्रिटिश शासन की चालाकी से 14 अगस्त 1947 को समझौते के तौर पर बंटवारे का दर्द झेलना पड़ा पाकिस्तान देश बना सभी जाति धर्मों के हमारे बहादुर महापुरुषों और पूर्वजों ने बलिदान व जान की बाजी लगाकर ब्रिटिश शासन की गुलामी से निजात दिलाई। देश को आजाद कराया 14./15 अगस्त मध्य रात्रि को भारत की आजादी की घोषणा की गई थी।

भारत की आजादी के जश्न के समय महात्मा गांधी शामिल नहीं थे। उस समय महात्मा गांधी बंगाल के नोआखली में गैरमुस्लिमों व मुस्लिमों के बीच हो रही संप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए अनशन कर रहे थे। 15 अगस्त 1947 दिन शुक्रवार में भारत को पंडित जवाहरलाल नेहरु ने स्वतंत्र देश घोषित किया। तब से देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूल कॉलेजों आदि स्थानों में हर्ष उल्लास तथा शूरवीरों के बलिदान को याद किया जाता है भारत के राष्ट्रपति 1 दिन पहले शाम को राष्ट्र को संबोधित कर भाषण देते हैं। 15 अगस्त को भारत के प्रधानमंत्री लाल किले पर भारतीय ध्वज फहराते हैं। राष्ट्रीय गीत गाया जाता है। वीर शहीदों को सम्मानित के तौर पर 21 तोपों की सलामी दी जाती है, स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने व देश की आजादी में जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी उन के सम्मान में शूरवीरों के बलिदान को याद कर मनाया जाता है आजादी के 79 वर्ष पूरे कर 15 अगस्त 2026 को भारत मैं 80वा स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है। देश की आजादी में बलिदान योगदान देने में सभी जाति धर्मों के हमारे पूर्वजों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

मुसमलमानों की बात करें तो पता चलता है कि 1498 से 1947 तक मुस्लिमों ने देश के प्रति अपनी जान न्यौछावर कर दी। इतिहास के पन्नों में बहुत सी कहानियां दर्ज हैं इनमें 1772 में शाह अब्दुल अजीज रह0 ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ फतवा द्वारा क्रांति शुरू की, जिस की चिंगारी यूपी के जिले मेरठ 1857 में पश्चिमी बंगाल से मंगल पांडे की क्रांति ने भारत के कोने कोने को जगा दिया। इससे मुस्लिमों में सरूर पैदा हो गया। हैदर अली उसके बाद उनके बेटे टीपू सुल्तान की बहादुरी ने अंग्रेजों के कई बार घुटने टेक दिए। आखिर वे शेर ए मैसूर कहलाए और अंग्रेजों से लड़ते लड़ते शहीद हो गए!

बहादुर शाह जफर भारत में मुगल साम्राज्य के आखिरी शहंशाह थे। वे उर्दू के शायर भी थे 1857 का प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम व भारतीय सिपाहियों का नेतृत्व किया। जंग में हार हुई अंग्रेजों ने वर्मा भेज दिया उनकी वहीं पर मृत्यु हुई।. गदर का अर्थ विद्रोह है. 10 वर्ष के बाद गदर पार्टी के संस्थापक सदस्य भोपाल के बरकतुल्लाह ने ब्रिटिश विरोधी नेटवर्क बनाया 1915 में असफल गदर के चलते फांसी की सजा दी गई फैजाबाद यूपी विद्रोह का हिस्सा थे अली अहमद सिद्दीकी जौनपुर के सैयद मुज्तबा हुसैन 1917 में फांसी दी गई! त्रलाल कुर्ती आंदोलन खान अब्दुल गफ्फार खान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समर्थन में खुदाई खिदमतगार के नाम से चलाया। अलीगढ़ आंदोलन सर सैयद अहमद खान ने मुस्लिम आंदोलन का नेतृत्व किया वे कट्टर राष्ट्रवादी कहलाए। हिंदू मुस्लिम एकता के विचारों का समर्थन किया।




1884 पंजाब भ्रमण के अवसर पर एकता एक प्रण किया कि मिलजुल कर कार्य करना राष्ट्र के प्रति विचारधारा सभी की एक होनी चाहिए। इन क्रांतिकारियों के नाम नजीर अहमद,. चिराग अली, अल्ताफ हुसैन, मौलाना शिब्ली नोमानी,. मुस्लिम महिलाएं .बेगम हजरत महल,.असगरी बेगम. बाई अम्मा आदि नवाब सिराजुद्दौला, .शेर ए मैसूर टीपू सुल्तान,. शाह वली उल्लाह मुंहदिस देहलवी,. शाह अब्दुल अजीज, .सैयद अहमद शहीद., मौलाना विलायत अली सद्दीकपुरी, .जाकिर सिराजुद्दीन,. मोहम्मद बहादुर शाह,. जफर असलाना, फजले हक खैराबादी,. शहजादा फिरोज शाह,. मौलवी मोहम्मद बाकिर शहीद, मौलाना अहमद उल्लाह शाह,. नवाब खान, बहादुर खान, अजीज बाई, .मौलवी लियाकत अली अल्लाहाबाद,. हाजी इमदादुल्लाह, मुहाजिर मकई, .मौलाना मोहम्मद कासिम ननोतवी, मौलाना रहमतुल्लाह केरानवी शेख उल हिंद,. मौलाना महमूद हसन, .मौलाना अब्दुल्लाह सिंधी,. मौलाना रशीद अहमद गंगोही,.मौलाना अनवर शाह कश्मीरी,. मौलाना बरकतउल्लाह भोपाली, .मौलाना किफायतुल्लाह सुभानउल हिंद, मौलाना अहमद सईद देहलवी,. मौलाना हुसैन अहमद मदनी, शहीदुल अहरार., मौलाना मोहम्मद अली जौहर,. मौलाना हसरत मोहनी, मौलाना आरिफ हिसवी,. मौलाना अबुल कलाम आजाद., मौलाना हबीबुर्रहमान लुधियानवी, सैफुद्दीन कचालू. मसीहुल मुल्क,. हकीम अजमल खान, मौलाना मजहरूल हक,. मौलाना जफर अली खान, .अल्लामा इनायतुल्लाह खान मशरीकी, डा0 मुख्तार अहमद अंसारी,. जनरल शाहनवाज खान,. मौलाना सैयद मोहम्मद म्यान., मौलाना मोहम्मद हिफजुरहमान जोहारवी,. मौलाना अब्दुलबरी फिरंगी महली,. खान अब्दुल गफ्फार खान, .मुफ्ती अतीक उर रहमान उस्मानी,. डा0 सैयद महमूद खान,. अब्दुस समद खान,. अचक जाई रफी. अहमद किदवई,. मोहम्मद शौकत अली.. युसूफ मेहर अली,. अशफाक उल्ला खान,. बैरिस्टर आसिफ अली, .मौलाना अताउल्लाह शाह बुखारी, .अब्दुल कयूम अंसारी, .अहमदुल्लाह शाह आदि. दिल्ली इंडिया गेट पर शहीद क्रांतिकारियों के 13220 नाम बताए जाते हैं इनमें मुस्लिम नाम की संख्या काफी बताई गई है।

सन 1857 मेरठ की क्रांति जिसमें अहमदुल्लाह शाह फैजाबाद के मौलाना के रूप में प्रसिद्ध ब्रिटिश विद्रोह के प्रमुख व्यक्ति थे उन्हें विद्रोह लाइट हाउस के रूप में जाना जाता था, उनके साथी बखत खान, .युसूफ मेहर अली, .फजले हक खैराबादी, अब्दुल हाफिज, .मोहम्मद हसरत मोहानी, मोहम्मद अली, मौलाना अहमदुल्लाह शाह एक महान क्रांतिकारी जो साजिश का शिकार हुए उन्हें राज या सत्ता से कोई मतलब नहीं था.. सत्ता में पद मिलने पर उसे ठुकरा दिया। मुट्ठी भर सिपाहियों के साथ गोरों से लोहा लिया, सारी उमर लड़े कभी पकड़ में नहीं आए, हज किया कई देशों का भ्रमण किया। दोस्त की गद्दारी ने मौत दी पोवाई के राजा जगन्नाथ सिंह मौलाना के खास थे। सरकार ने 50,000 चांदी के सिक्के का इनाम रखा सिक्के के लालच में तोप से फायर कर निहत्थे मौलाना का सर काट कर अंग्रेजों को पेश किया। मौलाना का सर अगले दिन कोतवाली में टांग दिया।

1965 की जंग भारत.पाकिस्तान के बीच हुई वीर अब्दुल हमीद ने पाकिस्तान के 8 टैंकों को नष्ट किया और वीरगति को प्राप्त हो गए। हवलदार वीर अब्दुल हमीद को मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजा गया। सर सैयद अहमद खान ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनवाई। नबी के पीर बनकर श्री गोविंद सिंह महाराज की जान बचाई, भाई मरदाना श्री गुरु नानक देव जी के आजीवनसाथी रहे। राष्ट्रपति जाकिर हुसैन .फखरुद्दीन अली अहमद, .वैज्ञानिक व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद,. उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी। इसके साथ ही 1980 में ए आर अतुले को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाया। 1980 में पहली मुस्लिम महिला सईदा अजनारा तैमूर को असम का मुख्यमंत्री पद सौंपा। 1952 में मोहम्मद यूनुस बिहार के मुख्यमंत्री रहे। 1973 में अब्दुल गफूर बिहार के, मुख्यमंत्री रहे केरल में मोहम्मद कोया मुख्यमंत्री रहे। मणिपुर में मोहम्मद अलीमुद्दीन मुख्यमंत्री रहे। जम्मू कश्मीर में तो लगातार मुख्यमंत्री रहते आ रहे हैं शेख अब्दुल्ला बक्शी,. गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद. सादिक, सैयद मीर कासिम., ख्वाजा शमसुद्दीन,. गुलाम नबी आजाद, महबूबा मुफ्ती, मुफ्ती मोहम्मद सईद,. फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला रहे अब हैं। राजस्थान में 1971 में बरकतुल्लाह खान मुख्यमंत्री रहे। वहीं इस मुल्क को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर मजबूती देने की बात करें तो मुसलमान इसमें में पीछे नही रहे और बढ चढ कर हिस्सा लिया। वैज्ञानिक मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विश्व के सबसे पहले राकेट का आविष्कार किया! अजीम प्रेमजी ने कोराना महामारी के दौरान लगभग 1125 करोड़ रुपए का योगदान। इससे पहले 52750 करोड़ रुपए दान किया। भारत चीन युद्ध 1962 के समय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली ने 5 टन सोना दिया था, जिसकी कीमत आज के समय में 7500 करोड़ से अधिक है। सलमान खान, आमिर खान, शाहरुख खान सोनू सूद आदि ने भी कोरोना बीमारी व लोगों की नाजुक स्थिति के दौरान देश सेवा में कुछ न कुछ राशि दान की है?

अंत में एक ही बात कहना चाहूंगा कि भारत एक फुलों के गुलदस्ते जैसा है यहां हर धर्म, हर भाषा, हर समुदाय, हर जाति और हर क्षेत्र के लोग जिस प्रेमभाव और सौहार्द के साथ रहते हैं अनेकता में एकता का मुख्य अंश है इस अखंड मुल्क को बनाने में हर धर्म, हर जाति, हर भाषा देश के कोने कोने से आए हुए लोगों का योगदान रहा है। इसलिए तो कहते हैं कि सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा-। हम बुलबुले हैं इसके यह गुलिस्ता हमारा?

ए भारत के लोगो जरा आंख में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुबार्नी? प्यार व सम्मान की ज्योत जलाओ गंदी राजनीति व नफरत को दूर भगाओ? जय जवान जय किसान तिरंगा सभी भारत वासियों की शान (जय हिंद)

**लेखक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष**
**भाकियू (बलराज) एवं**
**पिछड़ा वर्ग उ0 प्र0 सचिव (सपा)**

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** — धार्मिक यात्रा का लाभ लेंगे गुरु दीक्षा भी ले सकते हैं, मेनेजमेंट,सीए,अकाउंट, बैंकिंग क्षेत्र में सफलता मिलेगी, घरेलू सुख में वृद्धि होगी। भाग्य प्रतिशत-82

**वृषभ** — अपनी स्किल और प्लानिंग के बल पर सफलता मिलेगी, कोई नया कॉन्ट्रैक्ट व्यवसाय में उन्नति देगा, होटल, ट्रैवल टूरिज्म, कागज किताब प्रिंटिंग व्यवसाय चलेगा, सपने सच होंगे। भाग्य प्रतिशत-84

**मिथुन** — घर में खुशहाली आएगी, किसी कार्य के होने से आर्थिक स्थिति बेहतर हो जाएगी, बीपी का ध्यान रखें, मिर्च मसाले तला हुआ भोजन ज्यादा ना करें। भाग्य प्रतिशत-78

**कर्क** — मन खुश रहेगा, लोगों से मिलना जुलना सलाह देना, इंटरव्यू अच्छा होगा, कला वर्ग, डॉक्टर के लिए भी उत्तम समय हैं, दूर से विवाह तय होना और संतान सुख मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-80

**सिंह** — नींद अच्छी आएगी, धार्मिक यात्रा सफल होगी, पैसे निवेश किए थे तो ज्यादा होकर मिलेंगे, सरकारी सेवा में है तो पुरस्कार मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-74

**कन्या** — धीरे धीरे सभी इच्छायें पूरी होने का वक़्त है, ईश्वर को धन्यवाद देना ना भूले, जीवन साथी को करियर के लिए बढ़ायेंगे, व्यवसायिक यात्रा में अपना ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-77

**तुला** — काम को पूरी ईमानदारी से करेंगे उसका ईनाम भी मिलेगा, अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे, जुड़े हुए पैसे को जरूरी कार्य में अब खर्च करना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-67

**वृश्चिक** — लंबी यात्रा करने का समय हैं, मन शांत और खुशी से लबरेज रहेगा, बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना, जरुरत पूरा करने पर भी फोकस करें। भाग्य प्रतिशत-60

**धनु** — नए अनुभव होंगे, भीड़ में जाना होगा, पारिवारिक जीवन अच्छा होगा, विवाद को शांत करेंगे, प्रोपर्टी सम्बन्धित कार्य फलीभूत होंगे। भाग्य प्रतिशत-81

**मकर** — ज्ञान की वृद्धि होगी, प्रवक्ता उपदेशक, लेखक, पत्रकार उन्नति करेंगे, विवाह हेतु अच्छे परिवार और जीवन साथी से जल्दी ही भेट होगी, मन अच्छा रहेगा।भाग्य प्रतिशत-82

**कुंभ** — जिम्मेदारी क्या है समझ जाएंगे, कर्ज को उतारने का समय हैं, सर्दि गर्मी से बचें, जीवनसाथी के लिए परेशान रह सकते हैं, नौकरी से आय होगी। भाग्य प्रतिशत-58

**मीन** — प्रसन्नता बढ़ेगी,व्यस्त रहेंगे, नई योजनाएं बनायेंगे, जमीन का मुआवजा या प्लॉट खरीदना कर सकते हैं, शिक्षा क्षेत्र में सफलता, विवाह पक्का हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-84



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# तीज उत्सवः सोनम और शिप्रा जैन बनी तीज क्वीन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** श्रद्धा संस्था द्वारा तीज उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि बुलंदशहर नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल व यूट्यूब इनफ्लुएंसर पूनम रावत रही। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चलकर भाग लिया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने गीत एवं नृत्य करके एक दूसरे को उत्सव की शुभकामनाएं दी। सोनम और शिप्रा तीज क्वीन बनी। डांस में पूनम दत्त और शैली त्यागी प्रथम रही व थाल मेकिंग में मोनिका और शुभांगी ने बाजी मारी। श्रद्धा संस्था की अध्यक्षा एकता गर्ग ने बताया कि संस्था समाजिक क्रियाकलापों के साथ ही अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को भी कायम रखे हुए हैं। श्रद्धा संस्था की अध्यक्षा एकता गर्ग, ज्योति गर्ग, पूजा तेवतिया, अलका मित्तल, संगीता सिंघल,पूनम जिंदल, सीमा चौहान, काजल ,पूनम, शैली त्यागी, मिथिलेश, संगीता अग्रवाल, शिल्पी कंसल, रेखा मोदी, नीता, पूनम दत्त आदि मौजूद रही।





# किसानों की मांगों को लेकर किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर/मुरादनगर (अनवर खान)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर उनके शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित कृषि, सिंचाई, बिजली और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी कई समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों को फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी का प्रावधान किया जाए। गेहूं किसानों के भुगतान की व्यवस्था समय से कराने तथा गन्ना किसानों का बकाया भुगतान भी समय पर कराने की मांग की गई। इसके अलावा सिंचाई व्यवस्था को सुचारु रखने और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई। किसान नेताओं ने ट्यूबवेलों के मोटर, तार और ट्रांसफार्मर की बढ़ती चोरी पर अंकुश लगाने तथा खराब ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे के भीतर बदलने की व्यवस्था किए जाने की मांग की। ग्रामीण क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और नालियों को पक्का कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। इसके अलावा मुरादनगर क्षेत्र की इंद्रापुरी बस्ती में पेयजल आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाना जरूरी है अन्यथा संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

इस दौरान जिला मंत्री मुमताज खान, ब्लॉक अध्यक्ष विशाल चौधरी, वरिष्ठ किसान नेट परवेज चौधरी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नक्शा स्वीकृति में अनियमितता के आरोप में जिला पंचायत के वरिष्ठ लिपिक निलंबित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जिला पंचायत, बुलन्दशहर में व्यावसायिक एवं आवासीय प्रतिष्ठानों, प्लाटिंग तथा निर्माण आदि के मानचित्र स्वीकृति से संबंधित मामलों में अनियमितता और फजीर्वाड़े के आरोप में वरिष्ठ लिपिक विशाल कुमार गोस्वामी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार द्वारा जारी आवश्यक सूचना के अनुसार, उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप है कि संबंधित पत्रावलियों में सक्षम अधिकारी, जिला पंचायत की अध्यक्ष से स्वीकृति प्राप्त किए बिना तथा मानचित्र स्वीकृति के लिए निर्धारित धनराशि जमा कराए बिना अनुज्ञा पत्र जारी किए गए। इसके अलावा जारी किए गए अनुज्ञा पत्रों पर कथित रूप से फर्जी डिस्पैच नंबर अंकित किए जाने के मामले भी सामने आए हैं।

जिला पंचायत ने इस संबंध में जनसाधारण से अपील की है कि जिन लोगों ने वरिष्ठ लिपिक विशाल कुमार गोस्वामी के माध्यम से अपने व्यावसायिक अथवा आवासीय प्रतिष्ठानों, प्लाटिंग या निर्माण संबंधी मानचित्र स्वीकृत कराए हैं, वे अपने दस्तावेजों का सत्यापन अवश्य करा लें। दस्तावेजों का सत्यापन जिला पंचायत कार्यालय, बुलन्दशहर में उपस्थित होकर अथवा जिला पंचायत की ई-मेलamazpbsr@gmail.com के माध्यम से कराया जा सकता है।

जिला पंचायत अधिकारियों के अनुसार, सत्यापन के दौरान यदि किसी व्यक्ति के साथ भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी अथवा अनियमितता सामने आती है, तो मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित कर्मचारी की जिम्मेदारी निर्धारित करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जिला पंचायत ने प्रभावित लोगों से अपने दस्तावेजों का जल्द से जल्द सत्यापन कराने की अपील की है।

# कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** फरीदनगर स्थित आदर्श जनता इंटर कॉलेज में क्षेत्रीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों ने अलग-अलग मुकाबलों में दमखम दिखाया। खेल मैदान पर खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिला।

प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य, शिक्षकों और प्रबंध समिति के सदस्यों ने अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रेम चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में पहलवान वीरेंद्र सिंह त्यागी निवासी निवाड़ी, अंतरराष्ट्रीय पहलवान अभिषेक चौधरी और दीपक चौधरी ने रेफरी की भूमिका निभाई। निर्णायकों ने मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन और नियमों का ध्यान रखा। विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अशोक कुमार ने प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।क्षआयोजन के अंत में प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह तोमर ने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों, अतिथियों, रेफरी और स्कोररों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ निरंतर अभ्यास करने और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर में खेल गतिविधियों को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा।



# संगठन सृजन अभियान के दूसरे दिन शिकारपुर और पहासू ,पहुंचे कांग्रेस पर्यवेक्षक, कार्यकर्ताओं से किया संवाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर/पहासू ।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के दूसरे दिन गुरुवार को उड़ीसा से आए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं संगठन सृजन अभियान के पर्यवेक्षक डॉ. विश्वरंजन मोहंती तथा पीसीसी पर्यवेक्षक सलमान सईद ने शिकारपुर नगर एवं ब्लॉक की कमेटियों की समीक्षा ब्राह्मण धर्मशाला, शिकारपुर में तथा पहासू नगर एवं ब्लॉक के साथ छतारी नगर की कमेटियों की समीक्षा प्रेम गार्डन, पहासू में की। इस दौरान दोनों पर्यवेक्षकों ने कार्यकताओं से व्यक्तिगत मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने के लिए विस्तार से विचार-विमर्श किया।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. विश्वरंजन मोहंती ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ब्लॉक, नगर और बूथ स्तर के कार्यकताओं के मन की बात जानना चाहते हैं, ताकि उनके सुझावों को संगठन में लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज जिले और प्रदेश में भाजपा तथा आरएसएस की नीतियों के खिलाफ यदि कोई मजबूती से संघर्ष कर रहा है तो वह कांग्रेस का कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और युवाओं, किसानों तथा गरीबों को अच्छे दिनों का सपना दिखाकर ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आज कांग्रेस और राहुल गांधी की आवश्यकता है। डॉ. मोहंती ने स्पष्ट कहा कि ब्लॉक, नगर और प्रत्येक कार्यकर्ता की बात राहुल गांधी तक पहुंचाई जाएगी तथा अब संगठन में मेहनती और सक्रिय कार्यकर्ताओ को ही आगे बढ़ाया जाएगा।

पीसीसी पर्यवेक्षक सलमान सईद ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा और योगी सरकार की तानाशाही से त्रस्त है तथा राहुल गांधी और कांग्रेस को सत्ता में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कार्यकताओं से सीधा संवाद कांग्रेस को और अधिक मजबूत करेगा।

बैठकों की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने की। इस अवसर पर शिकारपुर ब्लॉक अध्यक्ष विकास शर्मा, पहासू ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार बघेल, शिकारपुर नगर अध्यक्ष शेर खान, पहासू नगर अध्यक्ष अखिल पठान तथा छतारी नगर अध्यक्ष मयंक माहेश्वरी ने अपनी-अपनी कमेटियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और मंडल अध्यक्षों का परिचय पर्यवेक्षकों से कराया।

बैठकों में पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, शिवकुमार शर्मा, भजनलाल विमल, सचिन वशिष्ठ, गुरुबचन सिंह, डॉ. शखावत, मनोज भारद्वाज, सगीर अहमद, युधिष्ठिर शर्मा, पाशा पठान, कुलदीप पचौरी, नरेश बाल्मीकि, दिनेश शर्मा, योगेश शर्मा, तरुण जाट, जुबेर राणा एडवोकेट, शाहिद अल्वी, मुनाजिम खान, नवाब सभासद, पुनीत यादव, सोनू मीणा, परवेज पठान, सुधार जाटव, फिरोज खान, अभिषेक पंडित, राजू प्रधान, महबूब प्रधान, अशरफ अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# कावड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर पुलिस को सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकताओं ने प्रांतीय महामंत्री नीरज सैनी के नेतृत्व में काँवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के उपलक्ष्य में कोतवाल धर्मेंद्र शर्मा व कस्बा इंचार्ज संजेश यादव को फूल माला व चित्र देकर सम्मानित किया। अंकित सैनी, शिवम बिधूड़ी , जीतू सिह, विशाल सैनी , कार्तिक , मुरली सिंह , देव , अमन , सौरभ चपराना , अजय बिधूड़ी आदि ने सम्मानित किया।



# डिबाई से सैक्ड़ो समर्थकों के साथ बुलंदशहर पहुंचीं खुशबू सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुलंदशहर में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में डिबाई विधानसभा क्षेत्र की भी प्रभावशाली भागीदारी रही। भाजपा नेत्री खुशबू सिंह की अगुवाई में डिबाई विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में समर्थक बसों के माध्यम से बुलंदशहर पहुंचे और हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। यात्रा में डिबाई क्षेत्र की भागीदारी को सफल बनाने में खुशबू सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही। सुबह से ही डिबाई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से समर्थकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। बसों में सवार होकर पहुंचे कार्यकताओं और समर्थकों के हाथों में तिरंगा नजर आया। देशभक्ति के नारों और भारत माता के जयकारों के बीच समर्थकों में खासा उत्साह दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाना रहा। बुलंदशहर में आयोजित यात्रा का शुभारंभ काला आम चौराहे से हुआ।

**भव्य तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता के जयकारे, काला आम से डीएवी तिराहे तक उमड़ा देशभक्ति का सैलाब**

इसके बाद यात्रा अंसारी रोड चौराहा होते हुए डीएवी तिराहे तक पहुंची। मार्ग में तिरंगों की कतार और देशभक्ति के नारों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। डिबाई से पहुंचे समर्थकों ने भी पूरे उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की।खुशबू सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल देश का ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आन, शान और पहचान का प्रतीक है। तिरंगे के प्रति सम्मान प्रत्येक नागरिक के मन में होना चाहिए।



# बिलासपुर में तिरंगा यात्रा से देश भक्ति व राष्ट्र प्रेम का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी.वर्मा) ।** क्षेत्र के नगर बिलासपुर में प्रधानमंत्री दामोदरदास भाई नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ जी के आवाहन पर

बिलासपुर नगर पंचायत द्वारा चेयरमैन श्रीमती लता सिंह चेची पति संजय भैया चेची की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पंचायत सभासदों, कर्मचारियो, सैकड़ो स्कूली बच्चों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने देश भक्ति व राष्ट्रीय प्रेम के नारों के उद्घोष के साथ शहीदों की अमरता को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें हजारों राष्ट्रवादियों ने हाथों मैं तिरंगे लहरा कर नारों से माहौल गूंजाएमान कर दिया। तिरंगा रैली नगर पंचायत कार्यालय से चलकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए बस अड्डे के नजदीक स्थित अंबेडकर पार्क में पहुंचकर भारतीय संविधान निमार्ता डॉङ्क भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण एवं उन्हें उन्हें नमन कर तिरंगा यात्रा समाप्त हुई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा के दौरान नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा घर-घर व दुकान- दुकान तिरंगे झंडे वितरण किए थे। तिरंगा यात्रा में नगर पंचायत चेयरमैन श्रीमती लता चेची के पति संजय भैया चेची,अधिशासी अधिकारी वीरज कुमार त्रिपाठी, पूर्व चेयरमैन राकेश, शर्मा, पत्रकार व सामाजिक चिंतक नंद गोपाल वर्मा, प्रधाना चर्या ममता शर्मा,

अनुपम तायल,सरवन कुमार,सरजीत भाटी,रविंद्र भाटी,नाजिम सैफी, मोहित कुमार, हरिओम भाटी, एडवोकेट विपिन चौहान, पत्रकार शफी मोहम्मद सैफी, हरि प्रकाश बाबा, खालिद सैफी, हरिप्रकाश बाबा,गगन सिंह रोनी,योगेंद्र शर्मा, गुरुदत्त भाटी, माङ्क प्रेमवीर शर्मा, अरशद खान,गोपाल बसु, हिफ्जो खान, दिलशाद कुरैशी, मुस्ताक खान, अतीक पठान आदि शामिल रहे।





**निर्देश** आयोग की अध्यक्षा ने महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

# महिला जनसुनवाई में 47 महिलाओं ने रखीं शिकायतें, आयोग की अध्यक्ष ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर ने गुरुवार को बुलन्दशहर के जनपद भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सभागार में ह्यराष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत महिला जनसुनवाई की। जनसुनवाई में 47 महिलाओं ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं प्रस्तुत कीं। आयोग की अध्यक्षा ने महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान आहार थाना क्षेत्र से एक महिला अपने नवजात बच्चे को लेकर पति एवं ससुराल पक्ष के विरुद्ध शिकायत लेकर पहुंची। जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से आवश्यक उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला एवं उसके बच्चों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा जननी सुरक्षा योजना सहित अन्य पात्र योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई शुरू की गई। वहीं पुलिस द्वारा महिला की शिकायत की तथ्यात्मक जांच कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई।

इसके बाद आयोग की अध्यक्षा ने कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण एवं बाल विकास से संबंधित कार्यों तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री जय प्रकाश यादव ने बताया कि जनपद में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों की काउंसलिंग तथा अनाथ बच्चों के पुनर्वास का कार्य किया जा रहा है। महिला कल्याण विभाग द्वारा ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्ल अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कन्या जन्मोत्सव के माध्यम से बालिकाओं के सम्मान और उनके प्रति सकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा रहा है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से कानूनी, आवासीय, काउंसलिंग एवं चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम के लिए गठित परिवाद समितियों के माध्यम से भी कार्रवाई की जा रही है।




आयोग की अध्यक्षा ने महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने भविष्य में और बेहतर कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन कल्याण, पंचायती राज, कौशल विकास एवं एनआरएलएम विभाग द्वारा महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

श्रीमती विजया रहाटकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र महिला अथवा बच्चा शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ पात्र लाभार्थियों तक उनका लाभ समय से पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष ने आयोग की अध्यक्षा को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निदेर्शों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री अभिषेक कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो बने और 42 अधबने तमंचे बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** असमोली थाना पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है , जबकि दूसरा आरोपी भागने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से दो बने हुए और 42 अधबने तमंचे व अवैध हथियार बनाने की सामग्री बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया जबकि भागे आरोपी की तलाश में जुटी है। जिन 30 लोगों को अवैध तमंचे बनाकर बेचे गए हैं, पुलिस उन्हें भी बरामद कर आगे की कार्रवाई करेगी। एसपी ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।

थाना पुलिस को सूचना मिली कि हीरापुर गांव के जंगल में बंद पड़ी पानी की टंकी में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही है। पुलिस ने छापेमारी कर मौके से हीरापुर निवासी इकरार को गिरफ्तार किया जबकि ताहिर मौका पाकर भाग गया। मौके से पुलिस ने दो बने हुए तमंचे और 42 अधबने तमंचों के अलावा अवैध हथियार बनाने की सामग्री बरामद की है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रेसवार्ता की और बताया कि काफी करीब तीन महीने से अवैध हथियार बनाने का धंधा चल रहा था। संभल निवासी अजीम ने इकरार और ताहिर को ट्रेनिंग दी थी और वहीं तमंचे तैयार होने के बाद बेचने का काम करता था। अब तक 30 लोगों को अवैध तमंचे बेचे गए हैं।

जिन्हें तमंचे बेचे गए हैं, उनकी तलाश कर रहे हैं और शीघ्र तमंचा बरामद करने का कार्य किया जाएगा। फरार ताहिर को भी पुलिस पकड़ने का प्रयास कर रही है। इस दौरान एएसपी कुलदीप कुमार, सीओ अमन सिंह इंस्पेक्टर सुधीर पवार भी मौजूद रहे।


# अमरोहा में स्वतंत्रता दिवस की धूम: दूधिया रोशनी से जगमग हुआ नगर पालिका परिषद भवन, शहरवासियों ने की भव्य सजावट की सराहना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** आगामी 80 वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। इस राष्ट्रीय पर्व को ऐतिहासिक और बेहद खास बनाने के लिए अमरोहा नगर पालिका परिषद द्वारा की गई विशेष तैयारियां इस समय पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद के मुख्य भवन को आकर्षक और आधुनिक दूधिया रोशनी (व्हाइट लाइटिंग) से भव्य रूप से सजाया गया है, जो रात के समय देखते ही बनती है।पालिका की इस नायाब सजावट को देखने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में शहरवासी अपने परिवारों के साथ पहुंच रहे हैं। रात्रि के समय जगमग रोशनी से नहलाए गए भवन और परिसर की खूबसूरती लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। लोग इस मनमोहक दृश्य को अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं, तस्वीरें खींच







रहे हैं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो शेयर कर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर नगर पालिका के इस विकासपरक और सुंदर प्रयास की चहुंओर भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है।अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार और अध्यक्ष शशि जैन के प्रयासों को सराहा जा रहा है। नगर पालिका परिषद स्थित टाउन हॉल के पार्क को भी इस बार विशेष रूप से सजाया गया है। रंग-बिरंगी और आकर्षक लाइटिंग से सजे इस पार्क का दृश्य बेहद मनमोहक और भव्य प्रतीत हो रहा है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर यह सजावट शहरवासियों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गई है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस सुंदर वातावरण का आनंद ले रहे हैं। नगरवासी इस भव्य सजावट के लिए पालिका प्रशासन और उसकी कार्यशैली की मुक्तकंठ से सराहना कर रहे हैं।राष्ट्रीय पर्व के गौरव को और अधिक बढ़ाने के लिए नगर पालिका द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं।

पालिका भवन के बाहरी हिस्से की सड़क पर एक बहुत ही लंबा और भव्य तिरंगा लगाया गया है, जो दूर से ही देशभक्ति की भावना को जागृत करता है। इसके साथ ही, नगर पालिका भवन के मुख्य शिखर और ऊपरी हिस्सों पर भी तिरंगे रंगों की भव्य और गरिमामय सजावट की गई है, जो राष्ट्र के प्रति सम्मान और समर्पण का अनूठा संदेश दे रही है। पालिका अध्यक्ष और ईओ को मिल रही बधाइयां।

# एसएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** राष्ट्रीय तिरंगा कार्यक्रम के तहत एसएम कॉलेज में गुरुवार को तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का आयोजन डॉ. विशेष कुमार पांडेय के



**प्राचार्य ने कहा- राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य**

संयोजन में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दानवीर सिंह यादव के नेतृत्व में किया गया। इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के शहीदों और संविधान निर्माताओं के अथक प्रयासों का परिणाम है।

हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र के प्रति अटूट श्रद्धा रखते हुए राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों का सम्मान करें। डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज की विकास यात्रा के बारे में जानकारी दी।

रैली में डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. हेमंत कुमार, महेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. नेहा, लोकेश चंद्र अग्रवाल, निर्दोष यादव, मोहित बघेल, वैभव सक्सेना, सुमित, राधा, मोहिनी, कपिल कुमार सहित शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# एबीसी किड्स स्कूल में तिरंगा रैली निकालकर दिया देशभक्ति का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** एबीसी किड्स मॉन्टेसरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। हर घर तिरंगा अभियान के तहत यूकेजी से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली। बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और हर घर तिरंगा के नारे लगाए।



विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और राष्ट्रध्वज के सम्मान की जानकारी दी। उन्होंने देश के प्रति जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शालू, निशा, काजल, प्रिया, सिल्की, इशिता, सरिता, अंकिता, शिल्पा, सोनल, दीपिका, दीक्षा, अर्शी, शालिनी, मीनू और गौरव आदि का सहयोग रहा।

# दो एसी रोडवेज बसों का शुभारंभ, वृंदावन और दिल्ली का सफर होगा आसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी ने हरी झंडी दिखाकर और फीता काटकर दो

**मंत्री गुलाब देवी ने हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना, श्रद्धालुओं और व्यापारियों को मिलेगा लाभ**

वातानुकूलित रोडवेज बसों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नई बस सेवा से श्रद्धालुओं को उसी दिन वापसी की सुविधा मिलेगी, वहीं व्यापारियों को दिल्ली आने-जाने में सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का



लाभ मिलेगा। पीतलनगरी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम सिंह ने बताया कि मंत्री की पहल पर एक एसी बस सुबह पांच बजे वृंदावन के लिए अलीगढ़-मथुरा होकर रवाना होगी। दूसरी एसी बस सुबह पांच बजे संभल होते हुए दिल्ली जाएगी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट मनोज कठेरिया ने किया। नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि रामपाल सिंह समेत रोडवेज और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी 65हजार रुपये की, नि:शुल्क ई-ट्राईसाइकिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा स्कूल जाने वाली शिक्षक/प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद संभल के प्रत्येक

**आवेदन कर्ताओं की आयु 16 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए**

विधानसभा में 20-20 ई- ट्राईसाइकिल प्रदान की जानी है। जिसका उद्देश्य ऐसी स्कूल जाने वाली शिक्षण/प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं दिव्यांग छात्राएं जो दैनिक कक्षाओं लाइब्रेरी, लैब, हॉस्टल आदि में सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त नहीं कर पाती हैं, उनको ई- ट्राईसाइकिल प्रदान कर शैक्षिक पुनर्वासन प्रदान करना है। अनुदान की दर इस योजना के अंतर्गत अनुदान की अधिकतम धनराशि रुपया 65हजार प्रति ई-ट्राईसाइकिल अनुमन्य होगी। आवेदक की दृष्टि अच्छी हो, मानसिक स्थिति अच्छी हो, कमर के ऊपर



का हिस्सा स्वस्थ हो, संबंधित दिव्यांग छात्रा ई-ट्राईसाइकिल पर बैठकर अपने हाथों से उपकरण को चलाने में सक्षम हो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संभल द्वारा दिव्यांगता प्रमाणित की गई हो, आयकर दाता ना हो, आयु 16 वर्ष या 16 वर्ष से अधिक हो।

भारत सरकार, स्थानीय निकाय, सांसद निधि, विधायक निधि तथा अन्य सरकारी या सरकार द्वारा अनुदानित स्रोतों से उसे ई-ट्राई साइकिल पूर्व में 5 वर्ष की अवधि सीमा लाभान्वित नहीं किया गया हो। दिव्यांग छात्राओं के संस्थान द्वारा निर्गत अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रदर्शित दो फोटो, मोबाइल नंबर।

अतः उक्त के क्रम में ऐसी स्कूल जाने वाली शिक्षण/प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राएं जो दैनिक कक्षाओं लाइब्रेरी, लैब, हॉस्टल, आदि में सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त नहीं कर पाती हो, वह अपना आवेदन पत्र वेब पोर्टल "https://hwd.uphq.in पर करने के उपरांत आवेदन पत्र की हार्डकॉपी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, संभल (कलेक्ट्रेट परिषद बहजोई) में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अधिक जानकारी की हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत, शिक्षिकाओं ने निकाली भव्य स्कूटी तिरंगा रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कलक्ट्रेट परिसर से बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों की शिक्षिकाओं द्वारा भव्य स्कूटी तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व जिला

**जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, पूर्व मंत्री एवं विधायक तथा मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना**

बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने किया।

स्कूटी तिरंगा रैली को जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल, पुलिस अधीक्षक





कृष्ण कुमार बिश्नोई, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने राष्ट्रध्वज के साथ देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर खाटू श्याम मंदिर एवं रेलवे रोड, बहजोई होते हुए जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जनसामान्य में जागरूकता एवं देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

# तिरंगा रैली निकालकर विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** महाविद्यालय की राष्ट्रीय पर्व समिति के तत्वावधान में गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली और तिरंगे के साथ सेल्फी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो.



अलका रानी अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली

**हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली रैली, करीब 60 छात्राओं ने लिया हिस्सा**

का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय पर्व समिति प्रभारी डॉ. सुमन श्रेष्ठ के नेतृत्व में छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ परिसर व आसपास के क्षेत्र में जागरूकता का संदेश दिया। रैली के बाद छात्राओं ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अभियान के प्रति सहभागिता और देशप्रेम की भावना व्यक्त की।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति और जन-जागरूकता की भावना बढ़ाना रहा। रैली में करीब 60 छात्राएं शामिल हुईं। समिति की डॉ. बबिता, डॉ. प्रीति चौधरी और डॉ. नीता गुप्ता समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# एफआर इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न, अशफाक भारती बने अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** एफआर इंटर कॉलेज में गुरुवार को प्रबंध समिति कार्यकारिणी का चुनाव विभाग द्वारा नामित पीठासीन अधिकारी नजर अहमद, नोटरी पब्लिक एडवोकेट और पर्यवेक्षक अब्दुल सईद खान की देखरेख में संपन्न हुआ। साधारण सभा के सदस्यों ने सर्वसम्मति से अशफाक भारती एडवोकेट को अध्यक्ष, हाजी मतीनउद्दीन को उपाध्यक्ष और हाजी



मोहम्मद फरीद शम्सी को प्रबंधक चुना।

इसके अलावा सेठ शम्सुर रहमान शम्सी को उप-प्रबंधक और मोहम्मद अख्तर कुरैशी को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शहजाद हसन अंजुम, अब्दुल वासी आजम एडवोकेट, डॉ. बदरूज्जमां, मोहम्मद अनीस कुरैशी, हाजी खलीक

**हाजी मोहम्मद फरीद शम्सी को प्रबंधक और मतीनउद्दीन को उपाध्यक्ष चुना गया**

अहमद, अकील अहमद और हाजी मोहम्मद कासिम अंसारी चुने गए।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपने-अपने पद की शपथ ली।

प्रधानाचार्य वसीम उद्दीन ने नवनिर्वाचित प्रबंध समिति को बधाई देते हुए विद्यालय के विकास में सहयोग की उम्मीद जताई। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

**काजल, चंचल और प्रिया की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्राचार्य ने विजेताओं को किया सम्मानित**

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी बालक वर्ग जयप्रकाश गौतम और बालिका वर्ग शर्मिल उपाध्याय के नेतृत्व में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में काजल, चंचल और प्रिया की टीम ने प्रथम, प्रिया और अर्चना ने द्वितीय तथा अमित, चारु और काजल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में शर्मिल उपाध्याय, सोनिया शर्मा और रश्मि यादव रहीं।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजकुमार गोयल ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





**चयन** | एफआर इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता, बालिका वर्ग में चार और बालक वर्ग में कई पहलवान चयनित

# जिला स्तरीय कुश्ती में पहलवानों ने दिखाया दमखम,19 का मंडल स्तर पर चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** एफआर इंटर कॉलेज में गुरुवार को जिला स्तरीय बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के पहलवानों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता संजीव कुमार सक्सेना, खेल पर्यवेक्षक एवं प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल रतनपुर बेरनी की देखरेख में हुई। चयनकर्ता चंद्र प्रकाश और संजीव कुमार रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशफाक भारती एडवोकेट और प्रबंधक मोहम्मद फरीद शम्सी ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कराया। बालिका वर्ग में अंडर-14 की कृष्णा, खुशी और अवनी त्यागी तथा अंडर-17 में आयुषी



का मंडल स्तर के लिए चयन हुआ।

बालक वर्ग में फ्रीस्टाइल अंडर-14 के 44 किलो में अमन और 48 किलो में मोहित चयनित हुए। अंडर-17 में सुमित, अरुण, अखिलेश, मोहम्मद यसदानी, अमीर हुसैन, कृष्ण और जगू सिंह ने अलग-अलग भार वर्गों में स्थान बनाया। अंडर-19 में मोहम्मद जुबैर मलिक, फहद, मोहम्मद अफ्फान और तस्लीम चयनित हुए।

ग्रीको रोमन अंडर-17 में अरविंद, राहुल, धर्मेंद्र, कृष्ण मिश्रा और रोहित का चयन मंडल स्तर के लिए हुआ। प्रधानाचार्य वसीम उद्दीन ने सभी चयनित पहलवानों को शुभकामनाएं दीं। संचालन खेल प्रभारी मोहम्मद हनीफ और सह प्रभारी जावेद आलम ने किया।

# आटा चौकी प्रभारी के लिए स्टाफ ने दी भावभीनी बिदाई, विदाई समारोह के समय सभी स्टाफ की आंखें दिखी नम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** आटा चौकी प्रभारी मोहित चौधरी को दी गई भावभीनी विदाई। मोहित चौधरी ने 27मई को आटा चौकी की कमान संभाली थी मात्र तीन माह में उन्होंने क्षेत्र में अपनी एक अलग ही पहचान बना ली थी,उनके समय में चौकी क्षेत्र में क्राइम की संख्या न के समान रह गई। चोर उचक्के उनके नाम से कांपते थे क्षेत्र में घटना करने से पहले एक बार सोचने को मजबूर हो जाते थे,उनके समय में क्षेत्र में काफी शान्ति का माहौल देखा गया।

आटा चौकी से उन्हें सर्विलांस सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।





# विधायक चंद्रभानु पासवान के प्रयास से सऊदी अरब से गांव पहुंचा बृजेश का पार्थिव शरीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मिल्कीपुर (अयोध्या)।** रोजगार की तलाश में सऊदी अरब गए मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के रसूलपुर लिलहा निवासी बृजेश कुमार का पार्थिव शरीर बुधवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा। शव के गांव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां सावित्री देवी बेटे का शव देखते ही बेसुध हो गईं। परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी अंतिम दर्शन के लिए पहुंच गए।



बताया गया कि बृजेश कुमार अप्रैल 2025 में रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब के रियाद गए थे। वहां वह काम कर परिवार के भरण-पोषण में सहयोग कर रहे थे। इसी बीच 22 जुलाई 2026 की रात अचानक उनकी मौत हो गई। विदेश में अचानक हुई इस घटना की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

**आर्थिक तंगी बनी बड़ी परेशानी**

बृजेश की मौत के बाद परिवार के सामने सबसे बड़ी समस्या उनका पार्थिव शरीर स्वदेश लाने की थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजन शव को सऊदी अरब से भारत लाने की प्रक्रिया और उससे जुड़े खर्च का इंतजाम करने में खुद को असमर्थ पा रहे थे। ऐसे मुश्किल समय में परिवार ने मदद की गुहार लगाई।

**विधायक ने तत्काल लिया संज्ञान**

मामले की जानकारी मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान को हुई तो उन्होंने तत्काल मामले का संज्ञान लिया। विधायक ने भारतीय विदेश मंत्रालय तथा संबंधित उच्च अधिकारियों से संपर्क कर बृजेश के पार्थिव शरीर को भारत लाने की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग और समन्वय किया।

विधायक की ओर से लगातार अधिकारियों से संपर्क बनाए रखने और मामले की पैरवी किए जाने के बाद जरूरी औपचारिकताएं पूरी की गईं। इसके बाद बृजेश का पार्थिव शरीर भारत लाया गया और बुधवार को उनके पैतृक गांव रसूलपुर लिलहा पहुंचाया गया।

**शव पहुंचते ही मचा कोहराम**

बृजेश का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे का शव देखते ही मां सावित्री देवी दहाड़ मारकर रोने लगीं। परिवार के अन्य सदस्यों का भी रो-रोकर बुरा हाल रहा। आसपास के लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके घर पहुंचे। लोगों ने बृजेश के अंतिम दर्शन किए और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई। पूरे गांव में मातम का माहौल रहा।

**परिवार ने विधायक का जताया आभार**

पीड़ित परिवार ने इस कठिन समय में सहयोग के लिए विधायक चंद्रभानु पासवान का आभार जताया। परिजनों ने कहा कि विदेश में हुई मौत के बाद आर्थिक परेशानी के कारण उन्हें अपने बेटे का शव स्वदेश लाने में काफी चिंता थी। विधायक के प्रयास से प्रक्रिया आगे बढ़ी और बृजेश का पार्थिव शरीर गांव तक पहुंच सका।

परिजनों के मुताबिक, बेटे की अंतिम इच्छा और परिवार की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उसका अंतिम संस्कार पैतृक गांव में ही किया जा सका। ग्रामीणों ने भी विधायक के प्रयास की सराहना करते हुए शोकाकुल परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

विदेश में रोजी-रोटी कमाने गए युवक की अचानक मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। बेटे का पार्थिव शरीर घर पहुंचने के बाद जहां परिवार में मातम पसरा रहा, वहीं अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने से परिजनों को अंतिम विदाई देने का अवसर मिल सका।

# अकेले ही देता था चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम, मुठभेड़ में घायल हुआ लुटेरा तरुण

मेरठ। पल्लवपुरम थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक ऐसे शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। जो अकेले ही शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। मुठभेड़ के दौरान आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। जिसके कब्जे से 40 हजार की नकदी और हथियार बरामद किए गए हैं।

पल्लवपुरम थानाध्यक्ष भरत सारस्वत ने बताया कि बृहस्पतिवार को तड़के पुलिस और स्वाट टीम दुल्हैड़ा चौहान गांव के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार एक बदमाश को रोका गया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुआ।



घायल बदमाश ने अपना नाम शास्त्रीनगर सेक्टर 3 निवासी तरुण ठाकुर उर्फ अभिषेक ठाकुर उर्फ काला ठाकुर बताया। बदमाश के कब्जे से 40 हजार कैश, एक तमंचा और दो कारतूस सहित बाइक भी बरामद की गई। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि वह शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बाइक पर अकेले घूम कर चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। बीती 31 जुलाई को इसी बदमाश ने पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में उल्देपुर चौराहे के पास से एक महिला से चेन लूटी थी।

उसी दिन इस बदमाश ने भावनपुर थाना क्षेत्र में एक महिला से कुंडल लूट की घटना को अंजाम दिया था।

बीती 2 अगस्त को मेडिकल थाना क्षेत्र से यामाहा बाइक भी इसी बदमाश ने चोरी की थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में 10 मुकदमे दर्ज हैं। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ट्रेन में छात्रा से छेड़खानी में" दो को चार-चार साल का कारावास" 10-10 हजार का जुर्माना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट-2 की अदालत ने नाबालिग छात्रा से छेड़खानी, अभद्र टिप्पणी और मारपीट के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत ने दोनों को चार-चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।पुलिस के अनुसार, छात्रा 2019 में अपने साथियों के साथ मुरादाबाद से चंदौसी जाने वाली ट्रेन में सफर कर रही थी।

जरगांव रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन पहुंचने पर आरोपी दीपक और शिवम ने छात्रा से छेड़खानी और अभद्र टिप्पणी करना शुरू कर दिया। छात्रा ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। साथ ही पुलिस से शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। कुआंखेड़ा रेलवे स्टेशन से आगे आरोपी युवक चेन पुलिंग कर ट्रेन से उतर गए।


**छात्रा ने चंदौसी के जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई।**

जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।इस मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वितीय छाया शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने बहस की। अदालत ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी दीपक और शिवम को दोषी ठहराते हुए चार-चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

# सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत: अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है थाना छजलैट के गांव जाग वाली मिलक के मदनपाल का कहना था की 12 अगस्त को सुबह 7:00 बजे अपनी पत्नी राकेश देवी के साथ मोटरसाइकिल से मुरादाबाद जा रहा था लदावली के पास पहुंचा तो इको गाड़ी के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी




जिसमें दोनों को काफी चोट आई एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# 15 अगस्त को सनबीम मॉडर्न पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा,अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान की अपील

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सनबीम मॉडर्न पब्लिक स्कूल परिसर स्थित अमन पॉली क्लिनिक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है।

अमन पॉली क्लिनिक के संचालक डॉ नासिर हुसैन ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

डॉ नासिर हुसैन के अनुसार, सामूहिक रूप से रक्तदान करने से रक्तदाताओं के ब्लड ग्रुप की जानकारी भी उपलब्ध रहती है, जिससे



आवश्यकता पड़ने पर आपात स्थिति में रक्त की व्यवस्था करने में मदद मिल सकती है। रक्तदान करने वाले लोगों को संबंधित रक्त बैंक की नीतियों के अनुसार डोनर कार्ड अथवा अन्य सुविधा भी मिल सकती है।

डॉ नासिर हुसैन ने भावुक अपील करते हुए कहा कि खून की कमी के कारण किसी की जान चली जाए, इससे बड़ी पीड़ा कोई नहीं हो सकती। हमारा थोड़ा-सा रक्त किसी मां की गोद, किसी बच्चे की मुस्कान और किसी परिवार की उम्मीद बचा सकता है। उन्होंने कहा कि ह्लरक्तदान करें, जिंदगी बचाएंह्व के संदेश के साथ सभी स्वस्थ एवं पात्र लोगों को इस नेक कार्य में भाग लेना चाहिए और 15 अगस्त के रक्तदान शिविर को सफल बनाना चाहिए।

# बागपत में हत्या कर दो दोस्तों के शव मंदिर परिसर में गाड़े, महंत हुआ फरार

बागपत। यूपी के बागपत जिले से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सिगोली तगा में 25 जुलाई से लापता दो दोस्तों की हत्या कर शव लहचौड़ा के मंदिर में गड़े मिले है। पुलिस नें रात्रि में दोनों शवों को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या का आरोपी पुजारी फरार बताया गया, जबकि उसके दो शिष्यों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हत्या की सूचना पर परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। वहीं मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

सिगोली तगा निवासी 28 वर्षीय इसरार पुत्र रिड़कू व गांव का ही 28 वर्षीय दिव्यांग अंकित पुत्र मुकेश दोनों दोस्त थे। 25 जुलाई को दोनों घर से बाहर बाइक द्वारा घूमने निकले थे, लेकिन शाम तक जब वापस नहीं आये तो परिजनों नें



तलाश की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया तो परिजनों नें 27 जुलाई को थाना चांदीनगर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। तभी से पुलिस तलाश में जुटी थी।मुखबिर की सूचना पर पुलिस नें लहचौड़ा के गणेश मंदिर जो रटौल मार्ग पर स्थित है। वहां के महंत नरेश नाथ से पूछताछ करनी चाहिए तो वह फरार मिला। पुलिस नें शक के आधार पर उसके दो शिष्यों को हिरासत में ले लिया तो 13 अगस्त की रात्रि तीन बजे पुलिस ने लहचौड़ा के गणेश मंदिर प्रांगण से गड्ढे में हत्या कर दबाए गए शवों को बरामद किया। मृतकों के परिजनों को भी सूचना दी।

सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया है। वहीं जांच अधिकारी चांदीनगर राकेश कुमार नें बताया की लापता युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी महंत फरार है। जबकि उसके दो शिष्यों को गिरफ्तार किया गया है। उधर सिगोली तगा में दो हत्या की सूचना पर शोक की

# लंबे इंतजार के बाद भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित, आठ उपाध्यक्ष बने, तीन महामंत्री

**मेरठ।** मेरठ में लंबे इंतजार के बाद भाजपा की जिला कार्यकारिणी की बुधवार देर रात घोषणा कर दी गई। खींचतान व गुटबाजी के चलते पश्चिम क्षेत्र में अकेले मेरठ की जिला इकाई की कार्यकारिणी घोषित नहीं हो पा रही थी। इसका कारण क्षेत्रीय पदाधिकारियों का दबाव बताया जा रहा था। लंबी जद्दोजहद के बाद कार्यकारिणी फाइनल हुई। इस कार्यकारिणी के सहारे ही भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में उतरेगी।

जिलाध्यक्ष हरवीर पाल ने पंकज भारद्वाज, सुशील चौहान, मंजू सेठी, मोहित तोमर, रोबिन गुर्जर, राहुल चौहान, दीपक अहलावत, अमित मोहन गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। मंजू सेठी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष हैं तो रोबिन गुर्जर सांसद अरुण गोविल के किठौर विधानसभा प्रतिनिधि हैं। इसी तरह से अभी तक उपाध्यक्ष रहे फिरेराम धनतला व समीर चौहान को जिला महामंत्री बनाया गया है। सुभाष शर्मा भी महामंत्री बने हैं।

नए जिला मंत्रियों में सोनू त्यागी, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहन गुर्जर, शिवशक्ति सिंह प्रधान, पूजा वाल्मीकि, विक्की तनेजा, मुकेश शास्त्री, सुभाष दीक्षित, अनिल सैनी शामिल हैं।

इनके अलावा नीरज गोयल को जिला कोषाध्यक्ष, पंकज गर्ग व विनोद जिंदल को जिला सह कोषाध्यक्ष, कुलदीप तोमर को जिला मीडिया संयोजक, आलोक तोमर व शक्ति नेहरा को जिला मीडिया सह संयोजक बनाया गया है।

इसी तरह से विनय शर्मा जिला आईटी संयोजक, अनिल चपराना व बादल चौधरी को जिला आईटी सह संयोजक, संजीव राणा जिला कार्यालय मंत्री, कपिल देव व सुशील कंबोज को जिला कार्यालय सह मंत्री, अमित रहदरा को जिला सोशल मीडिया संयोजक, केपी नंगली व जितेंद्र त्यागी को जिला सोशल मीडिया सह संयोजक घोषित किया गया है।

# सांसद धर्मेंद्र यादव से दिग्विजय शिशोदिया की मुलाकात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** युवा नेता दिग्विजय शिशोदिया ने बदायूं सांसद धर्मेंद्र यादव से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात को लेकर दिग्विजय शिशोदिया ने बताया कि सांसद धर्मेंद्र यादव से क्षेत्रीय राजनीति के साथ-साथ आम लोगों से जुड़े मुद्दों पर भी बातचीत हुई।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें उचित मंच तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। बातचीत के दौरान युवाओं की सक्रिय भागीदारी और सामाजिक क्षेत्र में उनकी भूमिका को लेकर भी विचार साझा किए गए।

दिग्विजय शिशोदिया ने कहा कि धर्मेंद्र



यादव से हुई मुलाकात में कई महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन मिला। उन्होंने बताया कि सांसद के साथ हुई चर्चा सकारात्मक और उपयोगी रही। मुलाकात के दौरान आगामी समय में जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा संगठनात्मक स्तर पर सक्रियता बढ़ाने को लेकर भी बातचीत हुई।

शिशोदिया ने सांसद धर्मेंद्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन युवाओं को आगे बढ़ने की दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

# शादी का झांसा देकर किन्नर से बनाए संबंध, गहने और नकदी लेकर फरार हुआ युवक

**मेरठ।** टीपी नगर क्षेत्र के रहने वाले एक किन्नर ने क्षेत्र के ही रहने वाले एक युवक पर शादी का झांसा देकर तीन महीने तक अपना यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। किन्नर का आरोप है कि अब युवक उसके गहने और हजारों का कैश लेकर फरार हो गया। वहीं, युवक के दोस्त किन्नर को धमकी दे रहे हैं। टीपी नगर क्षेत्र की रहने वाली एक किन्नर बृहस्पतिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंची। किन्नर ने बताया कि एक साल पहले वह क्षेत्र के ही रहने वाले एक युवक के संपर्क में आई। आप है कि पिछले तीन महीने से शादी का झांसा देकर उक्त युवक किन्नर के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। बुधवार को किन्नर अपने काम पर गई थी। इसी दौरान युवक किन्नर के घर से 50 हजार कैश, सोने की चेन और कुंडल लेकर फरार हो गया। इसके बाद अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। किन्नर का आरोप है कि वह आरोपी की शिकायत लेकर उसके घर पहुंची। जहां आरोपी के दोस्तों ने उसे धमकी देकर भगा दिया। वहीं, थाना पुलिस भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अधिकारियों ने मामले में जांच और कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# सपा नेता मोहम्मद आजम खान का 78वां जन्मदिवस आज मनाएगी महानगर समाजवादी पार्टी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** महानगर समाजवादी पार्टी की ओर से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं संस्थापक सदस्य, उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व नगर विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री, पूर्व सांसद तथा मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के संस्थापक मोहम्मद आजम खान का 78वां जन्मदिवस 14 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा। महानगर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हाजी आदिल चौधरी के आवास, लिसाड़ी गेट चौपला स्थित आदिल मार्केट, मेरठ पर दोपहर 3 बजे जन्मदिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के कुछ पुराने एवं संस्थापक सदस्यों को सम्मानित भी किया जाएगा।महानगर प्रवक्ता आदिल सिद्दीकी ने बताया कि कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## ऐलान

## 11 सूत्रीय मांगों को घोषणा पत्र में शामिल करने वाले दल को ही समर्थन देने का ऐलान

# सैफी समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का लिया संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** रजबन बाजार कैंट स्थित सैफी संघर्ष समिति (पंजीकृत) के कैंप कार्यालय में गुरुवार को समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन अहमद सैफी की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी के सदस्यों की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में सैफी समाज के सामाजिक उत्थान, सर्वांगीण विकास, सामाजिक न्याय, राजनीतिक सशक्तीकरण तथा राजनीति में उचित भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन अहमद सैफी ने कहा कि अब समय आ गया है कि सैफी समाज अपनी राजनीतिक ताकत को पहचाने और मुख्यधारा की राजनीति में अपनी उचित भागीदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि वर्षों से उत्तर प्रदेश का सैफी समाज अपेक्षा का शिकार रहा है। अब किसी भी राजनीतिक दल द्वारा समाज के वोट का केवल राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सैफी संघर्ष समिति उसी राजनीतिक दल या गठबंधन को समर्थन देने पर विचार करेगी, जो समिति के 11 सूत्रीय मांग पत्र को अपने आधिकारिक घोषणा पत्र में शामिल करने तथा सरकार बनने पर उन्हें लागू करने का सार्वजनिक और स्पष्ट आश्वासन देगा।

समिति के राष्ट्रीय महासचिव मौ. सलीम सैफी ने कहा कि 11 सूत्रीय मांग पत्र समाज के उत्थान के लिए समिति का प्रमुख एजेंडा है। समिति इन मांगों को केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि समिति सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से सैफी समाज की मांगों को गंभीरता से लेने और राजनीतिक भागीदारी का ठोस आश्वासन देने की अपील करेगी।




बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में समिति प्रदेशभर में जनजागरूकता अभियान चलाएगी तथा समाज के विभिन्न वर्गों को 11 सूत्रीय मांगों के प्रति जागरूक किया जाएगा। पदाधिकारियों ने समाज को संगठित होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों और राजनीतिक अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया।

बैठक में हसीन अहमद सैफी, मौ. सलीम सैफी, हाजी नदीम सैफी, बासिद सैफी, अलीमुद्दीन सैफी, मौ. वसीम सैफी, रईस सैफी (मेतना), हाजी नदीम सैफी (जामिया), बल्लू सैफी, शावेज सैफी सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# हाजी इब्राहिम सैफी संडासी वालों की वालिदा का इंतकाल, सैफी संघर्ष समिति ने जताया शोक

**मेरठ।** हाजी इब्राहिम सैफी संडासी वालों की वालिदा (माता) का इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। मरहूमा की दफीना की नमाज-ए-ईशा के बाद जैदी फार्म स्थित बाबूखा वाले कब्रिस्तान में अदा की गई। मरहूमा के इंतकाल पर सैफी संघर्ष समिति ने गहरे दुख और संवेदना का इजहार किया। समिति के पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज उनके परिवार के साथ खड़ा है। समिति की ओर से मरहूमा के लिए दुआ-ए-मगफिरत करते हुए कहा गया कि अल्लाह तआला मरहूमा को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और उनके घर-परिवार के सभी लोगों को इस दुख को सहन करने के लिए सब्र-ए-जमील अता फरमाए। आमीन।

# कांठ में निकली भव्य और विशाल "तिरंगा यात्रा"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । "हर घर तिरंगा अभियान' के तहत मंडल कांठ में भव्य और विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की और देशभक्ति व राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुँचाया।

### देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प ले : राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किसान सहकारी समिति, मोढ़ी से भारी उत्साह और भारत माता के जयकारों के साथ हुआ। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र का माहौल देशभक्ति के रंगों में रंग गया। हाथों में तिरंगा थामे कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लिया। रास्ते में जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया।यह



देशभक्ति यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के क्रशर पर पहुँचकर संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा अभियान' आज देश के कोने-कोने में एक जन आंदोलन बन चुका है। हम सबका कर्तव्य है कि हम अपने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करें और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लें।

यात्रा के दौरान मंडल प्रभारी विक्रान्त सिंह, पूर्व जिला महामंत्री हुकुम सिंह, चेयरमैन गन्ना समिति कांठ, कुंवर सुरेन्द्र सिंह विश्नोई ,मदन सिंह प्रिंसिपल दयानंद कॉलेज,जिला मंत्री लकी चौधरी, मंडल अध्यक्ष अंकुश देवराज सिंह रितिक विश्नोई, अमन ठाकुर, सत्यवान राजपूत, मुनीश चौहान, सूरज सिंह गुर्जर, प्रमोद चौहान देवेंद्र चौहान, चंचल पाल, अमिचंद सैनी, नेपाल, सिंह बलवंत सिंह, ओम प्रकाश, नीरज बिश्नोई,सीताराम, बरन सिंह हरिओम सिंह, राजवीर सिंह सर्वेश सिंह मनीष चौहान महेश गुप्ता, प्रमोद विश्नोई, सोमवीर सिंह,बंटी चौहान एवं समस्त क्षेत्रवासी और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे' आगंतुको का आभार पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह ने किया।

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विधायक के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

### स्वार से टांडा तक तिरंगा यात्रा में उमडा जन सैलाब, भारत मां के नारों से गूंजा आसमां

**रामपुर (आनन्द शर्मा)**। वृहस्पतिवार को जनपद रामपुर की विधानसभा 23 स्वार में तिरंगा यात्रा पर अपना दल एस पार्टी के माननीय विधायक शफीक अहमद अंसारी जी व जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में क्षेत्र वासियों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल व कारों से तिरंगा रेली निकाली और यात्रा का लोगों ने फूलमाला एवं फूलों से जगह जगह स्वागत किया और यात्रा स्वार नगर के रामलीला मैदान से नरपतनगर, मसवासी,दडियाल चौराहे से टांडा नगर स्थित मंडी समिति तक तिरंगा यात्रा निकाली गई और हजारों लोगों के हाथों में तिरंगा झंडा था और भारत माता की जय बोलते हुए देश भक्ति के गीत गाते हुए यात्रा में चले। इस अवसर पर मसवासी चेयरमैन दिनेश गोयल, विधायक प्रतिनिधि दीप गोयल,भाजपा के प्रमुख नेताओं में राजकुमार चौहान,जिला मंत्री पंकज सैनी, महेंद्र सैनी, रोहिताश चौहान, भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष जयवर्धन मौर्य, देवेंद्र दिवाकर,योगेश सैनी , लक्ष्मीकांत सैनी, नत्था सिंह कम्वोज, अपना दल एस पार्टी पदाधिकारीयों में प्रदेश सचिव समी अहमद मंसूरी,जिला महासचिव शैलेष वर्मा, याकूब अली एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष स्वार शरीफ जमील,नगर अध्यक्ष टांडा अहमद नवी सैफी आदि हजारों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी विधायक कार्यालय प्रतिनिधि इदरीस खां द्वारा दी गई !





# 15 अगस्त पर भोजपुर में लगेगा भव्य रक्तदान शिविर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद/ भोजपुर (एम.के.भारती सैफी)**। भारतीय स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर इस बार तिरंगे के साथ-साथ "मानवता" का रंग भी गहरा होगा। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन जीएनआरएफ, दावते इस्लामी हिंद की ओर से मुरादाबाद क्षेत्र के कस्बा भोजपुर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**कब और कहां:**

यह शिविर 15 अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दावते इस्लामी हिंद के मदरसा फैजाने हाफि ज ए मिल्लत, भोजपुर में आयोजित होगा।

**देशभक्ति के साथ मानवसेवा:**

### जीवन बचाने के संकल्प के साथ जीएनआरएफ की पहल

जीएनआरएफ के नगर अध्यक्ष सद्दाम अत्तारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस सिर्फ झंडा फहराने का दिन नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के लिए कुछ करने का दिन भी है। इसी सोच के साथ संस्था ने रक्तदान जैसा महादान करने का संकल्प लिया है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा, "रक्तदान सबसे बड़ा दान है। आपका दिया हुआ एक इकाई खून किसी की जिंदगी बचा सकता है। आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम देश के साथ-साथ किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का संकल्प लें।"

**सभी स्वस्थ नागरिक आमंत्रित:**

आयोजकों ने क्षेत्र के सभी स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर इस नेक कार्य में हिस्सा लें। शिविर में रक्तदान करने आए लोगों की स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी।

**संपर्क और पंजीकरण:**

शिविर से संबंधित अधिक जानकारी और पूर्व पंजीकरण के लिए इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है: 7669531217, 7465800849।




# अतिक्रमण मुक्त अभियान: मुरादाबाद में 12.34 करोड़ रुपये की भूमि से कब्जा हटवाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। जिले में अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत जुलाई में 13.2384 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त कराई गई। इसमें सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और सरकारी जमीन शामिल हैं। अतिक्रमण मुक्त जमीन की कीमत 12.14 करोड़ रुपये आंकी गई। एडीएम ने कार्रवाई की रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है।

डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर जुलाई महीने में जिले में सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया। जुलाई माह के आंकड़ों के मुताबिक कुल 13.2384 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। इस अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि की कीमत 12.13 करोड़ रुपये आंकी गई है।जुलाई में हुई कार्रवाई में प्रशासन ने 13.2384 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त कराई'सदर



तहसील क्षेत्र में तीन गाटों में से 0.212 हेक्टेयर भूमि कब्जा हटाया गया। जमीन की कीमत 38.64 लाख आंकी गई।बिलारी तहसील क्षेत्र में 45 गाटों में से 3.6619 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। इसकी कीमत 7.95 करोड़ आंकी गई।तहसील कांठ क्षेत्र में 6 गाटों में से 1.226 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण हटाया गया। भूमि की कीमत 81.06 लाख आंकी गई।तहसील ठाकुरद्वारा क्षेत्र में 63 गाटों में से 7.9305 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त कराई गई। इसकी कीमत 2.98 करोड़ आंकी गई।

# गोरखपुर-दिल्ली के बीच "मुरादाबाद होकर चलेगी नई अमृत भारत" एक्सप्रेस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। गोरखपुर से दिल्ली के बीच यात्रियों को जल्द ही नई अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात मिलने जा रही है। इस ट्रेन के संचालन से मुरादाबाद का दिल्ली और पूर्वी उत्तर प्रदेश के शहरों से रेल संपर्क और बेहतर होगा।प्रस्तावित ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी और इसके ट्रेन नंबर 14045 और 14046 होंगे। अमृत भारत एक्सप्रेस गोरखपुर से चलकर आनंदनगर, बढ़नी, बलरामपुर, गोंडा, सीतापुर, बरेली होते हुए मुरादाबाद पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन गाजियाबाद होते हुए दिल्ली जाएगी।मुरादाबाद के यात्रियों के लिए यह ट्रेन खास तौर पर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अभी गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों की यात्रा के लिए यात्रियों को उपलब्ध ट्रेनों और उनके समय के अनुसार सफर करना पड़ता है। नई अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू होने से मुरादाबाद से गोरखपुर के बीच सफर का एक और विकल्प उपलब्ध होगा। साथ ही बरेली, सीतापुर, गोंडा और बलरामपुर जैसे शहरों से आने-जाने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। ट्रेन में आधुनिक सुविधाएं, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के साथ बेहतर खान-पान की व्यवस्था होने का दावा किया गया है। ट्रेन में सीसीटीवी और अन्य यात्री सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।ट्रेन का सटीक समय, मुरादाबाद में आगमन-प्रस्थान और संचालन की तारीख अभी जारी नहीं की गई है। रेलवे की ओर से समय सारणी जारी होने के बाद इन जानकारियों की स्थिति स्पष्ट होगी। डीआरएम विनीता श्रीवास्तव का कहना है कि सप्ताह में एक दिन चलने वाली यह ट्रेन मुरादाबाद के यात्रियों के लिए पूर्वांचल की ओर यात्रा का नया विकल्प बनेगी।



# एक तिरंगा,श्रेष्ठ तिरंगा... कुंदरकी में विधायक की अगुवाई में गूंजी तिरंगा यात्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को रतनपुर कलां एवं कुंदरकी मंडल में विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के अगुवाई में भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई।

### बाइकों पर तिरंगा, डीजे पर देशभक्ति गीत और गूंजे वंदे मातरम के नारे

विधायक ने तिरंगा रैली का शुभारंभ तिरंगा झंडी लहराकर किया। इसके बाद सैकड़ों कार्यकर्ता बाइकों पर हाथ में तिरंगा लेकर शामिल हुए। डीजे सिस्टम पर देशभक्ति गीत बजते रहे और कार्यकर्ता "भारत माता की जय", "वंदे मातरम" और "एक तिरंगा, श्रेष्ठ तिरंगा" के नारे लगाते हुए आगे बढ़े।







पूरे रास्ते तिरंगे की लहर और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।

रतनपुर कलां मंडल की यात्रा नानपुर से शुरू होकर हुसैनपुर हमीर, छिरावली,मिलक सीकरी, बिस्कुट फैक्ट्री, रामपुर मैंगन, फरहेदी, मंसूरपुर, अली रजापुर, बहापुर, मोहनपुर, कुतुबपुर अज्जू, चकफाजलपुर व जैतपुर पट्टी होते हुए ब्लॉक सभागार कुन्दरकी में समाप्त हुई। कुंदरकी मंडल की यात्रा डींगरपुर से शुरू होकर असदपुर, अल्लापुर भीकन, पंडित नगला, खुर्म नगर विचौला, मदारपुर, मुंडी मिलक, रसूलपुर का अड्डा, ललवारा, नानकार, मसेवी रसूलपुर, मझौली खास, हरियाना, कादलपुर मस्ती, शेखपुर खास, ढकिया जुम्मा, चतीपुर होते हुए ब्लॉक सभागार कुंदरकी में समाप्त हुई।

समापन पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रध्वज के सम्मान और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर चेयरमैन पति मेंहदी हसन एडवोकेट, ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, जिला मंत्री दिनेश यादव, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, मंडल महामंत्री अरविंद ठाकुर, संजय दिवाकर, देव सिंह सैनी, पंकज शर्मा, आमिर खान, इरशाद खान, रामकिशोर लोधी, बिजेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा फहराकर हम राष्ट्र के प्रति गौरव और समर्पण प्रकट करें। "एक तिरंगा, श्रेष्ठ तिरंगा" और "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है।

# बेसिक की प्रथम सत्रीय परीक्षा 19 अगस्त से होगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों (कक्षा एक से आठ तक) में शैक्षिक सत्र 2026-27 की प्रथम सत्रीय परीक्षा 19 से 25 अगस्त के बीच कराए जाने के निर्देश बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी बीएसए को दिए हैं।जुलाई तक पूर्ण कराए गए पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्नों को कक्षावार प्रधानाध्यापक द्वारा तैयार कराया जाएगा। परीक्षा के बाद निर्धारित तिथि पर अभिभावकों को विद्यालय में बुलाकर बच्चों की प्रगति साझा की जाएगी। साथ ही परीक्षा में अपेक्षित स्तर प्राप्त न करने वाले विद्यार्थियों की पहचान कर उनके पढ़ाई के स्तर में सुधार के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। ऐसे विद्यार्थियों से कक्षा में चिह्नित कर विषय-वस्तु की तैयारी

और पुनरावृत्ति कराई जाएगी। कक्षा एक से आठ तक के छात्र छात्राओं के मूल्यांकन के लिए परीक्षा व्यवस्था और व्यापक मूल्यांकन पर बल दिया गया है। इस क्रम में दो सत्रीय परीक्षाएं अगस्त और दिसंबर में कराई जानी हैं। इसके अलावा अर्द्धवार्षिक परीक्षा अक्टूबर और वार्षिक परीक्षा मार्च में आयोजित की जाएगी। इस तरह शैक्षिक सत्र में कुल चार बार छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन किया जाएगा। इन परीक्षाओं में लिखित के साथ-साथ विषयवार मौखिक परीक्षा को भी स्थान दिया जाना है। परिषद सचिव ने कहा है कि परीक्षा का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया जाएगा। परीक्षा का मूल्यांकन कक्षा शिक्षक अथवा विषय शिक्षक करेंगे।

परीक्षा पर होने वाले आवश्यक व्यय का वहन विद्यालय में उपलब्ध कंपोजिट ग्रांट से किया जाएगा। सत्रीय परीक्षा और मूल्यांकन से संबंधित अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखने होंगे। सत्रीय परीक्षा के लिए अध्यापक ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखेंगे, जिसका उत्तर छात्र-छात्राएं अपनी कापी में लिखेंगे। परीक्षा के अनुश्रवण और सफल क्रियान्वयन की पूरी जिम्मेदारी विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक और शिक्षकों की होगी, जबकि विकासखंड स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार रहेंगे।

# 38 वर्ष बाद अभियुक्त को बिजनौर जनपद से गिरफ्तार कर के जेल भेजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)**। थाना अमरोहा नगर पुलिस द्वारा वर्ष 1987 के मु0अ0सं0-332/87, धारा 307/34 भादवि में न्यायालय से सजा प्राप्त अभियुक्त को लगभग 38 वर्ष बाद तलाश कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त जमानत पर रिहा होने के बाद से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में स्थानीय सूचना तंत्र एवं विभिन्न प्रयासों के माध्यम से अभियुक्त की तलाश कर कार्रवाई की गई।1987 में थाना अमरोहा नगर पर मु0अ0सं0 332/87 धारा 307/34 भादवि बनाम अभियुक्त चरन सिंह पुत्र गैंदा लाल निवासी मोहल्ला रेलवे स्टेशन नई बस्ती,अमरोहा, जनपद अमरोहा,हाल निवासी ग्राम रसूलपुर नगला,थाना चांदपुर,जनपद बिजनौर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हुआ था।उक्त अभियोग में अभियुक्त चरन सिंह को न्यायालय द्वारा साढ़े तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी।अभियुक्त द्वारा उक्त निर्णय के विरुद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद में क्रिमिनल अपील चरन सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य दाखिल की गई थी,जिसके फलस्वरूप अभियुक्त को पांच मई 1988 को जमानत पर रिहा किया गया था।जमानत पर रिहा होने के उपरांत अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था तथा फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध जमानतीय वारंट जारी किए गए थे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव द्वारा फरार अभियुक्त की तत्काल तलाश कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी/तलाश हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे तथा जमानतदारों के विरुद्ध रिकवरी वारंट भी जारी किए गए थे।थाना अमरोहा नगर पुलिस द्वारा विभिन्न प्रयासों एवं स्थानीय सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए लगभग 38 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त चरन सिंह को तलाश कर लिया गया तथा नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।



# प्रदेश सरकार 75 जिलों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों को समावेशी शिक्षा का देगी प्रशिक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समय पर पहचान और उन्हें शुरूआती स्तर पर शैक्षिक सहयोग देने के लिए प्रदेश सरकार 75 जिलों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों को समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण देगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए समग्र शिक्षा के तहत करीब 2.98 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। इसमें मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण पर 17.70 लाख रुपये और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर 2.80 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के अनुसार, 3 से 30 अगस्त तक जिला स्तर पर एकेडमिक एआरपी बनेंगे मास्टर ट्रेनर्स 1 से 30 सितंबर तक ब्लॉक स्तर पर होगा प्रशिक्षण 'रिसोर्स पर्सन (एआरपी) को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके बाद यही प्रशिक्षक 1 से 30 सितंबर तक ब्लॉक स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। महानिदेशक स्कूल निम्न मोनिका रानी ने प्रशिक्षण को शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग और आईसीडीएस के संयुक्त प्रयास से यह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहाकि जनपद स्तर पर प्रशिक्षण की नियमित निगरानी की जाएगी तथा ब्लॉक स्तर के प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकताओं और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों की निर्धारित सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर बच्चे को उसकी क्षमता और आवश्यकता के अनुरूप सीखने का अवसर उपलब्ध कराना तथा समावेशी शिक्षा को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समय पर पहचान और शुरूआती सहयोग उनकी शिक्षा की मजबूत नीय तैयार करने में महत्वपूर्ण है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों का यह प्रशिक्षण समावेशी शिक्षा को जमीनी स्तर पर मजबूत करेगा।

## तिरंगा यात्रा — डोमघर से कुंदरकी तक देशभक्ति की लहर, खंड विकास अधिकारी ने किया स्वागत

# तिरंगे से सराबोर हुए ट्रैक्टर: कुंदरकी में निकली किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस से पहले गुरुवार को कुन्दरकी की धरती तिरंगामय हो गई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के आवाहन पर गुरुवार को "किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा के चलते शीर्ष नेतृत्व ने तिथि पहले तय की थी।

**यात्रा का आगाज ग्राम डोमघर से हुआ**

यहां से सैकड़ों ट्रैक्टर एक कतार में निकले। हर ट्रैक्टर पर तिरंगा फहरा रहा था। डीजे पर देशभक्ति गीत गूंज रहे थे और किसान "जय जवान जय किसान" और "एक तिरंगा, श्रेष्ठ तिरंगा" के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। रास्ते भर ग्रामीणों ने भी हाथ हिलाकर किसानों का अभिवादन किया।

डोमघर से चलकर यह देशभक्ति का काफिला विकास खंड कुंदरकी पहुंचा।




यहां खंड विकास अधिकारी ने किसानों का फूलमालाओं से स्वागत कर यात्रा का अभिनंदन किया। किसानों ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा और त्वरित निस्तारण की मांग की।सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी हेमबीर सिंह जादौन और पुलिस चौकी प्रभारी संजय त्यागी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। उनकी मौजूदगी में यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। किसानों ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान है इसे हर घर पर फहराकर हम देश के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे।

इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष ऋषभ सांगवान, जिला महासचिव अमित काजला, नगर अध्यक्ष साजिद खां बबलू, ब्लॉक महामंत्री रागिब चौधरी, युवा नगर अध्यक्ष मो. सैफुल्लाह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष भयराज सिंह, मंडल सचिव आशू बालियान, संदीप सांगवान, विमल लाठर, डॉक्टर नोमान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# कांठ तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव: चरन सिंह ढाका ने विनीत नैन को 20 मतों से पराजित कर "अध्यक्ष की कुर्सी" पर किया कब्जा, शहजाद रफी बने महासचिव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। कांठ तहसील बार एसोसिएशन के आज हुए वार्षिक चुनाव में तीन पदों पर हुए मतदान के उपरांत चरन सिंह ढाका को अध्यक्ष, मोहम्मद शहजाद रफी को महासचिव और मोहम्मद नौशाद को कोषाध्यक्ष घोषित कर दिया गया। सुबह 10:00 बजे मतदान प्रारंभ हुआ और 2:00 बजे तक चला जिसमें कुल 144 मतदाताओं में से 141 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। 3:00 बजे मतगणना प्रारंभ हुई सबसे पहले कोषाध्यक्ष पद पर मतगणना की गई जिसमें कपिल कुमार राणा को 58 मत प्राप्त हुए तथा मोहम्मद नौशाद को 82 मत प्राप्त हुए एक मत निरस्त हो गया इसलिए 24 मतों से मोहम्मद नौशाद को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। इसके बाद महासचिव के लिए हुई मतगणना में कपिल कुमार एडवोकेट को 40 मत मोहम्मद नाजिम को 31 तथा शहजाद रफी को 49 मत एवं सुनील कुमार को 20 मत प्राप्त हुए एक मत निरस्त हुआ, शहजाद रफी को 9 मतों से महासचिव विजयी घोषित कर दिया गया। अंत में अध्यक्ष पद की मतगणना प्रारंभ हुई जिसमें चरन सिंह ढाका को 80 डॉक्टर विनीत नैन को 60 मत प्राप्त हुए इनमें भी एक मत निरस्त हुआ चरन सिंह ढाका को 20 मतों से विजयी घोषित किया गया इससे पहले अन्य पदों पर सभी पदाधिकारी का निर्विरोध चयन हो चुका था। 14 अगस्त को नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई जाएगी। इस मौके पर चुनाव समिति के समस्त पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।







# वामिका गब्बी के हाथ लगी ऋषभ शेट्टी की फिल्म जय हनुमान,जल्द शुरू करेंगी शूटिंग

वामिका गब्बी अपनी हालिया रिलीज फिल्म डीसीः द ब्लडी वैलेंटाइन को लेकर खबरों में छाई हैं। इस बीच खबर है कि उनके हाथ एक बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें कांतारा अभिनेता ऋषभ शेट्टी नजर आएंगे। दरअसल, पिछले साल आई कांताराः चैप्टर 1 की सफलता के बाद शेट्टी अपनी अगली परियोजना जय हनुमान में व्यस्त चल रहे हैं, जो एक पौराणिक महाकाव्य होगी। अब इस परियोजना में उनके साथ वामिका भी जुड़ गई हैं, जिसका निर्देशन प्रशांत वर्मा कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पौराणिक महाकाव्य जय हनुमान में वामिका के किरदार को गुप्त रखा गया है, लेकिन वह एक महत्वपूर्ण और शक्तिशाली किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि अभिनेत्री पहली बार पौराणिक कथाओं, एक्शन और भक्ति से भरपूर इस गाथा का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं और जल्द ही हैदराबाद में इसकी शूटिंग शुरू करेंगी।

ये परियोजना साल 2024 में आई अभिनेता तेजा सज्जा की ब्लॉकबस्टर फिल्म हनु मान का सीक्वल होगी। मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत, जय हनुमान निर्देशक वर्मा के पीवीसीयू यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें शेट्टी भगवान हनुमान का किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म को कलियुग में स्थापित एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गाथा के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जो हनुमान की अटूट भक्ति, निष्ठा और शाश्वत शक्ति को दर्शाएगी और उन्हें एक अमर आत्मा के रूप में प्रस्तुत करेगी। इसकी शूटिंग इसी साल मार्च से शुरू हुई थी, लेकिन रिलीज तारीख का ऐलान होना बाकी है।

# मालामाल वीकली 2 की टोली में शामिल हुई शिल्पा शिरोडकर, बॉलीवुड में करेंगी वापसी

परेश रावल अभिनीत फिल्म मालामाल वीकली के सीक्वल पर जोर-शोर से काम चल रहा है। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित ये फिल्म साल 2006 में रिलीज हुई थी और अब इसका सीक्वल लोगों का मनोरंजन करने आ रहा है, जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी अमित जोशी को मिली है। हालिया अपडेट है कि 90 के दशक की लोकप्रिय अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर इसका हिस्सा बन गई हैं। मालामाल वीकली 2 के जरिए शिल्पा 26 साल बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, शिल्पा ने मालामाल वीकली 2 का प्रस्ताव मिलते ही तुरंत हामी भर दी।

एक सूत्र ने कहा, शिल्पा को अपना किरदार और पूरी स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई। फिल्म निमार्ता उन्हें फिल्म में लेना चाहते थे। हालांकि, उन्होंने काफी समय से कोई फिल्म साइन नहीं की है, लेकिन उन्हें नियमित अंतराल पर प्रस्ताव मिलते रहते हैं, इसलिए जब शिल्पा ने फिल्म का हिस्सा बनने में दिलचस्पी दिखाई तो मलामाल वीकली 2 के निमार्ता बेहद खुश हो गए।



शिल्पा को आखिरी बार दिवंगत एमएफ हुसैन की हिंदी फिल्म गज गामिनी (2000) में देखा गया था। उन्हें दोबारा से बॉलीवुड में वापसी करते हुए देखने के लिए फैंस भी बेहद उत्साहित हो रहे हैं। खबरों के अनुसार, रवीना टंडन और परिणीति चोपड़ा भी मालामाल वीकली 2 की कस्ती में पहले से हैं। रितेश देशमुख और राजपाल यादव भी परियोजना में वापसी कर सकते हैं।

हालांकि, निमार्ताओं ने स्पष्ट किया है कि दूसरी कड़ी के किरदार और पृष्ठभूमि अलग होगी।

# मानसून में मोनालिसा ने ढाया कहर, डेनिम शॉट्र्स और लाल टॉप में दिए स्टाइलिश पोज

मोनालिसा भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री हैं। अपने अभिनय के अलावा वे लुक्स को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। वे अपनी तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। आज मंगलवार को भी एक्ट्रेस ने अपने स्टाइलिश लुक साझा किए हैं।

मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने अपनी स्टाइलिश तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें मोनालिसा डेनिम शॉट्र्स और रेड टॉप में दिख रही हैं। उन्होंने टीशर्ट से मैचिंग फुटवियर्स पहन रखे हैं।



तस्वीरों के साथ मोनालिसा ने रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। भोजपुरी अदाकारा ने ये तस्वीरें नेचर के बीच पार्क में क्लिक कराई हैं। वे अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं।

43 वर्षीय मोनालिसा अपनी फिटनेस के लिए मशहूर हैं। वे फिट रहने के लिए नियमित एक्सरसाइज करती हैं। मोनालिसा की तस्वीरों पर नेटिजंस तारीफ कर रहे हैं। यूजर्स उन्हें गॉर्जियस डॉल कह रहे हैं।

मोनालिसा की पर्सनल लाइफ की बात करें तो एक्ट्रेस की शादी भोजपुरी एक्टर विक्रम सिंह राजपूत से हुई है। दोनों ने साल 2017 में शादी रचाई थी।

# मुंबई अंडरवर्ल्ड पर राम गोपाल वर्मा का नया दांव, क्राइम-थ्रिलर फिल्म पुलिस कंपनी का किया ऐलान

बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक राम गोपाल वर्मा एक बार फिर मुंबई के अंडरवर्ल्ड और अपराध जगत के काले पन्नों को बड़े पर्दे पर उकेरने के लिए तैयार हैं। अपनी अगली महत्वाकांक्षी फिल्म पुलिस कंपनी के साथ वे उसी पृष्ठभूमि में वापसी कर रहे हैं, जिसने उन्हें भारतीय सिनेमा में एक अलग पहचान दिलाई। इस नए प्रोजेक्ट का निर्माण टी-सीरीज कर रहा है। यह फिल्म मुंबई पुलिस द्वारा संगठित अपराध के खिलाफ छेड़ी गई भीषण जंग और वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। इस क्राइम ड्रामा में अभिनेता हर्षवर्धन राणे मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।



राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी इस नई फिल्म के नाम और उसके पीछे के विचार की आधिकारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की टैगलाइन इट इज मोर डेंजरस दैन डी कंपनी रखी गई है। पुलिस बल और आपराधिक गिरोहों के अंतर को स्पष्ट करते हुए निर्देशक ने लिखा कि पुलिस एक संवैधानिक संस्था है, जबकि अंडरवर्ल्ड केवल पैसा कमाने वाला संगठन है। हालांकि, जब किसी संस्था को असीमित शक्तियां दे दी जाती हैं, तो वह भी एक समय बाद कंपनी का रूप ले लेती है।

फिल्म की पृष्ठभूमि मुंबई के उस दौर पर आधारित है जब शहर में अंडरवर्ल्ड का खौफ चरम पर था। राम गोपाल वर्मा के अनुसार, दाऊद इब्राहिम ने अपने प्रतिद्वंद्वी गिरोहों को खत्म कर अपने गैंग को डी कंपनी के रूप में स्थापित किया और खुद दुबई चला गया, जबकि मुंबई की कमान अपने गुर्गे छोटा राजन को सौंप दी। बाद में दाऊद और छोटा राजन के बीच हुए विवाद के बाद अंडरवर्ल्ड में एक बड़ा खालीपन पैदा हो गया। इसका फायदा उठाकर कई नए गैंग मुंबई पर कब्जा जमाने की होड़ में कूद पड़े, जिससे शहर में हिंसक अपराधों की बाढ़ आ गई।

अंडरवर्ल्ड के बढ़ते आतंक से निपटने के लिए मुंबई पुलिस ने एक स्पेशल स्क्वाड का गठन किया था। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि वर्ष 1997 से 2004 के बीच इस विशेष दस्ते ने अभूतपूर्व कार्रवाई करते हुए 300 से अधिक गैंगस्टरों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। फिल्म पुलिस कंपनी इसी स्पेशल स्क्वाड और इसके सबसे चर्चित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट अधिकारियों में से एक दया नायक की कहानी पर केंद्रित होगी। अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म में दया नायक का किरदार निभाते दिखेंगे। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर इस कास्टिंग की पुष्टि करते हुए अभिनेता के पहले लुक की तस्वीरें भी साझा की हैं।

राम गोपाल वर्मा ने यह भी स्पष्ट किया है कि पुलिस कंपनी में एक बड़ी स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसके अन्य प्रमुख कलाकारों के नामों का खुलासा जल्द किया जाएगा। वहीं, मुख्य अभिनेता हर्षवर्धन राणे के करियर की बात करें तो उनके पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। पुलिस कंपनी के अलावा वे मिलाप जवेरी की एक्शन-थ्रिलर फिल्म यूनिफॉर्म, उमंग कुमार की शिला और जॉन अब्राहम के साथ भाव धुलिया के निर्देशन में बनने वाली फिल्म फोर्स 3 में भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरते नजर आएंगे।

# दोपहर में की गई इन गलतियों कारण कम होने लगती है शरीर की ऊर्जा

दोपहर के समय ऊर्जा का स्तर अचानक गिरना एक आम समस्या है, जिसका कई लोगों को सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण हमारी दिनचर्या और खान-पान से जुड़ा होता है। अगर आप भी दोपहर में थकान और सुस्ती महसूस करते हैं तो यह लेख आपके लिए है। यहां हम कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताएंगे, जिन्हें सुधारकर आप अपनी ऊर्जा को बनाए रख सकते हैं और पूरे दिन सक्रिय रह सकते हैं।



**भारी और मसालेदार भोजन करना**

दोपहर के समय भारी और मसालेदार भोजन करने से पाचन तंत्र पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे नींद आती है। इससे बचने के लिए हल्का और पौष्टिक भोजन करें, जैसे सलाद, दही या फल।

इनसे आपको जरूरी पोषक तत्व मिलेंगे और ऊर्जा भी बनी रहेगी।

इसके अलावा पानी पीते रहें, ताकि आपका शरीर नमी से भरा रहे और आप तरोताजा महसूस करें।

इस तरह आप दोपहर में सुस्ती और थकान से बच सकते हैं।

**चाय-कॉफी का अधिक सेवन कर लेना**

चाय या कॉफी का अधिक सेवन करने से आपको अस्थायी ऊर्जा मिल सकती है, लेकिन यह लंबे समय तक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है।

इससे शरीर में जलन बढ़ती है और नींद भी प्रभावित होती है। बेहतर होगा कि आप दिनभर में सीमित मात्रा में ही इनका सेवन करें और इसके बजाय हर्बल चाय या नींबू पानी पिएं।

इससे आपका शरीर नमी से भरा रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

**लगातार स्क्रीन इस्तेमाल करना**

लैपटॉप या मोबाइल स्क्रीन पर लगातार काम करने से आंखों पर तनाव पड़ता है, जिससे सिरदर्द और थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इससे नींद आने की समस्या खड़ी हो जाती है। इससे बचने के लिए हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए अपनी आंखों को बंद करें या दूर देखें।

इसके अलावा स्क्रीन ब्रेक लेने के लिए उठकर थोड़ी देर टहलें या हल्की स्ट्रेचिंग करें। इससे आपकी आंखें आराम करेंगी और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

**पर्याप्त पानी न पीना**

शरीर को नमी से भरा रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि पानी की कमी से भी थकान होती है। दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए, ताकि शरीर में नमी बनी रहे और ऊर्जा स्तर भी ठीक रहे।

इसके अलावा आप नारियल पानी या ताजे फलों का रस भी पी सकते हैं, जो न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर भी होते हैं।

इससे आपका शरीर नमी से भरा रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

**कसरत न करना**

काम करते समय बीच-बीच में हल्की-फुल्की कसरत करना बहुत फायदेमंद होता है। इससे मांसपेशियों में खिंचाव आता है और रक्त संचार बेहतर होता है।

आप कुर्सी पर बैठकर गर्दन घुमा सकते हैं, हाथ-पैर खींच सकते हैं या कुछ मिनट टहल सकते हैं। इससे आपका मन भी तरोताजा रहेगा और आप पूरे दिन ऊजार्वान महसूस करेंगे।

इस तरह आप अपनी दिनचर्या में हल्की-फुल्की कसरत शामिल करके आसानी से अपनी ऊर्जा को बनाए रख सकते हैं।

# साइड लंज करते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान,मिलेगा संतुलन

साइड लंज एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो आपके पैरों और कूल्हों को मजबूत बनाने में मदद करती है। यह न केवल मांसपेशियों को टोन करती है, बल्कि संतुलन और स्थिरता भी बढ़ाती है। हालांकि, साइड लंज करते समय कुछ सामान्य गलतियां हो सकती हैं, जिनसे चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देंगे, जिनसे आप साइड लंज करते समय संतुलन बना सकते हैं और चोट से बच सकते हैं।

**सही जूते पहनें**

साइड लंज करते समय सही जूते पहनना बहुत जरूरी है। अच्छे पकड़ वाले जूते पहनें ताकि फिसलन न हो और पैर जमीन पर सही तरीके से टिक सकें।

सपाट सोल वाले जूते सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये जमीन पर बेहतर संपर्क बनाते हैं और फिसलने से बचाते हैं।

ऊंची एड़ी वाले जूते या चप्पल जैसे ढीले जूते न पहनें क्योंकि ये संतुलन बिगाड़ सकते हैं और चोट का कारण बन सकते हैं।

**पैर फैलाने का तरीका सही रखें**

साइड लंज करते समय पैर फैलाने का तरीका सही होना चाहिए। एक पैर को आगे और दूसरा पैर पीछे की ओर फैलाएं।

ध्यान रखें कि दोनों घुटने एक सीध में हों और पीछे वाला पैर पूरी तरह सीधा हो। इससे आपकी मांसपेशियां सही तरीके से काम करेंगी और चोट का खतरा कम होगा।

इसके अलावा इस स्थिति में शरीर का संतुलन भी बना रहता है, जिससे व्यायाम करना आसान हो जाता है।

**शरीर का वजन सही तरीके से बांटे**

साइड लंज करते समय शरीर का वजन सही तरीके से बांटना बहुत जरूरी है। जब आप पीछे वाले पैर को मोड़ते हैं तो अपना वजन उस पैर पर डालें, जिससे आपको संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। इससे आपके घुटनों पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा और चोट लगने का खतरा भी कम हो जाएगा।

इसके अलावा यह तरीका आपकी मांसपेशियों को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करेगा और आपको अधिक स्थिरता देगा।

**हाथों की स्थिति पर ध्यान दें**

हाथों की स्थिति भी साइड लंज करते समय अहम भूमिका निभाती है। अपने हाथों को कमर पर रखें या सामने फैलाएं ताकि आपको संतुलन बनाने में मदद मिले। अगर आपके हाथ इधर-उधर घूमते रहें तो इससे संतुलन बिगड़ सकता है और गिरने का खतरा बढ़ जाता है।

इसके अलावा हाथों को सही स्थिति में रखने से आपके शरीर का केंद्र भी स्थिर रहता है, जिससे व्यायाम करना आसान हो जाता है और चोट लगने का खतरा



कम हो जाता है।

**धीरे-धीरे एक्सरसाइज करें**

साइड लंज करते समय धीरे-धीरे गति बनाए रखना चाहिए। अचानक तेज गति से करने पर मांसपेशियां खींच सकती हैं या चोट लग सकती हैं।

इसलिए इसे धीरे-धीरे करें और हर कदम पर ध्यान दें। इससे न केवल आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी, बल्कि चोट लगने का खतरा भी कम होगा।

नियमित अभ्यास से आप इस एक्सरसाइज में माहिर हो जाएंगे और इसके सभी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इन सुझावों को अपनाकर आप साइड लंज करते समय संतुलन बना सकते हैं।

# आनंद पर्वत टी पॉइंट में ब्रह्म कोटी चैरिटेबल ट्रस्ट ने कांवड़ियों की सेवा में लगाया शिविर संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** श्रावण मास में भगवान शिव की भक्ति और कांवड़ यात्रा के दौरान सेवा भावना का अनुपम उदाहरण आनंद पर्वत क्षेत्र में देखने को मिला। ब्रह्म कोटी चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजी.) की ओर से प्रथम शिव भक्त कांवड़ियों के स्वागत एवं सेवा के लिए आनंद पर्वत शिविर का आयोजन किया गया। यह सेवा शिविर कमल होटल टी-पॉइंट, न्यू रोहतक रोड, आनंद पर्वत में आयोजित किया गया। सात दिनों तक चले इस शिविर में दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से कांवड़ लेकर गुजर रहे शिवभक्तों के लिए ठंडे जल, भंडारे, चिकित्सा सहायता और विश्राम स्थल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। ब्रह्म कोटी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लगाए गए इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कांवड़ियों को यात्रा के दौरान आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनकी थकान दूर करना और उन्हें आगे की यात्रा के लिए राहत प्रदान करना रहा। तपती गर्मी और लंबी दूरी तय कर रहे कांवड़ियों के लिए शिविर में ठंडे पानी की विशेष व्यवस्था की गई। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कांवड़ियों को भोजन और प्रसाद उपलब्ध कराया गया। लंबे सफर के दौरान स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से जूझने वाले शिवभक्तों के लिए चिकित्सा सहायता की व्यवस्था भी की गई। वहीं, थके हुए कांवड़ियों के आराम के लिए शिविर में विश्राम स्थल बनाया गया, जहां श्रद्धालु कुछ समय रुककर आराम कर सके। शिविर में आने वाले कांवड़ियों का ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने श्रद्धा और सेवा भाव के साथ स्वागत किया। ट्रस्ट के चेयरमैन एवं प्रधान बाबू लाल गुप्ता ने शिवभक्तों की सेवा को भगवान शिव की आराधना का ही एक स्वरूप बताया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है और इसी भावना



के साथ शिविर में व्यवस्थाएं की गईं। ट्रस्ट के महासचिव संजय गुप्ता ने शिविर की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग दिया। सचिव दुली चंद ने भी सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए शिवभक्तों की सुविधाओं का ध्यान रखा। सह-सचिव रमेश कुमार ने शिविर में आने वाले कांवड़ियों की सेवा और आवश्यक व्यवस्थाओं में योगदान दिया। संगठन मंत्री पं. त्रिलोक चंद शर्मा ने भी शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मिलकर शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा को प्राथमिकता दी। शिविर के माध्यम से ब्रह्म कोटी चैरिटेबल ट्रस्ट ने नर सेवा-नारायण सेवा की भावना को सार्थक करने का प्रयास किया। पूरे आयोजन के दौरान शिव भक्तों में उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा तथा ह्यहर हर महादेव के जयकारों से आनंद पर्वत क्षेत्र भक्तिमय नजर आया।

कांवड़ियों ने भी शिविर में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के लिए आयोजकों का आभार जताया।बाबू लाल गुप्ता,संजय गुप्ता,मनोज अग्रवाल,दुली चंद,रमेश कुमार और पं. त्रिलोक चंद शर्मा सहित ट्रस्ट के समस्त कार्यकताओं एवं सहयोगियों ने सात दिनों तक लगातार सेवा कार्यों में योगदान दिया।

# स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालयों में शान से फहराये राष्ट्रीय ध्वजः बीएसए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद में संचालित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिये हैं,कि स्वतंत्रता दिवस पर फटा,फटा राष्ट्रीय

**राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने पर होगी कार्रवाई**

ध्वज नहीं फहराये। झंडा फहराने से पूर्व उसकी पूर्ण तरीके से जांच कर लें। राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

आपको बता दें कि राष्ट्रीय पर्वों स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर स्कूल कालेजों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता हैं। करीब 14 वर्ष पूर्व तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने ही कार्यालय पर उलटा राष्ट्रद्वीय ध्वज फहराया उसका अपमान किया था।

2014 में गणतंत्र दिवस पर पिलखुवा क्षेत्र में प्रधानाध्यापक द्वारा फटा हुआ





राष्ट्रीय ध्वजा फहराकर उसका अपमान किया था। जिस पर ग्राम प्रधान द्वारा प्रधानाध्यापक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। पूर्व में भी स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले प्रकाश में आये हैं।

उक्त घटनाओं को ध्यानार्थ रखते हुए बीएसए दीपा भाटी ने सभी विद्यालयों प्रधानाध्यापकों को सख्त निर्देश दिये हैं। कि स्वतंत्रता दिवस पर स्कूलों में कटा,फटा,उल्टा राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया जायें। अन्यथा की स्थिति में प्रधानाध्यापक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कि आजादी की वर्षगांठ पर बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बतायें।

# आश्वासन पर फिलहाल धरना स्थगित, न्याय नहीं मिला तो फिर होगा आंदोलन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** तीन अगस्त को गौ-तस्करी के संदेह में दीपा कश्यप, उसकी मां और उनकी परिचित रेनू शर्मा के साथ कथित मारपीट के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रभावी कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को थाने के बाहर शुरू हुआ अनिश्चितकालीन धरना प्रशासन के आश्वासन के बाद फिलहाल स्थगित कर दिया गया। आंदोलनकारियों ने साफ कहा कि धरना स्थगित हुआ है लेकिन संघर्ष समाप्त नहीं हुआ है। मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर दोबारा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई।

दरअसल तीन अगस्त की घटना के बाद से ही मामले में कार्रवाई को लेकर पीड़ित पक्ष और



कश्यप समाज के लोगों में रोष है। गुरुवार को धरने में शहरवासियों के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, सभासद, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और कश्यप समाज के लोग पहुंचे। भीड़ बढ़ने पर प्रशासन ने आंदोलनकारियों के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया। थाने में करीब आधे घंटे चली वार्ता में आंदोलनकारियों ने पुलिस की अब तक की कार्रवाई पर सवाल उठाए। कांग्रेस पीसीसी सदस्य सुनील शर्मा तथा वरिष्ठ सपा नेता सुरेंद्र त्यागी ने महिलाओं के साथ कथित मारपीट और अभद्रता के मामले में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतने की मांग की। उन्होंने अंग-भंग से संबंधित धाराओं, आईटी एक्ट और बीएनएस की धारा 129 समेत मामले में लागू सभी उचित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की मांग रखी।

आंदोलनकारियों ने पुलिस पर राजनीतिक दबाव में काम करने की आशंका जताते हुए पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। प्रशासन की ओर से मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद धरना स्थगित किया गया। सपा नेता देवव्रत धामा ने कहा कि आश्वासन पर धरना रोका गया है। यदि वादे के अनुरूप कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन फिर शुरू किया जाएगा।

# डेंगू सिर्फ मानसून की बीमारी नहीं: हाई-राइज सोसायटी और निर्माण स्थल बन रहे मच्छरों के नए ठिकाने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुरुग्राम (सज्जाद बाकर)।** डेंगू को अक्सर सिर्फ मानसून के मौसम में होने वाली बीमारी माना जाता है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अब यह सोच सही नहीं है। तेजी से बढ़ता शहरीकरण, ऊंची इमारतें, जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्य और पानी के सही प्रबंधन की कमी के कारण शहरों में मच्छरों के पनपने की नई जगहें बन रही हैं। ऊंची मंजिलों पर रहने वाले बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी डेंगू से पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर थोड़ी मात्रा में जमा साफ पानी में भी पनप सकता है और ऊपरी मंजिलों तक पहुंच सकता है। डॉ. मनीष बालदे*, वरिष्ठ



नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, मदरहुड हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम और डॉ. प्रीति अग्रवाल*, मेडिकल डायरेक्टर, ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, मदरहुड हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम ने जानकारी दी

डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलती है।

डॉ. मनीष बालदे, वरिष्ठ नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, मदरहुड हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम ने कहा, बच्चों में डेंगू का खतरा ज्यादा चिंता का विषय है क्योंकि वे हमेशा अपने लक्षणों को ठीक से बता नहीं पाते। माता-पिता को यह नहीं मानना चाहिए कि दसवीं या पंद्रहवीं मंजिल पर रहने से परिवार मच्छरों से सुरक्षित है। डॉ. प्रीति अग्रवाल*, मेडिकल डायरेक्टर, ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, मदरहुड हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम, ने कहा, ह्लगर्भवती महिलाओं को डेंगू के मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि डेंगू के कारण शरीर में पानी की कमी, ब्लीडिंग जैसी समस्याएं और समय से पहले प्रसव का खतरा बढ़ सकता है। गंभीर मामलों में इसका असर मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। हाई-राइज अपार्टमेंट में रहने वाली महिलाओं को भी यह नहीं मानना चाहिए कि वे मच्छरों से सुरक्षित हैं।

# आकाशवाणी के रंगभवन में गूंजी भारत की गौरवगाथा, विजय यात्रा–तस्वीर भारत की ने जगाया राष्ट्रप्रेम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी दिल्ली के रंगभवन सभागार में विशेष कार्यक्रम विजय यात्रा–तस्वीर भारत की का भव्य आयोजन किया गया।

आकाशवाणी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, गीत एवं नाटक प्रभाग की संयुक्त प्रस्तुति में भारत के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण की प्रेरक यात्रा को ध्वनि, प्रकाश, संगीत और अभिनय के प्रभावशाली समन्वय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के प्रधान महानिदेशक योगेश कुमार बावेजा, केंद्रीय संचार ब्यूरो की महानिदेशक कंचन प्रसाद, आकाशवाणी के



महानिदेशक राजीव कुमार जैन, आकाशवाणी दिल्ली के उपमहानिदेशक जितेंद्र पुरुथी, गीत एवं नाटक प्रभाग की उपनिदेशक डॉ. संतोष आशीष, आकाशवाणी दिल्ली की कार्यक्रम प्रमुख मनीषा जैन तथा सहायक निदेशक प्रमोद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो के कलाकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। अमन के हम रखवाले हैं, तिरंगे को समर्पित समूहगान तथा ह्यहमारी शान, हमारी जान, एक वरदान, एक अभिमान जैसे गीतों ने खचाखच भरे सभागार में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का उत्साह भर दिया।

कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षण ध्वनि एवं प्रकाश आधारित प्रस्तुति रही, जिसमें त्रेता युग से लेकर आधुनिक भारत तक की गौरवगाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। भारतीय सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता संग्राम, वीर सेनानियों के बलिदान और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को संगीत, प्रकाश, ध्वनि एवं दृश्य प्रभावों के सुंदर समन्वय से दशार्या गया। स्वतंत्रता आंदोलन की घटनाओं को मंच पर साकार करते हुए मंगल पांडे और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के चरित्रों का प्रभावशाली अभिनय विशेष रूप से सराहा गया। कलाकारों ने स्वतंत्रता संघर्ष से लेकर आधुनिक भारत की विकास यात्रा तक की कहानी को इस तरह प्रस्तुत किया कि दर्शक भावनात्मक रूप से उससे जुड़ते चले गए।रंगभवन सभागार में आकाशवाणी, दूरदर्शन और केंद्रीय संचार ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, कलाकार तथा आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। ध्वनि, प्रकाश, संगीत और अभिनय के शानदार संयोजन ने कार्यक्रम को मनोरंजक होने के साथ-साथ देश के गौरवशाली अतीत और उज्वल वर्तमान से जोड़ने वाला प्रेरणादायी आयोजन बना दिया।

# डिंपल यादव का भाजपा पर हमला, कहा- अयोध्या में आस्था के साथ हुआ विश्वासघात, चढ़ावा चोरी और जमीन घोटाले का मुद्दा जनता तक पहुंचा

**लखनऊ (आरएनएस )।** मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने भाजपा सरकार पर अयोध्या में लोगों की आस्था और विश्वास के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर में चढ़ावे की चोरी और जमीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़े



कथित घोटाले का मुद्दा अब जन-जन तक पहुंच चुका है और लोग इससे आहत हैं।डिंपल यादव ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर में वर्षों से चढ़ावा चोरी होने की बात सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग इस मामले को छिपाते रहे, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को सामने लाया, जिसके बाद चढ़ावे से जुड़ी कथित अनियमितताओं का मामला चर्चा में आया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में जमीनों की खरीद-फरोख्त और कथित घोटाले का मुद्दा भी उठाया था, लेकिन भाजपा सरकार पूरे मामले में लीपापोती करती रही।

# रंग दे बसंती से युवाओं ने दिखाया उत्तर प्रदेश का बदलाव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस से पहले उत्तर प्रदेश में युवाओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया गया। इसके लिए 'रंग दे बसंती' अभियान प्रारंभ किया गया। इस अभियान के तहत बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के पास आयोजित ग्रैफिटी वॉल कार्यक्रम युवाओं और कलाकारों के रचनात्मक प्रदर्शन का केंद्र बना। यहां शहर के कलाकारों ने माफियामुक्त और बदलते उत्तर प्रदेश को विषय बनाकर सार्वजनिक भित्ति चित्रों की पेंटिंग की। इन चित्रों के माध्यम से वर्ष 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश और इसके बाद उत्तर प्रदेश में आए बदलाव को प्रदर्शित किया।

**लाइव पेंटिंग के जरिये दिखाया बदलाव**

दीवार पर कलाकारों ने अपने रंगों और कल्पनाशीलता के जरिए प्रदेश में कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और युवाओं के लिए बदले सकारात्मक माहौल को चित्रों में उकेरा। युवा चित्रकार मनीष सरोज की पेंटिंग ने 2017 से पहले माफिया राज से कराहते उत्तर प्रदेश का दर्द बयां किया तो अब बदलाव की सकारात्मक तस्वीर भी दिखाई।

**युवाओं ने इंफ्रास्ट्रक्चर और बदलाव को बनाया विषय**

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र रंजीत ने कहा कि रंग दे बसंती मंच के माध्यम से युवाओं की ओर से प्रदेश में हुए बदलाव का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भित्ति चित्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, मेट्रो, सड़कों और सुरक्षा जैसे विषयों को शामिल किया गया है। रंजीत ने बताया कि आज प्रदेश में मेट्रो का विस्तार, सड़कों की स्थिति में सुधार हुआ है और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के जरिए युवाओं की कोशिश है कि वे रंगों और कला के माध्यम से लोगों को बदले हुए उत्तर प्रदेश की तस्वीर दिखाएं।

**युवाओं से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील**

अभियान में शामिल छात्र अमन शुक्ला ने युवाओं से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि छात्रों/युवाओं को अपनी समस्याओं और मुद्दों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन प्रदर्शन की आड़ में हिंसा, दंगा या उपद्रव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रंग दे बसंती के जरिए देश और प्रदेश को यह संदेश देने का प्रयास है कि विरोध और अभिव्यक्ति के लिए रचनात्मक माध्यमों का इस्तेमाल किया जा सकता है। युवाओं की आवाज को संवाद, कला और संगीत के जरिए सामने लाया जा सकता है।

**बंदूक की जगह ब्रश, डर की जगह डायलॉग**

कलाकारों ने दीवारों को केवल चित्रकारी का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद और युवाओं की अभिव्यक्ति का मंच बनाया है। रंग दे बसंती थीम पर आधारित यह अभियान 11 से 14 अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित हो रहा है। कविता, कला, संगीत, संवाद और डिजिटल अभिव्यक्ति के जरिए युवा अपनी आवाज सामने रख रहे हैं। 'बंदूक की जगह ब्रश, डर की जगह डायलॉग' की अवधारणा अभियान की मूल भावना है। इसका उद्देश्य युवाओं

- **लखनऊ में ग्रैफिटी वॉल पर उकेरी नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर**
- **बंदूक की जगह ब्रश, डर की जगह डायलॉग, रंगों से युवाओं ने दिया भयमुक्त और रचनात्मक यूपी का संदेश**

को भय और दबाव से दूर सकारात्मक, शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीके से अपनी बात रखने के लिए प्रेरित करना है। स्वतंत्रता दिवस से पहले यह



अभियान नई सोच और सकारात्मक संदेश दे रहा है।

**मुजफ्फरनगर में कॉमिक और संवाद कार्यक्रम होगा**

अभियान के तहत 13 अगस्त को मुजफ्फरनगर में कॉमिक वितरण और संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सांप्रदायिक सद्भाव पर आधारित मूल कॉमिक का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूलों में युवाओं के साथ संवाद भी होंगे। 14 अगस्त को रंग दे बसंती अभियान का गीत 'डर से आजादी' लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही रैप, संगीत और डिजिटल कला का समागम होगा।

# 2027 की तैयारी में जुटी सपा,मऊरानीपुर की पीडीए जन पंचायत में कार्यकर्ताओ में भरा जोश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ/झांसी।** सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव रामबाबू सुदर्शन ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे ह्यसंविधान बचाओ, पीडीए जन पंचायत अभियान के तहत मऊरानीपुर में जन पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष वृजेन्द्र सिंह भोजला की अध्यक्षता तथा जिला महासचिव राधे लाल बौद्ध के संचालन में संपन्न हुआ। जन पंचायत में बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से पूरी ताकत के



साथ जनता के बीच पहुंचने की जरूरत है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की।

मिठाई लाल भारती ने दावा किया कि जिस तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन किया, उसी तरह 2027 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी प्रदेश में अपना परचम लहराएगी।

विशिष्ट अतिथि किशनी के सपा विधायक बृजेश कठेरिया ने कहा कि भाजपा सरकार से जनता त्रस्त है और भाजपा को सत्ता से बाहर करना समाजहित में जरूरी है।इस अवसर पर डॉ. रघुवीर चौधरी, प्रो. एच.डी. भारती, पूर्व मंत्री अजय सूद, पूर्व विधायक सतीश जतारिया, सचिन वर्मा, डॉ. रमणीक कुमार, शिवम अहिरवार, मनीषा करोसिया, सुशील कुरैसिया, मीरा रैकवार, राकेश श्रीवास, राम आधार एडवोकेट, मलखान चौधरी, हेमन्त अहिरवार, रीतिका पार्थ, रिंकू चौधरी, सीमा श्रीवास्तव, किरन यादव, जूही खान, शैलजा तिवारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**समस्या** | अधिशासी अधिकारी इंदरपाल सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में है

# आवारा कुत्तों से परेशान मोहल्लेवासी, बदबू से भी जीना हुआ दुश्वार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** नगर के मुंशी नगर स्थित धोबी घाट क्षेत्र में दो आवारा कुत्तों ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मोहल्लेवासियों के अनुसार दोनों कुत्ते पिछले कई दिनों से क्षेत्र में घूम रहे हैं और आए दिन आपस में भिड़ते रहते हैं। लड़ाई के दौरान दोनों कुत्ते घायल हो चुके हैं, जिसके चलते आसपास दुर्गंध फैल रही है। लोगों का कहना है कि बदबू के कारण



घरों के आसपास रहना भी मुश्किल हो रहा है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक कुत्तों के अचानक लड़ने से राहगीरों में भी दहशत रहती है। बच्चों और बुजुर्गों को रास्ते से निकलते समय विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। कई बार कुत्ते लोगों के पीछे दौड़ पड़ते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका से दोनों कुत्तों को पकड़वाकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

अधिशासी अधिकारी इंदरपाल सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में है। संबंधित कर्मचारियों को मौके पर भेजकर स्थिति का निरीक्षण कराया जाएगा। आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा को देखते हुए शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।


मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267